आज का तापमान
| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 27°C | 14°C |

इनसाइड न्यूज
अपने साथ दूसरों की मदद को भी आगे आएः एडीजी
उत्तर प्रदेश पेजः 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



रविवार 24 नवंबर, 2024 / पेजः 12 / मूल्यः ₹ 3.00/- लखनऊ वर्षः 16, अंकः 43 www.janexpresslive.com/epaper

मोदी बोले, महाराष्ट्र ने कुर्सी फर्स्ट को... 12

# उपचुनाव में खिला कमल, साइकिल की निकली हवा

## ● विधानसभा की नौ सीटों में सपा करहल और सीसामऊ सीट ही जीत सकी ● भाजपा को छह और सहयोगी दल रालोद ने जीती एक सीट

जन एक्सप्रेस। संतोष कुमार दीक्षित



राज्य मुख्यालय। प्रदेश में नौ सीटों पर हुए उपचुनाव में बीजेपी ने साइकिल की हवा निकाल दी है। भारतीय जनता पार्टी ने इतिहास रचते हुए 31 साल बाद मुस्लिम बाहुल्य सीट कुंदरकी में जीत दर्ज की है वहीं करीब 33 साल के बाद कटेहरी में भी कमल खिला है। एनडीए गठबंधन ने सात सीटों पर जीत दर्ज की हैं। भाजपा ने छह और सहयोगी दल रालोद ने एक सीट पर जीती है। सपा का गढ़ रही मैनपुरी की करहल और सीसामऊ सीट पर ही साइकिल दौड़ सकी। हालांकि यहां भी सपा की जीत का अंतर बेहद कम रहा।

### कुंदरकी में 31 साल बाद खिला कमल, साइकिल पंक्चर

मुरादाबाद की विधानसभा सीट कुंदरकी पर जीत दर्ज कर भाजपा ने इतिहास रच दिया है। मुस्लिम बाहुल्य इस सीट पर 31 साल के बाद कमल खिला है। यहां के प्रत्याशी रामवीर सिंह ठाकुर ने 000000 91 हजार वोटों के बड़े अंतर से समाजवादी पार्टी के मोहम्मद रिजवान को हराया है। यहां सपा प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गई है। मुख्य विपक्षी दल अपनी हार को पचा नहीं पा रही है और सपा के नेता चुनाव में धांधली का आरोप लगा रहे हैं।

### गाजियाबाद में सबसे कम वोटिंग में भी भाजपा की बड़ी जीत

उपचुनाव के दौरान गाजियाबाद में सबसे कम वोटिंग हुई थी। जिसे लेकर तमाम तरह के कयास लगाए जा रहे थे। हालांकि जीत के साथ ही सारे समीकरण ध्वस्त हो गए। यहां भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा ने 70 हजार से अधिक वोटों से सपा उम्मीदर राज जाटव को करारी शिकस्त दी है। संजीव शर्मा को 96,878 मत मिले जबकि सपा प्रत्याशी को 27174 मत मिले। तीसरे नंबर पर बसपा के प्रत्याशी पीएन गर्ग रहे, जिन्हें 10729 मत हासिल हुए।

### मीरापुर सीट पर रालोद की जीत

मुजफ्फरनगर की करीब 40 फीसदी मुस्लिम मतदाताओं वाली मीरापुर विधानसभा सीट पर एनडीए गठबंधन की जीत हुई है। यहां से आरएलडी की मिथलेश पाल ने जीत दर्ज की है। उनके सामने सपा की सुम्बुल राणा मैदान में थीं। यहां बताना जरूरी है कि मीरापुर वही सीट है जहां दरोगा के पिस्टल लहराने के वीडियो सामने आए थे। जिस पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। साल 2022 के चुनाव में मीरापुर सीट पर आरएलडी के चंदन चौहान ने जीते थे।

### मंझवा में भी भाजपा की जीत

मिर्जापुर की मझवा सीट पर उपचुनाव में बीजेपी प्रत्याशी सुचिस्मिता ने सपा प्रत्याशी ज्योति बिंद को हराया है। उपचुनाव में यहां 50.41 प्रतिशत मतदान हुआ था। कम वोटिंग के चलते सभी दलों की धड़कनें बढ़ी हुईं थी। मतदान प्रतिशत घटने से सियासी लड़ाई भी दिलचस्प थी। हालंकि भाजपा की रणनीति के आगे विपक्षी दल ढेर हो गए और आखिरकार कमल खिल गया।

### करहल में फूफा पर भारी पड़े भतीजे

मैनपुरी की करहल सीट को सपा का गढ़ माना जाता है। यहां फूफा-भतीजे के बीच जोरदार टक्कर हुई। पहले राउंड से ही तेज प्रताप यादव बढ़त बनाए हुए थे और आखिर तक बनाए रहे। सबसे हॉट मानी जा रही इस सीट को जीतना तेज प्रताप के लिए आसान नहीं था क्योंकि भाजपा ने यहां से अनुजेश यादव को मैदान में उतारा था, जो तेज प्रताप के फूफा हैं। इस सीट पर सपा उम्मीदवार तेज प्रताप सिंह यादव ने 14725 वोटों से जीत हासिल कर ली है उन्हें 10,4304 वोट मिले । जबकि बीजेपी के अनुजेश प्रताप यादव 89579 वोटों के साथ दूसरे नंबर पर रहे। बसपा के अविनाश कुमार शाक्य को 8409 वोट मिले।

### सपा के गढ़ में फेल हुआ भाजपा का हर दांव

उपचुनाव में करहल सीट पर सपा ने दबदबा कायम रखा। सपा के गढ़ को ढहाने के लिए भाजपा ने हर जतन किया, लेकिन सारी कोशिशें नाकाम साबित हुईं। साल 1993 से अब तक इस सीट पर सपा को केवल 2002 में हार का सामना करन पड़ा था। साल 2022 में सपा मुखिया अखिलेश यादव यहीं से चुनाव लड़कर विधायक बने थे। अखिलेश यादव के इस्तीफे के बाद उपचुनाव में यहां से भतीजे तेजप्रताप यादव प्रत्याशी थे।

### खैर सीट पर भाजपा की हैट्रिक

अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने जीत की हैट्रिक लगाई है। यहां से बीजेपी के सुरेंद्र दिलेर ने 38,251 हजार से अधिक के बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। उन्होंने समाजवादी पार्टी प्रत्याशी चारू कैन को हराया है। चारू कैन साल 2022 में बसपा के टिकट पर चुनावी मैदान में थी और उस दौरान भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। सुरेंद्र दिलेर को 99,929 वोट मिले, जबकि समाजवादी पार्टी प्रत्याशी को चारू कैन को 61,788 वोट हासिल हुए हैं।

### कटेहरी में 33 साल बाद बीजेपी की जीत

अम्बेडकरनगर की कटेहरी विधानसभा सीट पर पर 33 साल बाद बीजेपी ने जीत दर्ज की है। भाजपा के धर्मराज निषाद ने सपा प्रत्याशी शोभावती वर्मा को 34 हजार वोटों से शिकस्त दी है। साल 2022 के चुनाव में यहां बीजेपी टॉप तीन पार्टियों में भी शामिल नहीं थी। सपा के लालजी वर्मा जीते थे उन्हें 93524 वोट मिले थे। दूसरे नंबर पर 85828 वोटों के साथ निषाद पार्टी के अवधेश कुमार रहे थे। बसपा के प्रतीप पाडेय को यहां 58482 वोट मिले थे।

### सीसामऊ में सपा जीती नसीम सोलंकी

साल 2012 में परिसीमन के तहत अस्तित्व में आई सीसामऊ सीट पर सपा का कब्जा बरकरार है। यहां से इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी ने 8629 वोटों से जीत दर्ज की है। काउंटिंग के दौरान कई बार ऐसा मौका आया जब भाजपा के सुरेश अवस्थी ने नसीम सोलंकी पर बढ़त बनाई, लेकिन राउंड बढ़ने के साथ ही अवस्थी की उम्मीदें टूटती गईं। नसीम सोलंकी को 69,666 वोट मिले। वहीं बीजेपी प्रत्याशी सुरेश अवस्थी करे 61,037 वोट हासिल हुए।

### फूलपुर में खिला कमल

किसी जमाने में कांग्रेस का गढ़ रही फूलपुर सीट पर अब बीजेपी का कब्जा हो गया है। इस जीत के साथ ही बीजेपी ने प्रदेश की राजनीति में एक नया अध्याय लिख दिया है। भाजपा के दीपक पटेल ने 11305 वोटों से सपा के मुस्तफा को हराया है।

## सीएम योगी बोले, मोदी की नीति, नीयत और निर्णय पर जनता को विश्वास, फिर दोहराया 'बटेंगे तो कटेंगे'

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



यूपी उपचुनाव में मिली जीत के बाद भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। सीएम योगी आदित्यनाथ कुछ देर में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इससे पहले भाजपा कार्यालय में पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य व उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सीएम का स्वागत किया। सीएम योगी ने कहा कि नौ में से सात सीटों पर जीत का श्रेय पीएम मोदी को जाता है। पीएम पर लोगों को अटूट विश्वास है। ये जीत उसी का प्रमाण है। हम सब जनता का आभार व्यक्त करते हैं। सपा और इंडी की लूट और झूठ की राजनीति की समाप्ति की शुरुआत का ये परिणाम है।

### मोदी की नीति, नीयत और निर्णय पर जनता को विश्वास

कहा कि जो जनादेश महाराष्ट्र में मिला, ये राम और राष्ट्र के आराधक नए भारत की जीत है। आंबेडकर का अपमान करने वालों की पराजय है। आज फिर से स्पष्ट हुआ है कि देश की जनता को मोदी की नीति, नीयत और निर्णय पर अटूट विश्वास है। तुष्टिकरण और सांप्रदायिकता के शॉर्टकट से सरकार बनाने का सपना देख रहे इंडी गठबंधन की ये पराजय है।

### सीसामाऊ के चुनाव को रद्द कराना चाहती थी सपा

यूपी उपचुनाव के बारे में सपा ने मतदान के दिन से जो प्रलाप किया, उस पर जनता ने जो जवाब दिया है, कुंदरकी उसका उदाहरण है। सपा की जमानत जब्त होने वाली है। सपा सीसामाऊ के चुनाव को रद्द कराना चाहती थी। अब सिर्फ आठ हजार से जीत पाए हैं। करहल में सपा सिर्फ 14 हजार वोट से जीती है। जो केशव मौर्य ने कहा है उस ओर हम बढ़ रहे हैं।

### बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे


सीएम ने दोहराया बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। ये देश की जनता ने माना है। कुंदरकी पर कहा कि राष्ट्रवाद, जड़ और मूल की जीत सबको अपना गोत्र याद आया। अपनी जीत याद आती है।

इससे पहले सीएम योगी ने सोशल मीडिया अकाउंट %एक्स% पर पोस्ट किया। लिखा कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा उपचुनावों में भाजपा-एनडीए की विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन पर जनता-जनार्दन के अटूट विश्वास की मुहर है। ये जीत डबल इंजन सरकार की सुरक्षा-सुशासन एवं जन-कल्याणकारी नीतियों तथा समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का सफल है।

### विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई

मुख्यमंत्री ने लिखा कि उत्तर प्रदेश के सुशासन और विकास को अपना मत देने वाले उत्तर प्रदेश के सम्मानित मतदाताओं का आभार। सभी विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई। उन्होंने एक बार फिर सचेत किया कि बटेंगे तो कटेंगे। एक रहेंगे-सेफ रहेंगे।

> एक साथ होकर हम और भी ज्यादा ऊंची उड़ान भरेंगे। महाराष्ट्र के भाइयों और बहनों, विशेषकर राज्य के युवा और महिलाओं का एनडीए की ऐतिहासिक जीत के लिए आभार व्यक्त करता हूं। मैं लोगों को आश्वासन देता हूं कि हमारा गठबंधन महाराष्ट्र की प्रगति के लिए काम करता रहेगा।
>
> -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री




## सीएम योगी आदित्यनाथ को डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने भेंट की अपनी पुस्तकें

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने अपनी दो पुस्तकें भेंट की। इनमें वैदिक कालीन राज्य व्यवस्था, सुशासन के श्रेष्ठतम उदाहरण राम राज्य से लेकर वर्तमान काल के लोक कल्याणकारी शासन प्रशासन का विश्लेषण किया गया है। राम राज्य सुशासन की सर्वश्रेष्ठ शाश्वत व्यवस्था है। इससे प्रेरणा लेकर आज भी सुशासन पर अमल संभव है। भारत लोकतंत्र की जननी है। वैदिक काल में सभा समिति से ही संसदीय व्यवस्था का प्रदर्भाव हुआ था।



## जीत के जश्न में डूबे भाजपाई

### सीएम धामी का रोड शो, बोले, जनता ने विकास पर लगाई मुहर

जन एक्सप्रेस। देहरादून

केदारनाथ विधानसभा सीट पर मिली जीत से सीएम धामी के साथ ही पार्टी कार्यकर्ता भी गदगद है। कार्यकर्ताओं ने जहां जश्न मनाना शुरू किया वहीं सीएम धामी ने रोड शो कर जनता का आभार व्यक्त किया। सीएम ने कहा कि नकारात्मकता को झटका देकर जनता ने विकास पर मुहर लगाई है। केदारनाथ उपचुनाव में प्रचंड जीत के बाद देहरादून में आयोजित विजयी रैली में सीएम धामी शामिल हुए। भाजपा आशा नौटियाल केदारनाथ के इतिहास में सबसे अधिक वोट पाने वाली प्रत्याशी बन गई है। आशा नौटियाल की जीत पर सीएम धामी ने कहा कि जनता से अपना प्रत्याशी चुन लिया है। सीएम ने कहा कि अब चुनावों में मतदाता नकारात्मक प्रचार के बजाय काम करने वाली सरकारों को दोबारा जनादेश देने से हिचकते नहीं है। शनिवार को घोषित केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव परिणाम में भी यही देखने को मिला, केदारनाथ की जनता ने पवित्र धाम और यात्रा को लेकर किए गए कांग्रेस के नकारात्मक प्रचार को नकारते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विकास कार्यों पर मुहर लगाई है।

## धूमधाम से मनाई जाएगी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ, इस दिन होगी बैठक, बनेगी रूपरेखा



जन एक्सप्रेस। अयोध्या

यूपी के अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों और न्यासियों की महत्वपूर्ण बैठक 25 नवंबर को मणिराम छावनी में दोपहर तीन बजे होगी। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास महाराज करेंगे। बैठक में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के वर्षगांठ समारोह की तैयारियों पर चर्चा होगी। इस दौरान ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र, कोषाध्यक्ष गोविंददेव गिरी, शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती महाराज, जगद्गुरु मध्वाचार्य विश्वप्रसन्नतीर्थ, डा. अनिल मिश्र, विमलेंद्र मोहन मिश्र, केंद्र, राज्य सरकार के प्रतिनिधि और डीएम सहित अन्य सदस्यों के शामिल होने की संभावना है।

### जन सुविधाओं पर भी मंथन होगा

इससे पहले ट्रस्ट की बैठक अगस्त माह में हुई थी। इसमें मंदिर निर्माण के आय व्यय पर व्यापक चर्चा हुई थी। इस बार की बैठक में मंदिर के द्वितीय तल की अद्यतन स्थिति के साथ ही परकोटा निर्माण, ट्रस्ट की ओर से दर्शनार्थियों को दी जाने वाली जन सुविधाओं पर भी मंथन होगा।

## शाहजहांपुर में हाईवे पर सीएनजी सिलिंडर लदे ट्रक में लगी आग, धमाकों से दहला इलाका

जन एक्सप्रेस। शाहजहांपुर



शाहजहांपुर में जलालाबाद और कांट के बीच पुरैना गांव के पास स्टेट हाईवे पर शनिवार करीब साढ़े छह बजे सीएनजी सिलिंडर लदे ट्रक में अचानक आग लग गई। धमाके होने से इलाके में दहशत फैल गई। हाईवे के बीचोंबीच खड़ा ट्रक कुछ ही पलों में आग का गोला बन गया। लपटें देखकर दोनों वाहनों के पहिये थम गए। बताया गया कि चालक और क्लीनर ट्रक से कूदकर फरार हो गए हैं। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है।

### सिलिंडर से लीक हुई थी गैस

जानकारी के मुताबिक शाहजहांपुर से सीएनजी सिलिंडर लदा ट्रक जलालाबाद की ओर जा रहा था। राहगीरों ने बताया कि पुरैना गांव के पास ट्रक में रखे सिलिंडर से तेजी से गैस निकलने लगी। इसकी जानकारी होने पर चालक ने ट्रक रोक दिया। चालक और क्लीनर ट्रक से कूदकर भाग गए। कुछ ही देर में ट्रक आग का गोला बन गया। लगातार छह सात धमाके हुए, जिससे दहशत फैल गई।

### दमकल ने आग बुझाई

सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल यूनिट मौके पर पहुंच गई। दमकल ने ट्रक में लगी आग को बुझाया। घटना से करीब एक घंटे तक हाईवे पर जाम लगा रहा है। दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गईं। धमाकों की आवाज सुनकर आसपास के गांवों के लोग भी सहम गए। जब वे मौके पर पहुंचे तो घटना का पता चला। पुलिस ने ट्रक को हाईवे से हटवाया। पूरी तरह आग बुझने के बाद यातायात सुचारू हो सका।

## वाहन मालिकों के लिए नया नियमः दिल्ली में ईंधन के प्रकार की पहचान के लिए लगाना होगा स्टीकर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली की सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों को अब अपने वाहन पर ईंधन के प्रकार की पहचान के लिए स्टीकर लगाना होगा। इसके लिए परिवहन विभाग की ओर से नोटिस जारी किया गया है। अधिकारियों ने बताया दिल्ली में वाहन मालिकों को अब क्रोमियम-आधारित होलोग्राम स्टिकर लगाना अनिवार्य होगा। स्टिकर, जांच के दौरान वाहन के ईंधन के प्रकार को पहचानने में मदद करेगा। यह नियम एक अप्रैल, 2019 से खरीदे गए नए वाहनों और 31 मार्च, 2019 से पहले पंजीकृत पुराने वाहनों दोनों पर लागू होगा। वाहन की विंड स्क्रीन पर स्टीकर चिपकाना होगा।

# उपचुनाव में दिखा, यूपी में योगी फैक्टर का सिक्का डंके की चोट पर चल रहा

## लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा को जो झटका लगा उसमें टिकट देने में मुख्यमंत्री योगी को नजरअंदाज किया जाना प्रमुख कारण रहा

- इस बार उपचुनाव सीधे तौर पर सीएम योगी की देखरेख में हुआ, परिणाम यह रहा की भाजपा ने पिछले चुनाव में सपा की जीती हुई सीट भी छीन लीं
- भाजपा के लिए यह खुशनुमा पल जरूर है, पर अब असली लड़ाई 2027 में होने वाला विधानसभा चुनाव है
- भाजपा और सरकार दोनों को संभलकर और जनता को साथ लेकर चलना होगा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



यूपी विधानसभा उपचुनाव के परिणामों ने स्पष्ट कर दिया कि प्रदेश में योगी फैक्टर का सिक्का डंके की चोट पर चल रहा है। लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा को जो झटका लगा उसमें टिकट देने में मुख्यमंत्री योगी को नजरअंदाज किया जाना प्रमुख कारण रहा। इस बार उपचुनाव सीधे तौर पर सीएम योगी की देखरेख में हुआ। परिणाम यह रहा की भाजपा ने पिछले चुनाव में सपा की जीती हुई सीट भी छीन ली। भाजपा के लिए यह खुशनुमा पल जरूर है, पर अब असली लड़ाई 2027 में होने वाला विधानसभा चुनाव है। इसलिए पार्टी और सरकार दोनों को संभलकर और जनता को साथ लेकर चलना होगा। भाजपा इस उपचुनाव में सपा से सीधे तौर पर कटेहरी और कुंदरकी सीट छीनने में सफल हो गई। पिछले विधानसभा चुनाव (2022) में सीसामऊ, कटेहरी, करहल और कुंदरकी सीट पर सपा ने जीत हासिल की थी, जबकि भाजपा ने फूलपुर, गाजियाबाद, मझवां और खैर सीट पर कब्जा जमाया था। मीरापुर सीट राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के पास थी, जो अब भाजपा की सहयोगी है। वहीं समाजवादी पार्टी को करहल और सीसामऊ जीतकर ही संतोष करना पड़ा है।

### चुनाव आयोग ने निष्पक्षता का पूरा ख्याल रखा

चुनाव आयोग के मुताबिक, मीरापुर में 57.1 प्रतिशत, कुंदरकी में 57.7 प्रतिशत, गाजियाबाद में 33.3 प्रतिशत, खैर में 46.3 प्रतिशत, करहल में 54.1 प्रतिशत, सीसामऊ में 49.1 प्रतिशत, फूलपुर में 43.4 प्रतिशत, कटेहरी में 56.9 प्रतिशत और मझवां में 50.4 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए 50 प्रतिशत से अधिक मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई थी।

### योगी ने राह में कांटे बिछाने वाले प्रदेश और केंद्र के कुछ बड़े नेताओं को स्पष्ट संदेश दे दिया

उपचुनाव में भाजपा की इस जीत का श्रेय सीएम योगी को जाता है। योगी ने बखूबी खुद को भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के सामने न सिर्फ स्थापित किया है बल्कि उनकी राह में कांटे बिछाने वाले प्रदेश और केंद्र के कुछ बड़े नेताओं को स्पष्ट संदेश दे दिया है कि फिलहाल प्रदेश में उनका कोई विकल्प नहीं है। यही कारण है कि योगी अपनी कार्यशैली में अनावश्यक हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करते। जब-जब उन्हें फ्री हैंड मिलता है वह पार्टी को विजयश्री दिलाते हैं।

### कांग्रेस मैदान में थी ही नहीं, बसपा का खाता भी नहीं खुला

यूपी उपचुनाव में सीधा मुकाबला भाजपा और समाजवादी पार्टी के बीच था। सपा ने कांग्रेस को एक भी सीट नहीं दी। इस उपचुनाव में भाजपा ने 8 और उसकी सहयोगी रालोद एक सीट पर चुनाव लड़ा। वहीं, सपा, कांग्रेस के समर्थन से सभी नौ सीटों पर मैदान में उतरी। हालांकि, ये गठबंधन कम और कांग्रेस की मजबूरी ज्यादा था। वो अखिलेश यादव को नाराज करने का रिस्क नहीं लेना चाहती थी और अखिलेश कांग्रेस को एक भी सीट देना नहीं चाहते थे। बसपा भी सभी नौ सीटों पर लड़ी, लेकिन उसका खाता भी नहीं खुला।

# 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाला मतदाता छूटने न पाएः अमित कुमार श्रीवास्तव

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



**राजापुर।** मतदाता सूची के पुनरीक्षण महाअभियान के अवसर पर उत्तर प्रदेश के वित्तीय सलाहकार एवं वित्त नियंत्रक अमित कुमार श्रीवास्तव ने मतदान केंद्र तुलसी इंटर कालेज, राज्यकीय बालिका इंटर कॉलेज व कंपोजिट विद्यालय में पहुंचकर बीएलओ से ताजी जानकारी लेते हुये शत प्रतिशत 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाताओं का नाम जोड़ने के आदेश दिए हैं साथ में अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम व उपजिलाधिकारी प्रमोद झा तथा तीनों मतदेय स्थल के सुपरवाइजर सदर लेखपाल प्रदीप तिवारी साथ में मौजूद रहे।

अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अपने अपने बूथों में 80 वर्ष के ऊपर आयु पूर्ण करने व दिव्यांग तथा विशिष्ट मतदाताओं को चिन्हित करे और डोर टू डोर जाकर ग्रहस्वामियों से मोबाइल नम्बर लेकर छूटे हुए मतदाताओं के फार्म नम्बर 6 भराकर मतदाता सूची में सम्मिलित कराएं जिससे शत प्रतिशत मतदान हो सके और निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप कोई भी 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाला मतदाता छूट न सके उन्होंने उपजिलाधिकारी प्रमोद झा सहित समस्त बीएलओ को निर्देशित किया हैं कि निर्वाचन का कार्य निष्ठा तथा कर्तव्यता के साथ कार्य करने की आवश्यकता हैं जिससे मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़ाया जा सके और लोकतंत्र को मजबूत किया जा सके राज्यकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या पार्वती देवी व तुलसी इंटर कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य विजय नायक को निर्देशित किया हैं कि कालेजों में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले छात्र छात्राओं को बीएलओ की मदद लेते हुए फार्म 6 भराकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने के निर्देश दिए हैं।

इस मौके पर बीएलओ मोहम्मद आरिफ, उषा जायसवाल, स्नेहलता, वर्षा देवी, पूनम केसरवानी मतदान केंद्रों में मौजूद रहें।

# पारिवारिक ग्रह कलह के चलते महिला ने की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



राजापुर। राजापुर नगर पंचायत के विस्तारित क्षेत्र वार्ड नंबर 13 रामनगर की एक अधेड़ महिला ने पारिवारिक विवाद के चलते बीते दिन शुक्रवार शाम लगभग 4 बजे पक्के कमरे के अंदर पंखे में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। नगर पंचायत राजापुर के विस्तारित क्षेत्र वार्ड नंबर 13 रामनगर की महिला मोना पाण्डेय 45वर्ष पत्नी नरोत्तम पाण्डेय ने शुक्रवार की शाम 4 बजे सुनसान घर देखकर अपने पक्के कमरे में लगे पंखे पर अपनी ही साड़ी का फंदा बनाकर झूल गई जिससे मौके पर ही मौत हो गई ।

सूत्रों के हवाले से ज्ञात हुआ हैं कि मृतिका के पति नरोत्तम पाण्डेय व पुत्र दुर्गेश पाण्डेय गुजरात के अहमदाबाद में रहकर काम करते हैं और काफी दिनों से घर न आने पर रोजी रोटी में काफी दिक्कतें हो रही थी और पारिवारिक विवादों से तंग आकर आत्महत्या कर लिया हैं। मृतिका के परिजन ने जब कमरे में देखा कि मोना पाण्डेय पंखे पर फांसी लगाकर लटक रही थी तब परिजनों के द्वारा राजापुर थाना प्रभारी को सूचना दी गई जिसपर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पंचनामा कर शव विच्छेदन हेतु जिला चिकित्सालय कर्वी भेज दिया है। मृतिका के दो पुत्री गुड़िया, रानू तथा एक पुत्र दुर्गेश हैं जिनका रो रो कर बुरा हाल हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित मुकदमों की नहीं होती अपील- जिला जज



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

आगामी 14 दिसंबर को होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा बैठक शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने ली। जिसमें उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों को सुलह-समझौते के आधार पर अधिक से अधिक मुकदमों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जनपद न्यायालय में हुई समीक्षा बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने कहा कि आगामी 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए लगभग एक लाख नोटिस और सम्मन जारी किए गए हैं। जिन्हें युद्ध स्तर पर तामील कराया जाए। कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य सुलह-समझौते के आधार पर अधिक से अधिक मुकदमों का निस्तारण करना है। जिससे वादकारियों का धन और समय न्यायालय के चक्कर लगाने में बर्बाद न हो। लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित मुकदमों की कहीं अपील नहीं होती है। साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए निरंतर प्री-ट्रायल बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारियों और बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जा रही है। इस मौके अपर जिला जज अनुराग कुरील, राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी राममणि पाठक, एडीजे नीरज श्रीवास्तव, अपर जिला जज नीरज कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव व अपर जिला जज नीलू मैनवाल आदि मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने किया जनपद स्तरीय स्काउट गाइड़ रैली का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



श्रम एवं सेवा योजना विभाग के राज्यमंत्रीध्प्रभारी मंत्री मनोहर लाल उर्फ मन्नू कोरी की अध्यक्षता में जिला स्पोर्टस स्टेडियम सोनपुर में समेकित शिक्षा के तहत निःशुल्क उपकरण वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जलाकर हुआ। साथ ही मंत्री ने ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में आयोजित 24वीं जनपदीय स्काउट गाइड़ रैली का उद्घाटन किया।

शनिवार को प्रभारी मंत्री मन्नू कोरी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रता सूची के आधार पर मिलना चाहिए। कहा कि जो अभी नहीं आये हैं, उन्हें बाद में बांटा जायेगा। जिन गरीब, मजदूर, किसान परिवार को लाभ नहीं मिल रहा है, उसको लाभ दिया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री इन समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। कहा कि परेशान न हो, जिले में शिविर लगेंगे। उन्होंने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष से कहा कि इन कार्यक्रमों में सहयोग करते रहें, कोई कोताही नहीं बरतें।

उन्होंने डीएम को कहा कि पूरी व्यवस्था से मौजूद रहकर कार्यक्रम को सफल बनायें। कार्य करने वाले जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से जिले का विकास होगा। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने प्रभारी मंत्री व अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों का आभार जताया। इस मौके पर मंत्री व जनप्रतिनिधियों ने चार बडी ट्राई साइकिल, 24 छोटी ट्राई साइकिल, 33 व्हीलचेयर प्लस, नौ सीपी चेयर, आठ क्रच एक्जिला, 16 क्रच एल्बो, 15 रोलेटर, नौ ब्रेल किट, तीन टीएलएम किट, 32 हिंमेरिंग एड, 17 एएफओ प्लस केएफओ, इस प्रकार 116 बच्चों को कुल 170 उपकरण बांटे गये। प्रभारी मंत्री ने दिव्यांग बच्चों को माला पहनाकर मिठाई खिलाई। इस मौके पर डीएम शिवशरणप्पा जीएन, एसपी अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, मऊध् मानिकपुर विधायक प्रतिनिधि रवि त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी श्रीमती प्रियंका यादव आदि मौजूद रहे।

इसके बाद प्रभारी मंत्री ने ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में मार्च पास्ट की सलामी लेकर और कबूतर उड़ाने के बाद आयोजित 24वीं स्काउट गाइड़ रैली का शुभारंभ किया।

प्रबंधक शिवलाल सिंह राजपूत व प्रधानाचार्य छोटेलाल ने मंत्री का स्वागत किया।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद भैंरों प्रसाद मिश्रा, डॉ रणवीर सिंह चौहान, सीताराम सिंह, जेपी राजपूत, जेएम सिंह, प्रसन्न कुमार त्रिपाठी, राजेश सिंह, राकेश प्रताप सिंह, रुद्र नारायण पाण्डेय, शारदा प्रसाद गुप्ता, भैंरों प्रसाद, सत्येन्द्र सिंह, श्यामसुंदर चंदेल, सुरेश सिंह, कमला साहू, शिवप्रताप सिंह व मइयादीन पटेल आदि मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनी समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

शासन की मंशानुसार जन समस्याओं के जल्द निस्तारण को माह के चतुर्थ शनिवार को जिले के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। डीएम शिवशरणप्पा जीएन व एसपी अरुण कुमार सिंह ने थाना रैपुरा में पहुंचकर जन समस्याओं को सुनकर गुणवत्ता से निस्तारण को निर्देश दिये।

शनिवार को थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने कहा कि भूमि विवाद, नाली, चकरोड, सरकारी भूमि, तालाब, अवैध अतिक्रमण के ममालों को राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण करें। लेखपाल व कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित मिली तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही होगी। जिलाधिकारी ने अगरहुण्डा के मुन्नीलाल पुत्र स्व छोटा, चकगौर से रामशरण पुत्र नत्थू से दूरभाष पर वार्ताकर निस्तारण का फीडबैक लिया। कहा कि शासन स्तर से समीक्षा व फीडबैक लिया जाता है। शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता से होनी चाहिए नहीं संबंधित के खिलाफ कार्रवाई होगी। डीएम ने निस्तारण रजिस्टर देखा। पुलिस समाधान दिवस में आये अगरहुण्डा से पपीता परदेसी, लोधौरा बरेठी से जयप्रकाश, अजय कुमार, बबलू कुमार की समस्या को मौके पर निस्तारण कराया। एसपी ने कहा कि महिला सम्बन्धित समस्या मौके पर जाकर प्राथमिकता से निस्तारित करायें। कहा कि उप्र पुलिस पूरे भारत वर्ष का प्रथम राज्य पुलिस बल है। जिसे उसके अप्रतिम योगदान को 23 नवंबर 1952 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री ने पुलिस ध्वज दिया था। इसी के तहत पुलिस अधीक्षक ने जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी को झंडे का स्टीकर लगाया। थाना समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा समेत कानूनगो व लेखपाल मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी ने लालापुर बाल्मीकि आश्रम का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने लालापुर स्थित बाल्मीकि आश्रम के सुन्दरीकरण का निरीक्षण किया। शनिवार को डीएम ने कार्यदायी संस्था वन विभाग को निर्देश दिये कि जो दीवाले रेनोवेट नहीं है, उसकी पेंटिंग कराकर पौराणिक व टूरिज्म के स्लोगन लिखवाये। उन्होंने थाना प्रभारी रैपुरा को निर्देश दिये कि जो दुकान रोड पर लगी है, उसे तत्काल हटवायें। मेन गेट पर लगे नल को साइड में शिफ्ट कराने को कहा। गेट पर प्रवेश द्वार की फर्श को फिनिशिंग करायें। कहा कि जो रोड पर रैंप बने हैं, उस पर बेंच व किनारे डस्टबिन लगवायें। डीएम ने कार्यदाई संस्था को निर्देश दिये कि जो कार्य हो रहे हैं, उसे शासन की मंशानुसार गुणवत्ता से करायें। किसी प्रकार की लापरवाही होने पर कार्रवाई होगी। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, उप प्रभागीय वनाधिकारी राजीव रंजन सिंह, प्रधान बगरेही समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मजबूत इच्छाशक्ति से होगा विकास का मार्ग प्रशस्त- उप मुख्यमंत्री

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



दीनदयाल शोध संस्थान में 22 से 24 नवंबर तक चौथे अंतर्राष्ट्रीय सतत विकास के लक्ष्य को त्रिदिवसीय अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ शुक्रवार को दीनदयाल परिसर के विवेकानंद सभागार में मप्र उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, मप्र महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, तेलंगाना के विशेष मुख्य सचिव अरविंद कुमार, सांसद सतना गणेश सिंह, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, डॉ लोकेश शर्मा, प्रो भरत मिश्रा, डॉ वीके जैन, जिंप अध्यक्ष अशोक जाटव, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, अनुजा ताई, संगठन सचिव अभय महाजन ने नानाजी देशमुख के चित्र पर दीप जलाकर किया।

शुभारम्भ पर मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो संदेश से कार्यक्रम में आये देश-विदेश के सभी लोगों का अभिनन्दन कर सेमिनार की सफलता को शुभकामनायें दी। मप्र उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि देश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। आजादी की 100वीं वर्षगांठ पर देश विश्व की पहली अर्थव्यवस्था बन जायेगी और सम्पूर्ण विश्व का नेतृत्व करेंगे। संस्कृति व सभ्यता का संरक्षण करना आवश्यक है, तभी विकास होगा। लैंगिक समानता के बिना उन्नति का मार्ग नही निकलता। जहां चाह-वहां राह, मजबूत इच्छाशक्ति से विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। सभी के सामूहिक प्रयास से देश विश्व गुरु बनेगा। मप्र शासन के स्वच्छ एवं किफायती ऊर्जा तक पहुंच को कार्यो का रोडमैप की जानकारी दी गई। 2030 तक ऊर्जा के कुल उपयोग के पचास प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में सकारात्मक प्रयत्न किया जा रहा है।

मप्र की केबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि नानाजी देशमुख ने व्यक्तिगत जीवन की जगह सामाजिक जीवन को प्राथमिकता दी। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज को समर्पित किया। लैंगिक समानता के बिना समाज सशक्त व समृद्ध नहीं हो सकता। सतना सांसद गणेश सिंह ने कहा कि नानाजी देशमुख ने दीनदयाल शोध संस्थान से स्थानीय स्तर पर मौजूद संसाधनों के आधार पर ग्रामीण विकास का जो मॉडल पेश किया, वे आज अनुकरणीय है। जो ग्रामीणों को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बना रहा है। डॉ लोकेश शर्मा ने पॉवर पॉइंट से एसडीजी-5 के तहत मप्र शासन लैंगिक समानता, एसडीजी-7 स्वच्छ व ऊर्जा तक सभी की पहुंच को पिछले दो दशकों में उठाये ठोस कदमों व उससे प्राप्त परिणामों पर चर्चा की।

# एक्सप्रेस खबरें...

## कोलौंहा में हुई हत्या का नामजद आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राजकमल की देखरेख में थाना भरतकूप पुलिस ने कोलौंहा गांव में हुई हत्या के नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया। ज्ञात है कि 21 नवम्बर को ओमप्रकाश पुत्र हजारीलाल कोलौंहा ने भरतकूप थाने में सूचना दी कि 20 नवम्बर की रात आठ बजे भाई किशोरीलाल पुत्र हजारीलाल को सर्वेश यादव खेरिया मोटरबाइक से बघेलावारी गया था। फिर उसे शराब पिलाई, शराब के नशे में उसका गला दबाकर हत्या कर दी। सर्वेश यादव पुत्र रामनरेश यादव व सोनू पाण्डेय पुत्र सुदामा पाण्डेय दोनों ने मिलकर भाई को मारने की साजिश की। घटना बाबत भरतकूप थाने में हत्या का मामला दर्ज हुआ। आरोपियों की गिरफ्तारी को 22 नवम्बर को मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष भरतकूप की टीम ने खेरिहा मोड़ से सवेरे छह बजे सर्वेश यादव पुत्र रामनरेश यादव खेरिया थाना फतेहगंज बांदा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सर्वेश ने पूंछताछ में बताया कि मृतक किशोरीलाल पहले बाहर रहता था। किशोरीलाल को उसके दुकान में उठने-बैठने व उसकी पत्नी से बातचीत करने को लेकर आपत्ति थी। इसे लेकर दोनों के बीच गाली-गलौज व मारपीट हुई। मारपीट दौरान किशोरीलाल की गर्दन पर पैर रख दिया। इससे उसकी मृत्यु हो गयी। टीम में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण सिंह, सिपाही सतीश यादव, सिपाही चालक संदीप राजपूत शामिल रहे।

## घरेलू कलह से तंग महिला ने की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट।** राजापुर थाना क्षेत्र के पाण्डेय पुरवा में शुक्रवार की देर शाम मोना पांडेय (47) पत्नी नरोत्तम पांडे ने घरेलू झगड़ों से तंग आकरघर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनकी छोटी बेटी घर में मौजूद थी। मोना पांडेय के पति व बेटा अहमदाबाद में काम करते हैं। मोना छोटी बेटी के साथ गांव में रहती थी। आत्महत्या की ये घटना शुक्रवार को सात बजे हुई। बताया गया कि मोना ने अपने कमरे में जाकर दुपट्टे से फांसी लगा ली। बेटी ने मां को इस हालत में देखा तो उसने अन्य परिजनों व पुलिस को सूचना दी। सूचना पर राजापुर पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। शनिवार को दोपहर एक बजे शव का पोस्टमार्टम हुआ। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या का कारण घरेलू कलह है। परिजनों से पूंछताछ की जा रही है। घटना के बाद ग्रामीण महिला की आत्महत्या के कारणों पर चर्चा कर रहे हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने कहा कि जांच के बाद मामले की सच्चाई सामने आएगी।

## घर में फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली के सर्राफा बाजार मोहल्ले में बीती रात बलराम कसौधन (47) ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ज्ञात है कि बलराम कसौंधन रैपुरा में जनरल स्टोर चलाते थे। रोज की भांति शुक्रवार की रात साढे नौ बजे दुकान बंद कर घर लौटे थे। खाना खाने के बाद वे ऊपर कमरे में सोने चले गये। बाकी घर वाले नीचे थे। कुछ देर बाद परिजनों ने ऊपर जाकर देखा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से झांकने पर देखा तो बलराम फांसी के फंदे से लटके थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से नीचे उतारा। शव का पोस्टमार्टम शनिवार को जिला मुख्यालय में हुआ। परिजनों ने बलराम ने आत्महत्या के कारणों से अनभिज्ञता जताई है। कहा कि उनका व्यवहार सामान्य था। ऐसा कदम उठाने के कोई संकेत नहीं थे। कर्वी कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। स्थानीय लोग घटना को चौंकाने वाली बता रहे हैं। पुलिस जांच रही है कि कहीं इसके पीछे कोई पारिवारिक विवाद या आर्थिक तंगी तो नहीं थी। बलराम को जानने वाले लोग उन्हें एक शांत व मिलनसार व्यक्ति बताये। पुलिस की जांच के बाद घटना के असली कारण सामने आयेंगे।

## पुलिस झण्डा दिवस पर एसपी ने किया ध्वजारोहण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट।** पुलिस बलों के अप्रतिम शौर्य व अटूट कर्तव्य निष्ठा के प्रतीक पुलिस झण्डा दिवस पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में ध्वजारोहण कर पुलिस ध्वज को सलामी दी। ध्वजारोहण बाद शांति स्थापना को सक्रिय पुलिस के सभी जवानों को पुलिस झण्डा दिवस की शुभकामनायें देते हुये पुलिस महानिदेशक के संदेश को पढ़कर सुनाया। इस मौके पर सीओ लाइन राजेश द्विवेदी, सीओ प्रशिक्षु फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन शिवनारायण, प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना श्रीप्रकाश यादव, प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह व अधिकारीध्कर्मचारी मौजूद रहे। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने ध्वजारोहण कर पुलिस ध्वज को सलामी दी। वहीं सीओ मऊ यामीन अहमद ने थाना मानिकपुर में ध्वजारोहण किया। जिले के सभी थानाध्चौकी प्रभारियों ने अपने-अपने थानाध्चौकी में ध्वजारोहण कर पुलिस ध्वज को सलामी दी। ध्वजारोहण बाद तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को पुलिस महानिदेशक के संदेश को पढ़कर सुनाया।

## किराना व्यापारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस । उरई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया पटेल नगर में किराना व्यापारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शहर के मोहल्ला नया पटेल नगर निवासी अरुण कुशवाहा 42 वर्ष कोंच बस स्टैंड के पास ही घर में किराने के दुकान किए हैं। शुक्रवार की सुबह उन्होंने रोज की तरह दुकान खोली और शाम तक दुकान पर ही रहा। इसके बाद वह घर पहुंचा और किन्हीं कारणों के चलते कमरे में जाकर फांसी का फंदा गले में डालकर खुदकुशी कर ली। घटना के बाद जब बच्चे खेलते हुए उसके कमरे में गए तो उन्होंने पिता को फांसी के फंदे पर लटका देखा तो वह रोते हुए बाहर आए और मां शशि को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पत्नी कमरे में गई और चीखे चिल्लाने लगी। मामले की खबर उसके भाई रामबाबू व पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांचकर घर के अन्य सदस्यों व मुहल्ले के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी। लेकिन काफी खोजबीन के बाद भी खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल सका है। मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने कहा कि इंस्पेक्टर को भेजकर शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना को लेकर हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल की जा रही है।

# स्पा मसाज सेंटर पर पुलिस ने जड़ा ताला, संचालक की तलाश शुरू



**छापेमारी के दौरान मौके पर मिली चार युवतियां, पूछताछ के बाद सभी को भेजा गया वन स्टाप सेंटर**

**जन एक्सप्रेस । उरई**

अवैध तरीके से संचालित हो रहे स्पा मसाज सेंटर पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने शुक्रवार की रात छापेमारी कर दी। इस दौरान मौके पर चार युवतियां मिली जबकि संचालक मौके से भाग गया। मौके पर मिली लड़कियों द्वारा सही नाम पता न बताने पर उन्हें वन स्टाफ सेंटर भेज दिया गया और स्पा मसाज सेंटर को सील कर दिया गया। शुक्रवार की रात को किसी ने पुलिस को सूचना दी कि कोच बस स्टैंड पर स्पा मसाज सेंटर में कई लड़कियां रुकी हुई हैं। सूचना के बाद तुरंत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने सीओ उमेश कुमार पांडेय को सूचना दी थी। इसके बाद छापेमारी की गई तो सेंटर संचालिक मौके पर नहीं मिला, जबकि सेंटर में मसाज के लिए कई कक्ष बनाए गए थे। जहां पर युवतियां आने वाले महिला व पुरुषों की मसाज करने का काम करती थी। पुलिस ने जब युवतियों से पूछताछ की तो उन्होंने सही जानकारी नहीं दी। जिसमें एक झांसी, एक लखनऊ व दो दिल्ली की थी। सही नाम पता न चलने पर पुलिस ने चारों युवतियों को वन स्टाप सेंटर भेज दिया है। इसके साथ ही प्रभारी सिटी मजिस्ट्रेट मनोज कुमार सिंह व सीओ ने सेंटर को सील कर दिया। कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी ने कहा कि स्पा सेंटर को सीज कर दिया गया है। संचालक की अभी सही जानकारी नहीं हो पाई है। जो नंबर बाहर लिखा हुआ था वह किसी फरमान सलमानी के नाम से है। फोन लगाने वह फोन रिसीव नहीं हुआ है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## लूट के आरोपी को हुई सात वर्ष की सजा

**जन एक्सप्रेस । उरई।** न्यायाधीश ने लूट के मामले में दोष सिद्ध होने पर दोषी को सात साल की सजा सुनाई। साथ ही पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया। जुर्माना अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। शासकीय अधिवक्ता हिरदेश पांडे ने बताया कि कदौरा थाना क्षेत्र के कानाखेड़ा निवासी कुंती देवी ने कालपी कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि 24 अप्रैल 2017 को वह अपने पति के साथ कांसीराम व उसके गांव के भारत के साथ पैसा निकालने इलाहाबाद बैंक कस्बा कालपी गई थी। बैंक से एक लाख रुपये निकालकर उसके पति ने बेग में रखकर कंदे पर टांग लिया। हम तीनों लोग पैदल आलमपुर बाईपास के पास वन विभाग के सामने पहुंचे तभी पीछे से मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग आए और पीछे बैठे व्यक्ति ने झपट्टा मारकर मेरे पति का बैग लेकर उरई की तरफ भाग गए। जो व्यक्ति मोटरसाइकिल चला रहा था, वह सफेद रंग की शर्ट पहने था। पीछे बैठा व्यक्ति हरे रंग की शर्ट पहने था। उसके बताया कि सामने आने पर उन्हें पहचान सकती है। बैग में पैसे पासबुक जरूरी कागज थे। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ लुट की रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना में शुरू की गई तो विवेचना में योगेश कुमार दोहरे का नाम प्रकाश में आया। जिस पर पुलिस ने योगेश कुमार दोहरे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले की चारशीट पुलिस ने कोर्ट में दाखिल कर दी थी।

# अनियंत्रित होकर बम्बा किनारे पलटा ट्रैक्टर, दबकर किसान की मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

सिरसा कलार थाना क्षेत्र में सड़क पर पानी लगाने के लिए बिछाई गई पाइप लाइन के ब्रेकर के कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर बम्बे में पलट गया। जिससे ट्रैक्टर पर सवार किसान की दबकर मौत हो गई। जबकि उसके दूसरे साथी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़गुवां निवासी कल्याण सिंह सेंगर 23 वर्ष पुत्र रामबहादुर सिंह शुक्रवार की सुबह ट्रैक्टर से धान बेचने के लिए जालौन मंडी आए थे। उनके साथ गांव का ही मजदूर राजेन्द्र दोहरे 36 वर्ष पुत्र सियाचरण भी आया हुआ था। मंडी में धान बेचकर दोनों शाम करीब सात बजे ट्रैक्टर से वापस अपने गांव लौट रहे थे। तभी ग्राम बिरहरा बम्बा के पास खेत में पानी लगाने के लिए किसानों ने सड़क पर पाइप लाइन डाली थी और पाइप सुरक्षित करने के लिए उस पर मिट्टी डालकर ब्रेकर बना दिया था। ट्रैक्टर चला रहे कल्याण सिंह ने जब अचानक से ब्रेकर देखा तो वह हड़बड़ा गया और ब्रेक लगाने पर ट्रैक्टर बेकाबू होकर सड़क से उतरकर बम्बा किनारे पलट गया। जिससे ट्रैक्टर पर बैठे कल्याण सिंह व राजेंद्र ट्रैक्टर के नीचे दब गए। घटना से राहगीरों में हड़कंप मच गया और उन्होंने सूचना उनके परिजनों को दी। खबर मिलते ही परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने ट्रेक्टर के नीचे दबे दोनों लोगों को बाहर निकाला और उपचार के लिए सीएचसी ले गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद डॉक्टरों ने राजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## डीएम-एसपी नें थाना समाधान दिवस मे सुनी फरियाद

**जन एक्सप्रेस । उरई।** थाना समाधान दिवस पर डीएम और एसपी ने कोतवाली सदर में पहुंचकर जन सुनवाई की। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। शनिवार को थाना दिवस में जिलाधिकारी राजेश कुमार द्वारा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए तथा मौके पर जाकर जांचोपरान्त शिकायत का समाधान किया जाये। जिलाधिकारी द्वारा थाना समाधान दिवस के रजिस्टर में दर्ज शिकायतों की निस्तारण जांच आख्या की समीक्षा भी की गयी और लंबित सभी प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। थाना दिवस के दौरान संबंधित को निर्देशित करते हुए डीएम ने कहा कि ग्रामों में चौपाल व गोष्ठियों का आयोजन कर लोगों की

## ध्वजारोहण के साथ मनाया गया पुलिस झंडा दिवस, खाकी के त्याग और बलिदान को किया गया याद



**जन एक्सप्रेस । उरई।** शहर के पुलिस लाइन में शनिवार को झंडा दिवस मनाया गया। एसपी ने झंडारोहण कर सभी को झंडा दिवस के बारे में बताया। शहर के पुलिस लाइन में शनिवार को झंडा दिवस कार्यक्रम मनाया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार रहे। पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन उरई में ध्वजारोहण कर उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगणों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1952 से पुलिस झंडा दिवस आज ही के दिन मनाया जाता है। इससे हमारे पुलिस कर्मियों के त्याग और बलिदान को भी याद किया जाता है। इसके बाद एसपी ने पुलिस महानिदेशक के संदेश को पढ़कर सुनाया। कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया। अंत में एएसपी प्रदीप कुमार बर्मा ने एसपी को झंडा लगाया। जबकि एसपी ने एएसपी प्रदीप कुमार, सीओ सदर उमेश कुमार, सीओ राम सिंह, सीओ अवधेश कुमार, सीओ देवेंद्र पचौरी के अलावा कई निरीक्षको को झंडा लगाया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक पारसनाथ चौधरी समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



**मणिपुर हिंसा: 7 जिलों में लगा इंटरनेट बैन और...**

मणिपुर सरकार ने 7 जिलों में मोबाइल इंटरनेट सर्विस पर लगी रोक को दो दिन के लिए और बढ़ाया गया। इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, बिष्णुपुर, थौबल, चुराचांदपुर और कांगपोकपी जिलों में 16 नवंबर को पहले दो दिन के लिए इंटरनेट सर्विस बैन की गई थी। पढ़ें पेज 12 पर...

# सीएम योगी के आह्वान पर कटेहरी व कुंदरकी के मतदाता भी हो गए एक

- कटेहरी में तीन दशक बाद खिला कमल, सीएम योगी की बदौलत उपचुनाव में भाजपा की दो सीटें बढ़ीं
- कुंदरकी में भी विकास की जीत, रामवीर सिंह ने उपचुनाव में दर्ज की सबसे बड़ी जीत
- योगी के नेतृत्व में उपचुनाव में दोनों विधानसभा सीटों पर भाजपा की शानदार जीत



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। सीएम योगी का यह संदेश पूरे देश में चर्चा का केंद्र रहा। इसने विकास पसंद हर किसी के दिल में जगह बना ली। यही कारण रहा कि कुंदरकी और कटेहरी में दशकों बाद कमल खिला और इस जीत के नायक बने योगी आदित्यनाथ। कुंदरकी से योगी के सिपाही रामवीर सिंह ने तो समाजवादी पार्टी को चारों खाने चित कर दिया। उपचुनाव में कुंदरकी की जीत सबसे बड़ी रही। यहं भाजपा ने 144791 स्रवोट से जीत हासिल की। वहीं कटेहरी में भी तीन दशक बाद धर्म का राज हुआ और धर्मराज यहां से विधायक चुने गए। यहां के विकास कार्यों का असर यह हुआ कि तीन दशक बाद कटेहरी में कमल खिला। धर्मराज निषाद ने इस सीट से 34514 वोट से जीत हासिल की।

### 2024 उपचुनाव में कटेहरी में धर्म का राज

तीन दशक बाद 2024 में भारतीय जनता पार्टी ने कटेहरी सीट अपने नाम की। यहां से भाजपा उम्मीदवार धर्मराज निषाद ने 104091 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। सपा उम्मीदवार शोभावती वर्मा को 69577 वोट मिले। यह सीट धर्मराज निषाद ने 34514 वोट से भाजपा को दिलाई। धर्मराज निषाद को ईवीएम के 103856 व पोस्टल बैलेट के 235 वोट मिले। उन्हें 45.57 फीसदी वोट मिले। शोभावती वर्मा को 30.46 वोट मिले। उन्हें ईवीएम के 69459 व पोस्टल बैलेट के 118 वोट मिले। इसके पहले 1991 में यह सीट भारतीय जनता पार्टी ने जीती थी। धर्मराज निषाद के पक्ष में सीएम योगी ने कई रैलियों को भी संबोधित किया था।

### 2022 में कुंदरकी में सपा ने हासिल किए थे 1,25,792 वोट

2022 में कुंदरकी से समाजवादी पार्टी ने जिया उर रहमान 1,25,465 वोट ईवीएम से मिले थे। पोस्ट बैलेट से 327 यानी कुल 1,25,792 वोट मिले। बर्क ने कुल 46.28 फीसदी वोट प्राप्त किए। भारतीय जनता पार्टी ने यहां से कमल कुमार को टिकट दिया था। कमल ने 2022 में ईवीएम से 82467 व पोस्टल बैलेट से 163 मत हासिल कर कुल 82630 वोट प्राप्त किए। उन्हें 30.4 फीसदी वोट मिले थे।

### 2024 उपचुनाव में कुंदरकी में रामवीर को एकतरफा जीत

कुंदरकी में रामवीर को एकतरफा जीत मिली। 36 राउंड तक की मतगणना में रामवीर सिंह ने एक लाख 70 हजार 371 मत प्राप्त किए, जबकि सपा उम्मीदवार मो. रिजवान महज 25580 वोट ही हासिल कर सके। रामवीर ने रिजवान को एक लाख, 44 हजार 791 वोट के अंतर से पराजित किया। रामवीर सिंह को 76 फीसदी से अधिक वोट मिले। वहीं समाजवादी पार्टी को महज 11.52 फीसदी वोट ही मिल सके।

### 2022 में कटेहरी में सपा ने 92808 से दर्ज की थी जीत

2022 विधानसभा के आमचुनाव में समाजवादी पार्टी ने कटेहरी में 93524 वोट से जीत दर्ज की थी। इसमें सपा प्रत्याशी लालजी वर्मा ने ईवीएम से 92808 वोट हासिल किए थे। पोस्टल बैलेट से लालजी वर्मा को 716 वोट मिले थे। इस सीट पर भाजपा गठबंधन की निषाद पार्टी चुनाव मैदान में थी। यहां से अवधेश कुमार 85548 वोट पाए थे। पोस्टल बैलेट से इन्हें 280 यानी कुल 85828 वोट मिले थे। लालजी वर्मा को 37.78 व निषाद पार्टी के प्रत्याशी को 34.67 फीसदी वोट मिले थे। बसपा के प्रतीक पांडेय को 58485 वोट (23.62फीसदी) प्राप्त हुए थे।

# टीएस मिश्रा विश्वविद्यालय द्वारा निशुल्क विधिक सहायता शिविर आयोजित

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



टीएस मिश्रा विश्वविद्यालय ने हरौनी, सरोजिनी नगर, लखनऊ के गांव में पहला विधिक सहायता शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया, इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना और निःशुल्क विधिक परामर्श प्रदान करना था। साथ ही, विधि के छात्रों को ग्राहक परामर्श और वास्तविक विवाद समाधान का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। शिविर का शुभारंभ टीएस मिश्रा विश्वविद्यालय के विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर (डॉ.) सी.पी. सिंह के उद्घाटन भाषण से हुआ, उन्होंने कहा, ÷टीएस मिश्रा विश्वविद्यालय न केवल उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए भी प्रयासरत है, यह विधिक सहायता शिविर हमारी सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सके और उन्हें न्याय पाने में सहायता प्रदान की जा सके। गांव के प्रधान ने भी शिविर के महत्व पर जोर दिया और ग्रामीणों से कहा कि वे अपनी समस्याओं को बेझिझक साझा करें। उन्होंने टीएस मिश्रा विश्वविद्यालय की टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर ग्रामीणों के लिए बेहद लाभकारी होते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एड. आयुष प्रताप सिंह, जो इलाहाबाद उच्च न्यायालय (लखनऊ पीठ) के अधिवक्ता हैं, ने ग्रामीण विवादों के समाधान के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्रामीण इलाकों में प्रचलित विवादों जैसे भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, श्रम और वेतन विवाद, तथा सरकारी योजनाओं से जुड़े मुद्दों पर बात की। उन्होंने यह भी वचन दिया कि अगर कोई ग्रामीण टीएस मिश्रा विश्वविद्यालय के माध्यम से उनके पास आता है, तो वे उन्हें निःशुल्क विधिक परामर्श देंगे। शिविर में डॉ. शिप्रा मिश्रा के निर्देशन में छात्रों ने एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं और उनके समाधान के लिए कानून का महत्व बताया गया, यह नाटक ग्रामीणों के बीच काफी लोकप्रिय रहा और इसे सराहा गया। प्रोफ़ेसर यूएन. तिवारी ने कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। उन्होंने कहा, यह विधिक सहायता शिविर हमारे सामाजिक उत्तरदायित्व का एक हिस्सा है, जिसे हम भविष्य में और बड़े स्तर पर जारी रखेंगे। कार्यक्रम के अंत में, विधिक टीम ने गांव के स्कूल का दौरा किया और बच्चों को 112 (पुलिस सहायता) और 1098 (बाल हेल्पलाइन) जैसे आपातकालीन नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया और उन्हें कड़ी मेहनत कर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। चांसलर श्री सतीश चंद्र मिश्र एवं प्रो चांसलर श्री कपिल मिश्र ने शिविर के सफ़ल आयोजन के लिए विभाग को बधाई दी और भविष्य में ऐसी ही शिविर आयोजित होते रहें, ऐसी कामना के साथ सभी छात्र छात्राओं तथा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

# अपने साथ दूसरों की मदद को भी आगे आए: एडीजी



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

प्रदेश के करोड़ों नागरिकों को यूपी 112 की विभिन्न सेवाओं के बारे में जागरूक करने के लिए एक पहल अभियान के अंतर्गत संवाद श्रृंखला-3 का आयोजन शनिवार को हुआ। यूपी 112 मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों और विभिन्न व्यापार से जुड़े व्यापारियों , स्वयंसेवी संस्था, आरडब्ल्यूए, सुरक्षा एजेंसीज आदि के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीजी 112 नीरा रावत ने नागरिकों से आह्वान किया कि अपने साथ साथ दूसरों की मदद के लिए आगे आएं और आपात सहायता के लिए यूपी 112 मिलाएं।सजग नागरिक, सुरक्षित प्रदेश कार्यक्रम का शुभारम्भ अपर पुलिस अधीक्षक मोहिनी पाठक द्वारा 'एक पहल' के उद्देश्य को बताते हुए विभिन्न संगठनों व एसोसिएशन से आये हुए 400 पदाधिकारियों का स्वागत किया 7 112 की सेवाओं से जागरूक करते हुए प्रदेश के विभिन्न संगठनों तक यह बात पहुंचाते हुए सजग नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया । कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को 112 की सेवाओं से जागरूक करते हुए सजग शहरी बनाना है। इस मौके पर व्यापारियों को बताया गया कि भीड़भाड़ वाले स्थानों, बाजार, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर कहीं भी कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखे तो उसे अनदेखा न करें, इसकी जानकारी तत्काल यूपी 112 को दें। आप का एक छोटा सा प्रयास किसी बड़ी घटना को रोकने में सहायक होगा। यूपी 112 ऐसे जागरूक नागरिकों को समय समय पर सम्मानित भी करता है।यूपी-112 पर कॉल कर के सिर्फ पुलिस सहायता ही नहीं बल्कि आग लगने, दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा, ट्रेन में भी आपात स्थिति में सहायता प्राप्त कर सकते है। यूपी- 112 का फायर, एम्बुलेंस, एसडीआरएफ, जीआरपी सहित विभिन्न सरकारी एजेंसियों के साथ एकीकरण के बाद नागरिकों के लिए मदद का दायरा और बढ़ गया है। इस अवसर पर व्यापारियों को लिंक योजना की जानकारी दी गई कि कैसे बड़े औद्योगिक संस्थान, कंपनियां लिंक योजना से जुड़कर आपात स्थिति मे सहायता प्राप्त कर सकते है। अपर पुलिस महानिदेशक यूपी 112 नीरा रावत ने बताया कि सहायता के लिए कॉल करने वाले नागरिक का नाम, पता, फोन नंबर सहित सभी जानकारी गुप्त रखी जाती है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि अपने साथ साथ दूसरों की मदद के लिए बेझिझक आगे आएं और यूपी 112 पर कॉल मिलाएं। %एक पहल% अभियान का शुभारंभ पुलिस महानिदेशक द्वारा किया गया है जिसके अंतर्गत प्रत्येक जनपद में नागरिकों को यूपी 112 की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया जा रहा है। संवाद श्रृंखला के इस कार्यक्रम में व्यापार मण्डल लखनऊ के अध्यक्ष अमर नाथ मिश्रा, वरिष्ठ महामंत्री पवन मलोचा, व्यापार मण्डल के चेयरमैन राजेन्द्र अग्रवाल एवं स्वयंसेवी संस्था, आरडब्ल्यूए, सुरक्षा एजेंसीज आदि के लगभग 400 पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक शहाब रशीद खां, डीआईजी पुलिस दूरसंचार सत्य प्रकाश सिंह, पुलिस अधीक्षक निधि सोनकर, अपर पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार पाण्डेय व अपर पुलिस अधीक्षक दिनेश पुरी उपस्थित रहें।

## बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने पीएम मोदी को दिया उपचुनाव में जीत का श्रेय

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ 23 नवम्बर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने ÷उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव-2024 में एनडीए गठबंधन के प्रत्याशियों को प्रचंड जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया है। उन्होंने पार्टी प्रत्याशियों के दर्ज करने की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओ ने साबित कर दिया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली डबल इंजन की भाजपा सरकार में सुरक्षा- सुशासन, सभी वर्गों का उत्थान एवं चौमुखी विकास संभव है। इस ऐतिहासिक जीत के लिए भाजपा के ऊर्जावान कार्यकर्ताओं, पार्टी पदाधिकारियों एवं देवतुल्य मतदाताओं का हार्दिक आभार है। एनडीए गठबंधन के प्रत्याशियों को प्रचंड जीत दर्ज करने की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# साइबर सुरक्षा व फोरेंसिक साइंस पर राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस 26 से सीएम योगी करेंगे उद्घाटन, देश व विदेश के विशेषज्ञ लेंगे भाग

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस 75 वें संविधान दिवस के अवसर पर 26 व 27 नवम्बर को साइबर सुरक्षा व फोरेंसिक साइंस पर दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन करेगा। इस आयोजन में देश-विदेश के फोरेंसिंक विज्ञान व साइबर सुरक्षा के विशेषज्ञ भाग लेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ इस दो दिवसीय कांफ्रेंस का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान सीएम फोरेंसिक विज्ञान संस्थान के नए सभागार, लाइब्रेरी व वेबसाइट का भी उद्घाटन करेंगे। साथ ही फोरेंसिक विज्ञान का कोर्स करने वाले युवाओं को प्रमाण पत्र भी देंगे। दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में नए आपराधिक कानूनों को लेकर अपराधियों को पकड़ने में फोरेंसिक विज्ञान के महत्वपूर्ण योगदान, साइबर सुरक्षा को लेकर गहन मंथन होगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में फोरेंसिक विज्ञान में बीटेक, एमटेक के अलावा कानून के क्षेत्र में फोरेंसिक के विज्ञान के अनुसार विशेष तौर पर डिजाइन किए गए एलएलबी व एलएलएम के कोर्स कराए जा रहे हैं। इसके अलावा डिप्लोमा कोर्स भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि डीएनए की जांच के लिए एशिया की सबसे सबसे अच्छी प्रयोगशाला भी संस्थान में स्थापित कराई जा रही है।

# जनता ने फिर सुशासन को चुना: रामाशीष

- मीरापुर में आरएलडी प्रत्याशी मिथिलेश पाल की जीत पर जताया आभार

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने उपचुनाव के परिणाम का स्वागत एवं जनता को धन्यवाद करते हुए कहा है कि जनता जर्नादन ने इस चुनाव में फिर सुशासन को ही चुना है और भ्रष्टाचार को करारा जवाब दिया है। इस चुनाव परिणाम ने बता दिया कि समाज को विभाजित करने वाले लोगों की राजनीति अब नहीं चलेगी और उत्तर प्रदेश में विकास के पथ पर सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की भावना के आधार पर निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश की जनता को इस चुनाव परिणाम के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। प्रदेश की एनडीए सरकार जनता की अपेक्षाओं पर पूरी खरी उतरेगी और प्रदेश में चौतरफा विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। आज केन्द्र और प्रदेश सरकार दोनों के संयुक्त प्रयास और सहयोग से देश में उत्तर प्रदेश की ख्याति विकास के मामलों में तेजी से अग्रसर है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ यूपी की तस्वीर और तकदीर बदलने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने मीरापुर उपचुनाव के लिए राष्ट्रीय लोकदल की प्रत्याशी मिथिलेश पाल को भारी मतों से विजयी होने पर बधाई दी तथा मीरापुर की जनता का आभार व्यक्त किया।इस मौके पर पार्टी मुख्यालय में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।

## एक हैं तो सेफ हैं, एक हैं तो जीत है...- केशव

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में मतगणना के बीच डिप्टी सीएम सीएम केशव प्रसाद मौर्य का एक बयान सामने आया है। केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया पर प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- %एक हैं तो सेफ हैं, एक हैं तो जीत है।डिप्टी सीएम का यह तब आया जब रुझानों में भाजपा कई सीटों पर आगे चल रही थी। केशव प्रसाद मौर्य ने एक अन्य एक्स पर कहा- सीमा पर भारत देता है गोली का जवाब गोला से, देश के भीतर विपक्ष की गाली का जवाब जनता देती है लोकतंत्र की ताकत से कमल खिलाकर। बहुमत का जवाब भाजपा देती है सुशासन, जनसेवा, विकास, गरीब कल्याण और महिला सशक्तिकरण से। क्योंकि मोदी हैं तो मुमकिन है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बीजेपी की ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों का फल: शर्मा

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के महाराष्ट्र, झारखंड विधानसभा चुनाव तथा उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हुए उपचुनाव व अन्य राज्यों में हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाए एवं बधाई दी है।श्री शर्मा ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने ऐतिहासिक प्रदर्शन कर शानदार जीत हासिल किया है। झारखंड विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने शानदार प्रदर्शन कर मतदाताओं का बीजेपी की नीतियों और कल्याणकारी योजनाओं के प्रति विश्वास बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में भी 09 सीटों में 07 सीटों पर जीत हासिल की है। यह सब कार्यकर्ताओं की मेहनत तथा प्रधानमंत्री के 10 वर्षों की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों का फल है, जिससे बीजेपी को शानदार सफलता मिली है। मतदाताओं ने मोदी और योगी के कार्यों की बदौलत यह जीत दिलाई है।

### स्वच्छ शौचालय हमारी जिम्मेदारी थीम को करें आत्मसात

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** केंद्र सरकार के निर्देशों के क्रम में प्रदेश की सभी निकायों में निर्मित सामुदायिक, सार्वजनिक व पिंक शौचालयों को स्वच्छ, सुन्दर और सुविधाजनक बनाने के लिए विश्व शौचालय दिवस पर जॉइंट सेक्रेटरी, महुआ श्रीमती रूपा मिश्रा ने राजधानी लखनऊ से स्वच्छ शौचालय नामक विशेष अभियान की शुरुआत की थी। अपर निदेशक स्वच्छ भारत मिशन नगरीय ऋतु सुहास ने बताया कि स्वच्छ शौचालय अभियान की थीम स्वच्छ शौचालय-हमारी जिम्मेदारी को आत्मसात करने के लिए इस अभियान को 25 दिसम्बर तक चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से निकायों में स्थापित शौचालयों को स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाया जायेगा। 25 नवम्बर को पेंट माई टॉयलेट नामक विशेष अभियान चलाकर शौचालय और आसपास की दीवारों पर वॉल पेंटिंग और स्वच्छता संबंधी संदेश और सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। उसके पश्चात् 30 नवम्बर को सभी निकायों में सफाई मित्रों का सम्मान किया जायेगा। स्वच्छ शौचालय-हमारी जिम्मेदारी थीम पर आधारित स्वच्छ शौचालय अभियान के दौरान निकायों में निर्मित सार्वजनिक, सामुदायिक व पिंक शौचालयों की मरम्मत, सफाई और सुंदरीकरण के साथ ही उनके आस-पास खाली जगहों पर पौधरोपण एवं स्वच्छता संबंधी संदेशों को वॉल पर पेटिंग के माध्यम से दर्शाया जायेगा। स्वच्छ शौचालय अभियान अंतर्गत सभी शौचालयों की साफ-सफाई प्रत्येक दिन में 02 बार करायी जाएगी।

### आप ने घोषित की अयोध्या प्रांत कार्यकारिणी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के संगठन विस्तार के क्रम में प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह की स्वीकृति के बाद अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल ने शनिवार को प्रांत कार्यकारिणी घोषित कर दी. जिसमें अतुल सिंह महासचिव,नूर सिद्दीकी प्रांत उपाध्यक्ष संजीव निगम प्रांत उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष,शदाब रायीन प्रांत उपाध्यक्ष नोमान अहमद प्रांत उपाध्यक्ष राजेंद्र राजश्री प्रांत उपाध्यक्ष रामप्रासाद प्रेमिल कोषाध्यक्ष भारत राज योगी प्रांत सचिव,बेटालाल दिवाकर प्रांत सचिव मनोज मिश्रा प्रांत सचिव प्रदीप वर्मा प्रांत सदस्य और आदर्श श्रीवास्तव प्रांत सदस्य मनोनीत किया गया।

# पर्यटन मंत्री ने पसंद के पर्यटन स्थलों के लिए की ऑनलाइन वोटिंग

- देखो अपना देश-पीपुल्स च्वाइस-25 नवम्बर तक की जा सकती ऑनलाइन वोटिंग-जयवीर

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अपने पसंदीदा पर्यटन स्थलों के लिए ऑनलाइन वोट देते हुए जनता एवं जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से अपील किया कि अधिक से अधिक संख्या में अपने पसंद का पर्यटन स्थल चुनकर ऑनलाइन वोट करे। इस महाभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक वोट पाने वाले स्थलों का पर्यटन विकास करके अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करना है। जयवीर सिंह ने बताया कि गुरूवार को महाभियान के तहत कैबिनेट मंत्री सिंचाई एवं जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, असीम अरूण समाज कल्याण मंत्री, रवीन्द्र जायसवाल राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा वन मंत्री अरूण कुमार सक्सेना ने सोनभद्र जिले में स्थित एशिया के सबसे बड़े जीवाश्म पार्क के लिए अपना वोट दिया। सलखन गॉव में स्थित यह फासिल पार्क अमेरिका के एलो स्टोन पार्क के बाद दूसरे नम्बर पर आता है। प्रदेश के लोग अपने पसंद के पर्यटन स्थलों के लिए वोट कर सकते हैं, इसके लिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा देखो अपना देश-पीपुल्स च्वाइस-2024 अभियान शुरू किया गया है। 25 नवम्बर तक वोट देने का समय निर्धारित किया गया है। पर्यटन स्थलों के लिए लोग ऑनलाइन वोटिंग कर सकते हैं। राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार का प्रयास है कि आम जनता की राय लेकर प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर बुनियादी सुविधायें सृजित की जाए।यूपी में मथुरा, काशी तथा अयोध्या के अलावा यूनेस्को साइट के अंतर्गत आने वाले विश्व प्रसिद्ध धरोहर भी है। प्रति वर्ष करोड़ों की संख्या में देशी-विदेशी सैलानी यहां आते हैं। पर्यटन विभाग दूसरे जनपदों में अल्पज्ञात पर्यटन स्थलों को भी पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने के लिए प्रयासरत है। पर्यटन सेक्टर में रोजगार के साथ आमदनी की बहुत ज्यादा संभावनाएं हैं। घरेलू पर्यटकों के मामले में यूपी पहले स्थान पर है और विदेशी पर्यटकों के मामले में भी यूपी को पहले स्थान पर लाने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

### डबल इंजन की सरकार पर जनता विश्वास कायम हैं-खुर्शीद

**लखनऊ।** डबल इंजन की सरकार पर जनता विश्वास कायम हैं।जनता ने उपचुनाव में बीजेपी के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान कर प्रमाण दे दिया है। प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में एनडीए गठबंधन के प्रत्याशियों को प्रचंड जीत की सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई दी है।

# 26 नवंबर से 3 दिसंबर तक लखनऊ में होगी इसराइल श्रमिकों के चयन के लिए टेस्टिंग

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

इसराइल में निर्माण श्रमिकों को भेजने के उद्देश्य से 26 नवंबर से 3 दिसंबर तक लखनऊ के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज में चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने जानकारी दी कि इस प्रक्रिया में केवल वही अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं, जिन्होंने सेवायोजन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर लिया है। यह प्रक्रिया प्रतिदिन निर्धारित समय और तारीख के अनुसार संपन्न होगी, जो एडमिट कार्ड में स्पष्ट रूप से अंकित है।अभ्यर्थियों को अपने एडमिट कार्ड के साथ आधार कार्ड, मूल पासपोर्ट और चार पासपोर्ट आकार के फोटो अनिवार्य रूप से लाने होंगे। एडमिट कार्ड पर दिए गए क्यूआर कोड की स्कैनिंग के बाद ही संस्थान परिसर में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। गड़बड़ी या दस्तावेजों की कमी के कारण प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को निर्देश दिया गया है कि वे केवल अपने एडमिट कार्ड में उल्लिखित तिथि पर ही संस्थान पहुंचे। अभ्यर्थियों के साथ आने वाले अभिभावकों को भी संस्थान परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। बिना एडमिट कार्ड और निर्धारित तिथि पर आने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं मिलेगा।

# तीन दशक बाद कटेहरी में खिला कमल

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

कटेहरी में 33 वर्ष बाद कमल खिला है। इससे पहले वर्ष 1991 में इस सीट पर बीजेपी के अनिल तिवारी जीते थे। इसके बाद से पार्टी ने यहां कई प्रयोग किए लेकिन जीत दर्ज करने में सफलता नहीं मिल पाई। जिन धर्मराज के हाथों यहां पार्टी कई बार पराजित हुई। अब उन्हीं को प्रत्याशी बनाने पर पार्टी यहां हार का सिलसिला तोड़ पाने में सफल हुई।कटेहरी में भाजपा को तीन दशक से भी अधिक समय से जीत का इंतजार बना था। यूं तो यही हाल अकबरपुर विधानसभा सीट का भी है। लेकिन कटेहरी को सवर्ण दबदबे वाली सीट माना जाता है। इसके बाद भी यहां चुनाव दर चुनाव भाजपा के हिस्से हार आती रही। 1991 में जब अकबरपुर से शिवसेना से पवन पांडेय विजयी होकर विधायक बने थे तो उसी चुनाव में कटेहरी से अनिल तिवारी जीत दर्ज करने में सफल रहे थे। उन्होंने बीएसपी के रामदेव वर्मा को करीब सात हजार मतों से हराया था।1993 के विधानसभा चुनाव में रामदेव वर्मा ने बसपा के टिकट पर एकतरफा जीत दर्ज की। उन्होंने बीजेपी के अनिल तिवारी को 40 हजार से अधिक मतों के अंतर से हरा दिया। 1996 में बसपा के धर्मराज ने बीजेपी से लड़ रहे अनिल तिवारी को 5764 मतों से पीछे छोड़ दिया। 2002 के सामान्य चुनाव में भाजपा ने यह सीट समता पार्टी को दे दी। उसके प्रत्याशी केके त्रिपाठी 13852 मतों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए।2007 के चुनाव में भी बीजेपी नहीं लड़ी। जनता दल यू के केके त्रिपाठी को 3532 मत मिले।2012 के चुनाव में भाजपा के रमाशंकर सिंह पराजित हुए। तो 2017 में भाजपा के अवधेश द्विवेदी करीब छह हजार वोटों से हार गए। 2022 में भाजपा ने यह सीट निषाद पार्टी के खाते में दे दी। निषाद पार्टी से भी अवधेश चुनाव लड़े लेकिन तब भी नहीं जीत पाए। अब तीन दशक बाद भाजपा ने धर्मराज निषाद पर भरोषा जताया। इस सीट पर कई सवर्ण दावेदार थे लेकिन पार्टी ने धर्मराज को ही महत्व दिया।बसपा सरकार में मंत्री रह चुके धर्मराज निषाद ने कटेहरी में पहली जीत बसपा के ही टिकट पर वर्ष 1996 में दर्ज की थी। वे पांच वर्ष बाद हुए चुनाव में फिर से बसपा के टिकट पर विधायक चुन लिए गए। 2007 में वह कटेहरी से विधायक बने लेकिन जीत का अंतर लगातार कम होता गया। इस पर बसपा ने उन्हें 2012 के चुनाव में पड़ोसी जौनपुर की शाहगंज विधानसभा सीट से चुनाव लड़ाया।

### सपा को मूल्यों पर आधारित राजनीति करनी चाहिए-संजय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नौ सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे आ चुके हैं। उपचुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिली है। इस पर योगी सरकार में मंत्री संजय निषाद ने कहा कि जनता ने हमें काम के आधार पर वोट दिया है।उपचुनाव के दौरान मतदान को लेकर समाजवादी पार्टी के आरोपों पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी विपक्ष में है। उनके पास बयानबाजी के अलावा कुछ नहीं है। उन्हें अपने किए हुए कामों को गिनाना चाहिए। पार्टी की विचारधारा पर चलना चाहिए। उनकी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह ने मूल्यों पर आधारित राजनीति की। समाजवादी पार्टी को अब मूल्यों पर आधारित राजनीति करनी चाहिए।

# प्रियंका गांधी की ऐतिहासिक जीत पर रायबरेली में कांग्रेसजनों ने मनाई खुशी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



रायबरेली अभी हाल ही में लोकसभा चुनाव 2024 वायनाड की सीट पर राहुल गांधी जी चुनाव जीते थे और उन्होंने वायनाड सीट को छोड़ रायबरेली सीट को चुना वायनाड की सीट खाली होने पर गांधी परिवार ने प्रियंका गांधी को वायनाड से प्रत्याशी बनाया 13 नवंबर को वोटिंग हुई और आज उसका परिणाम आया जिसमें प्रियंका गांधी की ऐतिहासिक जीत हुई उसे ऐतिहासिक जीत का जस्न मनाते हुए रायबरेली जनपद के कांग्रेस जनों ने रायबरेलीकांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में ढोल नगाड़े के साथ पटाखे दगाए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया और एक दूसरे को बधाई दी इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज तिवारी पूर्व अध्यक्ष वी के शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजयशंकर अग्निहोत्री निर्मलशुक्ला सैदुल हसन महामंत्री शशिकांत पांडे पीसीसी सदस्य राजेश यादव वरिष्ठ नेता राजकुमार दीक्षित धीरज श्रीवास्तव कामतानाथ सिंह मोहम्मद अशरफ अखिलेश मिश्रा रमाकांत त्रिपाठी अमरेश बाजपेई मनोज मिश्रा मदन सिंह परिहार अभय त्रिवेदी आशीष द्विवेदी मनोज त्रिवेदी सर्वोत्तम मिश्रा घनश्याम शुक्ला अभय सिंह अमीन पठान लाल किरण सिंह पवन त्रिवेदी ललित त्रिपाठी नंदकिशोर शुक्ला विजय पटेल अनुभव तिवारी सहित सैकड़ो कांग्रेसियों ने तिलक भवन में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार कर ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी।

# थाना दिवस पर हरचंदपुर में डीएम-एसपी ने सुनी लोगों की फरियाद

- समस्याओं का करें गुणवत्तापरक निस्तारण: डीएम

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



रायबरेली जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ हरचन्दपुर में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने राजस्व,आपसी रंजिश तथा महिला उत्पीड़न सहित अन्य शिकायते आई जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष तथा राजस्व अधिकारियों को इस अवसर पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकरण में जांच आदि की जरूरत हो तो अवश्य करें। समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और शिकायतों के निस्तारण पेपर पर ही नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर भी किया जाये। उन्होंने कहा कि जांच पूरी तरह से निष्पक्ष, निर्भीक, पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ करे। दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही करें जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर समस्याओं को निस्तारित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने थाना दिवस रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर को भी देखा। कहा कि रजिस्टर में दर्ज विवादों को जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाए। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा एडीएम न्यायिक विशाल यादव सहित पुलिस विभाग के साथ राजस्व विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



# जिलाधिकारी ने एनएचएआई के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली महाकुंभ मेले की तैयारियों को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मेले से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करा ली जाएं। महाकुम्भ से पहले राजमार्ग निर्माण कार्य समय से पूर्ण कराने के दृष्टिगत जिला अधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ एनएचएआई के निर्माणाधीन कार्यों को देखाइस दौरान उन्होंने दरियापुर तिराहा, मुंशीगंज कुचरिया, बाबूगंज बाईपास सहित ऊंचाहार रेलवे ओवरब्रिज में निर्माण कार्यों को भी देखा उन्होंने पीडी एनएचएआई को अंडरपास कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कार्यों के दौरान सुरक्षा के सभी मानकों का पालन कराया जाए जिससे संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकेइस दौरान एडीएम (न्यायिक) विशालयादव ,एसडीएम ऊंचाहार सिद्धार्थ चौधरी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में टग ऑफ वार और म्यूजिकल चेयर के प्रतियोगी पुरस्कृत

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



रायबरेली न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में चल रही वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं में चौथे दिन टग ऑफ वार और म्यूजिकल चेयर, के फाइनल (अंतिम ) मुकाबले के उपरान्त विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गए। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ संजीव जायसवाल, डॉ श्वेता जायसवाल और डॉ अबसारखान का प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने स्वागत कियाखेलकूद प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले के विजेताओं को मुख्य अतिथि और प्रधानाचार्य द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य श्री प्रजापति ने मुख्य अतिथि एवं सहयोगियों को संस्मरण चिन्हदेकरसम्मानित किया वार्षिक खेलकूद की फाइनल प्रतियोगिताओं में म्यूजिकल चेयर में जूनियर विंग से बालक वर्ग में सुभाष हाउस से अयान खान विनर और आज़ाद हाउस से कुशाग्र श्रीवास्तव रनर रहे , टग ऑफ वार में जूनियर विंग से बालक वर्ग में उदय प्रताप नेतृत्व में राधाकृष्णन हाउस की टीम विनर और मो. अनस के नेतृत्व वाली आज़ाद हाउस की टीम रनर रही , बालिका वर्ग में अनुष्का गुप्ता के नेतृत्व में सुभाष हाउस की टीम विनर और तावी पाण्डेय के नेतृत्व वाली आज़ाद हाउस की टीम रनर रही तो वहीं सीनियर विंग से बालक वर्ग में रणधीर के नेतृत्व में आज़ाद हाउस की टीम ÷विनर÷ और विनय कुमार के नेतृत्व वाली विवेकानंद हाउस की टीम ÷रनर÷ रही, बालिका वर्ग में पलक त्रिपाठी के नेतृत्व में राधाकृष्णन हाउस की टीम विनर और श्रद्धा यादव के नेतृत्व वाली आज़ाद हाउस की टीम ÷रनर÷ रही। इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, रामदेव, अजय सिंह पिंकी जायसवाल अजयराज सिंहरश्मी साहू मंजरी श्रीवास्तव अभिषेक भारद्वाज कामरानविवेक सिंह गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर, वसूली व निर्धारित एजेंडा के कार्यों की समीक्षा कर प्रगति लाने के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कर करेत्तर,वसूली व निर्धारित एजेंडा बिंदुओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में हुई
जिलाधिकारीनेपरिवहन,आबकारी,सिंचाईविद्युतवनव्यापारकरखननस्टाम्प,नगर निकाय सहित अन्यविभागों के राजस्व वसूली के कार्यों की समीक्षा की तथा कम वसूली करने वाले विभागों को प्रगति लाने के निर्देश दिए उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वरासत व अन्य राजस्व के कार्यों सहित जन समस्याएं सुनकर मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित कराये उन्हें अपने क्षेत्रों में राजस्व कार्यों की प्रगति के लिए नियमित रुप से निरीक्षण कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। परिवहन विभाग के अधिकारी से कहा कि अवैध वाहनों एवं यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर चालान करने की कार्यवाही नियमानुसार की जाए। जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर विभाग को निर्देश दिया कि प्रवर्तन का कार्य बढ़ाये और नियमानुसार कर आदि की वसूली को सुनिश्चित कर लक्ष्य को प्राप्त करे सिंचाई विभाग से नहरों के रख रखाव और क्षेत्र को दिए गए लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए मंडी सचिवों को निर्देश दिया कि सीसीटीवी कैमरों को सही करा लिया जाए साथ ही मंडी के प्रवेश और निकासी गेट को सुरक्षित करा लिया जाए। नगर निकायों को प्रगति लाने के निर्देश दिए इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह,अपर जिलाधिकारी (प्रशा0) सिद्धार्थ, जॉइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मानगर मजिस्ट्रेट धीरेन्द्र श्रीवास्तव सहित समस्त उपजिलाधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विशेष अभियान के तहत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि आज

- मतदाता सूची में यदि कोई त्रुटि पाई जाती है तो निर्धारित प्रारूप पर कर सकते हैं आवेदन: उप जिला निर्वाचन अधिकारी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ ने जनपद वासियों से कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में समाविष्ट 06 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में विद्यमान 2242 मतदेय स्थलों पर कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक होगा। उन्होंने बताया है कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत दावे और आपत्तियों प्राप्त करने की अवधि में विशेष अभियान की तिथियां 23 व 24 नवम्बर 2024 अवशेष हैंउप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के समस्त सामान्य एवं अर्ह मतदाताओं से कहा है कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूची का निरीक्षण अपने बी0एल0ओ0 के माध्यम से कर लें, यदि कोई त्रुटियां पाई जाती हैं तो निर्धारित प्रारूपों में आवेदन पत्र दाखिल किये जा सकते हैं उन्होंने कहा है कि यदि अर्ह मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है तो फार्म-6 में आवेदन कर सकते हैं।
प्रवासी मतदाता यदि अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराना चाहते है तो फार्म-6ए में आवेदन कर सकते हैं। यदि किसी नाम मतदाता सूची में गलत तरीके से दर्ज है तो आपत्ति हेतु फार्म-7 में आवेदन कर सकते हैं। यदि मतदाता का नाम मतदाता सूची में है परन्तु उसकी फोटो शामिल नहीं है तथा मतदाता सूची में किसी मतदाता के नाम/किसी प्रविष्टि में/फोटो में कोई गलती है तथा यदि मतदाता को अपने विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत किसी अन्य मतदेय स्थल पर स्थानांतरित कराना है तो फार्म-8 में आवेदन कर सकते हैं।
यूपी जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि बी0एल0ओ0 के पास अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर आलेख्य प्रकाशन सूची का निरीक्षण कर ले यदि कोई त्रुटि पायी जाए तो उससे सम्बन्धित फार्म भर कर अपने बी0एल0ओ0 को उपलब्ध कराते हुए मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिविहीन बनाये जाने में आपके सक्रिय सहयोग की अपेक्षा है

# दो चोर गिरफ्तार, पांच बाइकें बरामद

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

प्रतापगढ़ व रायबरेली जिले से बाइकें चोरी कर बेचने वाले दो शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की गईं पांच मोटरसाइकिलें भी बरामद की हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेज दिया है। गौरीगंज पुलिस व एसओजी टीम बृहस्पतिवार की रात टांडा-बांदा हाईवे पर संपतपुर मोड के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक बाइक पर सवार दो युवकों को पुलिस ने जांच के लिए रोकने की कोशिश की, लेकिन वह दोनों भागने लगे। इस पर पुलिस ने दौड़ा कर दोनों को दबोच लिया। पुलिस ने बाइक के दस्तावेज मांगे तो बाइक सवार युवक नहीं दिखा पाए। जांच में पता चला कि बाइक चोरी की गई है। इसके बाद पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ करते हुए दोनों आरोपियों की निशानदेही पर गुवावां मोड के पास जर्जर मकान में चोरी की गईं चार अन्य बाइकें बरामद कीं। पुलिस ने आरोपियों की पहचान जायस थाना क्षेत्र के हनुमानगढ़ सराय महेशा गांव निवासी सुनील कुमार व गौरीगंज थाना क्षेत्र के संपतपुर गुवावां गांव निवासी अख्तर हुसैन उर्फ राजू के रूप में की है। एसएचओ श्याम नारायण पांडेय ने बताया कि आरोपी अख्तर हुसैन पर गौरीगंज थाने में 13, जगदीशपुर व मुसाफिरखाना थाने में एक-एक केस पहले से दर्ज है। सुनील पर गौरीगंज, जायस व फुरसतगंज थाने में एक-एक केस दर्ज है। दोनों आरोपी प्रतापगढ़ व रायबरेली जिले से बाइक चोरी कर नंबर प्लेट बदलकर बेचते थे। दोनों आरोपियों को संबंधित मामले में जेल भेज दिया गया है।

# थाना समाधान दिवस के दौरान थाना गौरीगंज में डीएम ने सुनी पीड़ितों की शिकायतें




**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जन शिकायतों के समुचित निस्तारण के उद्देश्य से माह के चौथे शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें जिलाधिकारी निशा अनंत ने गौरीगंज थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना।एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली।तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं,उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए।उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं,चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली,चकमार्ग पर कब्जे,सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे,अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए।एवं जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार,तहसीलदार गौरीगंज नरेंद्र कुमार,थानाध्यक्ष गौरीगंज सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# झलकारी बाई की जयंती पर निकाला जुलूस

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की अमर शहीद वीरांगना झलकारी बाई की जयंती धूमधाम से मनाई गई। अमेठी और मुंशीगंज में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर और वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। बौद्ध धम्म की परंपरा के अनुरूप सामूहिक त्रिरण पंचशील के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। जुलूस में एक घोड़े पर सवार बालिका सृष्टि झलकारी बाई की भूमिका में दिखी। सामूहिक त्रिसरण पंचशील कार्यक्रम के बाद लगभग 2.30 बजे जुलूस का नगर भ्रमण शुरू हुआ। वीरांगना झलकारी बाई चेतना समिति की ओर से जिलाध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की महिला सेना दुर्गा दल की कमांडर रहीं झलकारी बाई का जन्म 22 नवंबर 1830 को झांसी जिले के भोजला गांव में माता यमुना बाई की कोख से हुआ था। वह तीर तलवार चलाने और मलखंभ की माहिर थीं। समिति के संरक्षक संजीव भारती ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई को किसी जाति की सीमा में बांधना ठीक नहीं है। झलकारी बाई के परिवार के बलिदान के कारण ही 1857 का स्वतंत्रता संग्राम आगे निर्णायक हुआ और अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक राम चंद्र बौद्ध, सह संयोजक जिया लाल बौद्ध, राम चंद्र सरस, इंद्र पाल गौतम, ललित कुमार, श्याम लाल, नरेंद्र कुमार, मो. इश्तियाक, ज्योति वर्मा, रामलली बौद्ध, सुमित्राआ आदि ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में बृजलाल वर्मा, पांचू राम मौर्य, बबलू तिवारी, सियाराम बौद्ध, पलटूराम, हरिश्चंद्र कोरी, त्रिभुवन दत्त, राम फल फौजी, आशा देवी, राम शंकर दानी, लालती, ऊषा, संगीता गौतम, कलावती, वर्षा, शिल्पा, हेमराज आदि मौजूद रहे।

# जब जब असुरों के अत्याचार बढ़ते है,तब तब प्रभु अवतार लेकर भक्तो को उनके कष्ट से मुक्त करते है: शान्तनु महाराज

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री व विधायक तिलोई राजा मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा आयोजित राजा विश्वनाथ शरण इण्टर कालेज तिलोई के प्रांगण में चल रही श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि इस धरा धाम पर जब जब असुरों के अत्याचार बढ़ते है तब तब प्रभु अवतार लेकर भक्तो को उनके संताप से मुक्त करते है।कथा व्यास आचार्य शान्तनु महाराज ने कहा कि भगवान की शगुन लीलाओं को भक्ति व विश्वास से सुनना चाहिये। इसमें तर्क का कोई स्थान नही है।भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की कथा के क्रम में कथा व्यास ने प्रभु के जन्म के अनेक कारणों को सुनाया।उन्होंने कहा कि जो भी भक्त सब कुछ त्याग कर उनका भजन करते हैं,प्रभु उनकी रक्षा उसी प्रकार करते हैं जैसे मां अपने बच्चे की रक्षा करती है।मनु एवं शतरूपा के प्रसंग को सुनाते हुये कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि मनु महाराज ने जीवन के अंतिम समय मे सब कुछ त्याग कर हरि भजन का मार्ग चुना हम सब का भी यही दायित्व है कि अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुये भगवान के भजन में मन लगायें।देवताओ की करुण पुकार को सुनकर भगवान ने सबको आश्वासन दिया कि मैं अब नर रूप में धरती पर अवतरित होने वाला हूं।सभी देवता प्रभु की जय जय कार करने लगे।गोस्वामी जी ने अयोध्या की महिमा को गया है। सम्पूर्ण अयोध्यावासी भगवान की आराधना कर रहे हैं।और गोस्वामी जी ने भगवान के जन्म की तिथि घोषित कर दी।पूरे अयोध्या में बधाइयां बजने लगी दशरथ जी मगन होकर प्रजाजनों को न्योछावर करने लगे और पूरा वातावरण राममय हो गया।राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के साथ गौरीगंज के पूर्व विधायक तेजभान सिंह,राम चंद्र मिश्रा,जितेन्द्र विक्रम सिंह,कर्नल मनोज कुमार सिंह, सुशांत सिंह,भाजपा रायबरेली के जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी,राकेश त्रिपाठी ने पूजन किया।राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने अतिथियों को प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंट किया।इस मौके पर ब्लाक प्रमुख तिलोई प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह,मनीष सिंह,धर्मेश मिश्रा,प्रदीप सिंह, राजेश पाण्डेय सहित अन्य तमाम श्रोतागण मौजूद रहे।

# हेड कांस्टेबल ने दुकानदार के खाते में मंगवाई रिश्वत, सस्पेंड

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

घूस की रकम को जबरन किराना दुकानदार के खाते में ट्रांसफर करवाना सिपाही को महंगा पड़ गया। दुकानदार की शिकायत के बाद एसपी ने सिपाही को सस्पेंड करते हुए सीओ गौरीगंज को जांच सौंपी है। गौरीगंज कस्बा निवासी हिमांशु जायसवाल थाने के सामने किराने की दुकान करते हैं। हिमांशु ने गौरीगंज थाने में तैनात हेड कांस्टेबल श्याम नारायण सिंह पर आरोप लगाया है कि उसने रिश्वत का पैसा उसके खाते में मंगवा लिया। हिमांशु ने एसपी अनूप सिंह से मामले की शिकायत की। हिमांशु का आरोप है कि हेड कांस्टेबल उसके खाते में घूस का पैसा लेने का दबाव बनाता है। मना करने पर उससे अभद्रता कर धमकी दे रहा है। एसपी अनूप कुमार सिंह का कहना है कि इस शिकायत पर हेड कांस्टेबल श्याम नारायण सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है।

# श्रीराम तिलकोत्सव: नेपाल के जनकपुर से आए आभूषण, औपचारिक उपहार और 501 तरह का प्रसाद, छह दिसंबर को विवाह उत्सव

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

भारत और नेपाल के बीच सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को मजबूत बनाने के लिए रामनगरी अयोध्या में आयोजित एक भव्य समारोह में पड़ोसी देश के जनकपुर से 500 से अधिक प्रतिनिधियों ने श्रीराम तिलक उत्सव में हिस्सा लिया। मंदिर के पदाधिकारियों ने बताया कि जनकपुर से लोग सोने, चांदी और पारंपरिक प्रसाद सहित उपहार लेकर आए हैं। दरअसल माता सीता के जन्मस्थान के रूप में प्रतिष्ठित जनकपुर इस परंपरा में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। नेपाल के मधेश प्रदेश के मुख्यमंत्री सतीश कुमार सिंह और जनकपुर के मेयर मनोज कुमार शाह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल 501 प्रकार के प्रसाद लेकर आया है। यह समारोह विहिप मुख्यालय रामसेवकपुरम में आयोजित किया गया था, जिसमें नेपाली मेहमानों के स्वागत की व्यवस्था की गई थी। तिलक उत्सव की शुरुआत जनकपुर में जानकी मंदिर के पुजारी राम रोशन दास के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। विहिप के उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पंकज ने बताया कि अयोध्या में कारसेवकपुरम, अभयदाता हनुमान आश्रम, विवेक सृष्टि, माता सरस्वती देवी मंदिर और तीर्थ क्षेत्र भवन में उनके ठहरने की व्यवस्था की गई थी।

# राज्य महिला आयोग सदस्य ने जिला महिला अस्पताल का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली राज्य महिला आयोग की सदस्य एकता सिंह ने जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। यहाँ पर उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का हाल जाना। स्वास्थ्य सुविधाओं से संतुष्ट मा0 सदस्य ने कहा कि गर्भवती महिलाओं और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाए उपलब्ध कराई जाए स्वास्थ्य संबंधी जन कल्याणकरी योजनाओं को जन जन पहुचाया जाए। यहां उन्होंने दवाओं का स्टॉक व कर्मचारी उपस्थिति पंजिका भी देखी उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि कुपोषित बच्चों को समय से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए जिला अस्पताल में उन्होंने मरीजों से बातचीत की।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, रविवार, 24 नवंबर, 2024





**लखीमपुर महोत्सव, दुधवा हवाई सेवा से होगी...**

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अनूठी पहल पर पहली बार लखीमपुर महोत्सव-2024 की शुरुआत होगी, जो पांच अलग-अलग स्थान पर 25 से 28 नवंबर के...

▸ शेष पेज 07 पर...

# सोलंकी परिवार की लगातार सातवीं जीत

**'जनता का शुक्रिया है सीसामऊ मेरा परिवार है, उन्होंने मेरा बहुत साथ दिया है'**



- सीसामऊ से सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी 8564 वोटों से जीती

**कानपुर के सीसामऊ उपचुनाव में सपा की नसीम सोलंकी 8564 वोटों से जीती**

सीसामऊ विधानसभा के उपचुनाव में सपा प्रत्याशी की एक बार फिर से जीत हुई है। सोलंकी परिवार की यह लगातार 7वीं जीत हुई है। बीजेपी 28 साल बाद भी जीत की राह देखती रही। पूरा जोर लगाने के बाद भी सपा के तिलिस्म को तोड़ नहीं पाई। भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी का सीसामऊ सीट पर इस बार दूसरा चुनाव था। 2017 में वह नसीम सोलंकी के पति इरफान सोलंकी से चुनाव हार चुके हैं।

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर की सीसामऊ सीट पर सपा की नसीम सोलंकी ने भाजपा के सुरेश अवस्थी को हरा दिया है। नसीम सोलंकी, पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी हैं। इरफान सोलंकी को ही सजा होने के चलते यह सीट खाली हुई थी। नसीम सोलंकी ने 8629 मतों से भाजपा के सुरेश अवस्थी को हराया है।

मतगणना के परिणामों की आधिकारिक घोषणा के बाद नसीम की आंखें नम हो गईं। उन्होंने विक्ट्री साइन दिखाकर सभी का अभिभावदन किया। वहीं, बेटे मुस्तफा सोलंकी ने कहा कि इस जीत का श्रेय सीसामऊ की जनता को जाता है, जिन्होंने पुलिस-प्रशासन से लड़कर वोट डाला। हम सपरिवार कल अब्बू से मिलने जाएंगे।

उनका कहा कि सीसामऊ की जनता ने इरफान को कभी नहीं नाकारा था। सीसामऊ की जनता का सोलंकी परिवार पर भरोसा और विश्वास जीत की मुख्य वजह है। सबसे पहले पति से मुलाकात करने जाऊंगी। अभी साढ़े आठ हजार वोटों से जीती हूं, वरना 28 हजार वोटों से जीतती। सपा की जीत के बाद पार्टी कार्यालय में जीत का जश्न देखने को मिला। इरफान सोलंकी जिंदाबाद, नसीम सोलंकी जिंदाबाद, जेल के ताले टूटेंगे इरफान भैया छूटेंगे। जैसे नारे लगे।

नसीम ने कहा कि जीत की मुख्य वजह से इतने वर्षों से मेरा परिवार यहां की जनता से सीधा जुड़ा रहा है। इसके साथ ही इरफान जेल से मेरे लिए दुआ कर रहे हैं। सीसामऊ की जनता में इरफान के लिये अटूट प्यार है। नसीम ने कहा कि मैं मंदिर गई थी, बाबा का आशीर्वाद मिला है। आगे भी मंदिर जाती रहूंगी, मेरे लिए सभी अपने हैं। मुझे क्षेत्र की जनता के लिए बहुत काम करने हैं। इरफान को क्षेत्र में विकास कराना था, उनके बंद पड़े विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराया जाएगा।

सीसामऊ में 49.06त्न मतदान हुआ था, जो पिछले 12 साल में सबसे कम रहा। नसीम सोलंकी (सपा) को 69714 वोट मिले। सुरेश अवस्थी (भाजपा) को 25334, वीरेन्द्र कुमार (बसपा) को 1410 वोट मिले।

सीसामऊ विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की नसीम सोलंकी ने भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी को साढ़े 8 हजार वोटों से हारे। सुरेश अवस्थी को लगातार तीसरी बार चुनावी हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले वह 2017 और 2022 के विधानसभा चुनाव में भी हार गए थे।

## पछुवा हवाएं चलने से सुबह की धुंध में आएगी कमी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कानपुर में अगले 24 घंटे के दौरान उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियों व दिल्ली के आसपास होने वाली बारिश का असर कानपुर सहित उत्तर प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में पड़ेगा। इससे ठंड बढ़ेगी। उत्तर प्रदेश के पश्चिमी जिलों में बादल रह सकते हैं, जबकि कानपुर व आसपास के क्षेत्रों में मौसम खुला रहेगा। लेकिन, पहाड़ से आने वाली हवाओं से तापमान लुढ़कने की आशंका है।

इस बीच दिन के तापमान में दशमलव दो डिग्री की गिरावट आई, जबकि रात के समय धुंध और बादल होने से पारा दशमलव सात डिग्री लुढ़क गया। इस तरह अधिकतम तापमान 23.2 और न्यूनतम 11.5 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पांडेय के अनुसार नवंबर में अभी धीरे-धीरे ठंडक बढ़ेगी लेकिन दिसंबर में तेजी आएगी।

नवंबर के आखिरी सप्ताह से ही ठंड जोर पकड़ेगी। अधिक ठंड पड़ने से इस बार गेहूं की पैदावार अच्छी होने की संभावना है। पछुवा हवाएं चलने से सुबह के समय होने वाली धुंध भी कमजोर पड़ जाएगी, जिससे हाईवे में आवागमन भी आसान हो जाएगा। इस बीच हवा में अधिकतम नमी एक प्रतिशत बढ़कर 92 और दो प्रतिशत कम होकर न्यूनतम नमी 46 प्रतिशत रिकॉर्ड की गई।

## कंडम वाहनों के संचालन पर लगे रोक, दिया ज्ञापन




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

युवा विकास समिति ने कंडम वाहनों के संचालन पर अंकुश लगाने की मांग की। इस पर रोक लगाने के लिए शुक्रवार को सहायक संभागीय कार्यालय में ज्ञापन दिया।

युवा विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी पुष्पांजलि मित्रा गौतम को ज्ञापन सौंपा। कहा कि जिले के विद्यालयों के खटारा वाहनों की जांच की जाए, जिससे घने कोहरे में दुर्घटनाएं होने से बचाया जा सके। खटारा वाहनों के कारण कई ऐसे हादसे से हो चुके हैं, जिनसे सीख लेना चाहिए। स्कूल बसों के संचालन के नाम पर मोटी कमाई की जाती है और कंडम वाहनों को खरीद करके उनका रंगरोगन करके स्कूल बसों के रूप में चलाया जा रहा है। विभाग इसकी जांच कर खटारा वाहनों पर अंकुश लगाएं।

### मनाया गया वीरांगना झलकारी बाई जन्मोत्सव

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। वीरांगना झलकारी बाई सामुदायिक मिलन केंद्र मुराइन टोला में झलकारी बाई का जन्मोत्सव मनाया गया। शुक्रवार को जन्मोत्सव समारोह में संत कबीर मानव मानव कल्याण आश्रम एवं मां भुइया देवी सेवा ट्रस्ट के लोग शामिल हुए। इस दौरान गोष्ठी में वीरांगना की जीवन पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मां भुइया देवी सेवा ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी आरके वर्मा ने कहा कि 1857 में रानी लक्ष्मी बाई के पक्ष में युद्ध करते हुए वीरगति पाने वाली झलकारी बाई का त्याग और बलिदान कभी भुलाया जा नहीं सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता शोभा देवी और संचालन ट्रस्टी सुरेश कुमार ने किया। इस मौके पर रामखेलावन, अरबी शास्त्री, सुनील कुमार, अभय राज सिंह आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक दल द्वारा विधानसभा मीरपुर जीत का मनाया कार्यकर्ताओं ने जश्न

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



राष्ट्रीय लोकदल द्वारा विधानसभा मीरापुर मुजफ्फरनगर पर चुनाव की जीत श्रीमती मिथलेश पाल ने अपने नाम की है उस क्षेत्र की जनता जो मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने के बावजूद वहां की जनता ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह पूर्व प्रधानमंत्री व चौधरी अजित सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री को याद करते हुए राष्ट्रीय लोकदल की नीति और रीति को ख्याल में रखते हुए चौधरी जयन्त सिंह केंद्रीय मंत्री के हाथों को मौजूद किया और 30426 मतों से विजई घोषित हुई सपा प्रत्याशी श्रीमती सुम्बुल राणा ने एक भी बूथ पर रालोद के प्रत्याशी को नहीं हरा सकीं मिथलेश पाल की जीत घोषित होते ही राष्ट्रीय लोकदल के नेताओं में और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी नेताओं जनता को लोग रोक कर मिठाई वितरण किया जनता ने भी श्रीमती मिथलेश पाल को मीरापुर से विजई होने की बधाई दी मिष्ठान वितरण करने वालों में सर्व श्री सुरेश गुप्ता प्रांतीय उपाध्यक्ष मोहम्मद उस्मान महानगर अध्यक्ष नीरज सिंह चंदेल एडवोकेट महामंत्री रॉबिल गुप्ता कोषाध्यक्ष आदि थें।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी 27 नवंबर को जिलें में करेंगे जन सुनवाई



**इन अपराधों पर होगी सुनवाई**

महिला उत्पीड़न, दहेज उत्पीड़न, पुलिस उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, बलात्कार, कन्याभ्रूण, गर्भपात, यौन उत्पीड़न, दहेज हत्या, मानव तस्करी, बाल विवाह, एसिड अटैक आदि अपराधों पर होगी सुनवाई।

**ऐसे करें शिकायत**

पीड़ित एक प्रार्थना पत्र पर संबंधित घटना का जिक्र करते हुए अपनी एक पत्र की फ़ोटो कॉपी लगाए।

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी 27 नवम्बर, 2024 को जिले में जनसुनवाई करेंगी। वह सर्किट हाउस सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम में महिलाओं की समस्याएं सुनेंगी। इसकी जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी जयदीप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने तथा फरियादियों की सहूलियत के लिए उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की तरफ से सदस्य पूनम द्विवेदी सुनवाई करेंगी। जिले के सर्किट हाउस में जनपद के जिलाधिकारी की तरफ से नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस आयुक्त अथवा उनकी ओर से नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष एवं जिले को संबंधित थाने के सभी सहायक पुलिस आयुक्त के साथ महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा, महिला जनसुनवाई एवं निरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 27 नवम्बर को पूर्वाह्न 11:00 बजे महिला जनसुनवाई की जानी है। इसमें पूनम द्विवेदी की अध्यक्षता में जनपदीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक 27 नवम्बर को सुबह 11:00 बजे से होगी।

## विख्यात गौशाला संचालक राघव शुक्ला एवं समाजसेवी मोहिनी राठौर को मिला देश रत्न अवॉर्ड



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर की विख्यात गौशाला संचालक राघव शुक्ला एवं समाजसेवी मोहिनी राठौर को प्रख्यात उद्योगपति पद्म भूषण रतन टाटा की पावन स्मृति में 22 नवम्बर को दूरदर्शन भवन में भारत सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में देश रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान दोनों को समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर विशेष असाधारण कार्य अनवरत करने के लिए दिया गया। कानपुर नगर के समाज सेवी राघव शुक्ला को राघव गोवर्धन गौशला समिति चलाते हैं।

इनकी गायो के प्रति प्रेम को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रभारी मंत्री श्याम जाजू और श्रम एवं सेवायोजन मंत्री रघुराज सिंह ने देश रत्न के अवॉर्ड से सम्मानित किया। इनके साथ ही समाजसेवी मोहिनी राठौर को भी सम्मानित किया गया। सम्मान में ताम्रपत्र, पदक एवं प्रमाण पत्र दिया गया।

समारोह में मुख्य रूप से प्रसिद्ध उद्यमी और नेल्सन मंडेला पुरस्कार विजेता डॉ.संजीव शॉनी, प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता शाहबाज़ खान, 2020 के अर्जुन पुरस्कार विजेता और राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन श्रीमती दिव्या काकरान, भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय चौधरी और अधिकारी उपस्थिति रहे। भारत सरकार द्वारा रतन टाटा जी की स्मृति में यह सम्मान अवार्ड उन लोगों को समर्पित किया गया है

जिनके द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर विशेष आसाधारण कार्य किए जा रहे हैं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### रजबहा, माइनरों की नहीं सफाई कैसे हो खेतों की बुआई



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। बकेवर। क्षेत्र के किसानों को रजबहों, माइनरों से पानी न मिल पाने से गेहूं बुआई का समय निकलता जा रहा है। इससे किसानों में आक्रोश है। बकेवर क्षेत्र में 10 माइनर, तीन रजबहा है। इसमें केवल खजुहा के एक रजबहा की सफाई की गई है। जबकि दो रजबहों में केवल 40 प्रतिशत सफाई करके छोड़ दिया गया है। एक रजबाहा 14.400 किलोमीटर लंबा है। उसकी महज 6.7 किलोमीटर ही सफाई की गई है। वहीं गौरी रजबहा 10.300 किलोमीटर लंबे में सिर्फ 4.800 किलोमीटर ही साफ हुआ है। इस कारण कई सालों से रजबहा का पानी टेल तक नहीं पहुंचा। इससे किसानों को समय पर पानी नहीं मिलता है और खेतों में उपज कम होती है।

### चौदह वर्ष बाद दुबारा भूमिपूजन, विधायक बोले अब बनेगा बाईपास

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। बिंदकी। चौदह वर्ष से अधूरे बाईपास के निर्माण कार्य का क्षेत्रीय विधायक ने भूमिपूजन कर शुभारंभ किया। यह बाईपास 79 लाख रुपये की लागत से एक महीने के अंदर तैयार किया जाएगा। इसके बन जाने के बाद कस्बा के भीतरी सड़क से भारी वाहनों का आवागमन कम होगा और जाम से निजात मिलेगी। बाईपास का निर्माण वर्ष 2011 में प्रारंभ हुआ था। लगभग पांच किलोमीटर की लंबाई के बाईपास का निर्माण होना था।



कुंवरपुर रोड फायर स्टेशन के समीप बाईपास का पांच सौ मीटर का निर्माण अधूरा था। क्षेत्रीय विधायक जयकुमार सिंह जैकी ने शुक्रवार को अधूरे पड़े बाईपास के निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य बेहतर होना चाहिए। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद नगर के अंदर लगने वाले जाम से निजात मिल सकेगी। इस मामले में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता कुमार गौरव ने बताया कि कुंवरपुर रोड के फायर स्टेशन के समीप लगभग 500 मीटर बाईपास अधूरा था। इसका निर्माण शुरू हो गया है। 79 लाख रुपये की कीमत से एक महीने के अंदर यह सड़क बनाकर तैयार हो जाएगी। इस मौके पर सहायक अभियंता संतोष कनौजिया, युवा नेता शुभम सिंह परिहार, कर्मेंद्र सिंह, प्रीति अग्रवाल, राहुल सिंह, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## शहर के शकुंतला नगर में चलाया गया अभियान वबिजली चोरी व बकाए में 135 कनेक्शन काटेन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में बिजली विभाग की ओर से चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के बीच शहर के तीन खंडों में 135 कनेक्शनों को काटने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही 11.21 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया।

अधीक्षण अभियंता मनोज गौड़ ने बताया कि लाइन लॉस को कम करने और बकायेदारों से वसूली के लिए विद्युत वितरण खंड इटावा के अंतर्गत तीनों उपखंडों के अंतर्गत अभियान चलाया गया।

विज्ञापन

उपखंड अधिकारी तृतीय गगन अग्निहोत्री एवं जेई जितेंद्र कुमार राना के साथ विजिलेंस टीम ने फ्रेंडस कालोनी 33/11 विद्युत उपकेंद्र से जुड़े शकुंतला नगर में सुबह चेकिंग अभियान चलाया।

इसमें अंजू, मालती, शिववती, सुगरश्री, ध्रुव कुमार और मनोज कुमार की ओर से अपने परिसर पर केबिल बाईपास कर बिजली चोरी की जा रही थी। इसके साथ ही उपखंड प्रथम में 68, उपखंड द्वतीय में 22 व उपखंड तृतीय में 45 कनेक्शन काटे गए। इसके साथ ही तीनों उपखंडों में 11.21 लाख की धनराशि जमा करवाया गया। उन्होंने बताया कि शहर में लगातार चेकिंग अभियान चलता रहेगा।

## ट्रक चढाकर मौत के घाट उतरने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



ट्रक के साथ खड़ा आरोपित और पुलिस बल

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ढाका पुरवा गांव में रिश्तेदार से आपस में झगड़ा किया जुआ खेला शराब पी फिर इसके बाद में मृतक को बुलाकर स्वयं ट्रक से टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही मौत हो गई सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया इसके बाद प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपित की तलाश जारी थी कड़ी मेहनत के बाद पुलिस ने ट्रक सहित आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जिसमें विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है बिल्हौर सहायक पुलिस आयुक्त सुमित सुधाकर रामटेके के कुशल निर्देशन में थाना हाजा पर पंजीकृत मु0असं0 358/24 धारा 103(1)/109(1)/351(3)/352 बीएनएस में वांछित अभियुक्त शालू यादव उर्फ सल्लम पुत्र राधेश्याम यादव निवासी ग्राम ढाकापुरवा थाना बिल्हौर को जीटी रोड एनएचआई 34 लालपुर अण्डर पास से गिरफ्तार किया गया। मुकदमा उपरोक्त वादिनी की लिखित तहरीर पर दिनांक 14.11.2024 को अभियुक्त द्वारा अपने ट्रक से वादिनी व उसके पुत्र को मारने का प्रयास करना व वादिनी के पति को जानबूझकर ट्रक से टक्कर मारकर कुचलकर हत्या कर देने के सम्बंध में पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्त द्वारा हत्या में प्रयुक्त ट्रक संख्या क्क 75ज्ञ0908 आरोपित पर और भी मुकदमे पंजीकृत है।

आरोपित को गिरफ्तार करने वाली टीम अशोक कुमार सरोज प्रभारी निरीक्षक, उ0नि0 शुभम देशवाल, उ0नि0 कपिल कुमार, उनि0 अमित कुमार, हे0कां0 जयपाल सिंह हे0का सुरेश चन्द्र सरोज आदि शामिल रहे।

## शराब के लिए रुपये न देने पर दोस्त ने की थी युवक की हत्या

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शराब के नशे में कहासुनी के बाद ईंट से प्रहार कर युवक की हत्या में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से युवक का मोबाइल व ईंट भी बरामद हो गई है। शराब के लिए रुपये न देने पर हत्यारोपी ने दोस्त की हत्या की थी।

क्षेत्र के नगला छंद गांव में 21 नवंबर की सुबह सरसों के खेत में इंद्रेश तिवारी (26) निवासी जीवन कोल्ड स्टोरेज लुहन्ना चौराहा थाना सिविल लाइन का शव खून से लथपथ मिला था। उसके पास मोबाइल और पहचान पत्र न मिलने से उसकी पहचान नहीं हो पा रही थी।

सोशल मीडिया से उसके परिजनों को घटना की जानकारी मिली थी। ताऊ बृजेश कुमार तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि इंद्रेश का दोस्त विमल उसे 20 नवंबर को घर से ले गया था। भतीजे की हत्या करके शव को छुपाने के लिए खेत में डाल दिया था। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि शनिवार दिन में साढ़े 11 बजे विमल तिवारी सहित तीन आरोपियों को भीखनपुर से कारमपुर जाने वाली सड़क के पास से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में विमल ने बताया कि उसने घटना वाले दिन इंद्रेश के साथ शराब पी थी। इंद्रेश ने जब और शराब पीने को कहा तो विमल ने उससे रुपये मांगे तो इसे लेकर इंद्रेश का विमल से झगड़ा हो गया। गुस्से में विमल ने पास में रखी ईंट से उसके सिर पर वार करके हत्या कर दी थी।

इसके बाद वह इंद्रेश का मोबाइल लेकर अपने साथी राजू सिंह व अनूप सिंह उर्फ कल्लू निवासी कटहरी थाना जसवंतनगर को पूरी घटना बताई और उनके घर पर छिप गया था। विमल के पास से इंद्रेश का मोबाइल भी बरामद कर लिया गया। कार्रवाई के बाद विमल निवासी अशोक नगर थाना फ्रेंड्स कॉलोनी, राजू सिंह चौहान व अनूप सिंह उर्फ कल्लू को जेल भेज दिया गया।

# आठ हजार लोग योजनाओं के लाभ से वंचित

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

जिले में पति की मृत्यु के बाद मिलने वाली आर्थिक मदद और वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थियों के लिए दूर की कौड़ी साबित हो रही है। समाज कल्याण विभाग की तरफ से संचालित इन योजनाओं का लाभ करीब आठ हजार लाभार्थियों को बजट और कागजातों के अभाव में नहीं मिल पा रहा है। ये फरियादी दो माह से विभाग के चक्कर काटने को मजबूर हैं। विभाग के अधिकारी फरियादियों को बजट न होने का हवाला देकर वापस कर रहे हैं। आखिर में पैसा कब मिलेगा इसकी किसी को सही जानकारी तक नहीं हैं। समाज कल्याण विभाग गरीब वर्ग के लोगों को वृद्धा पेंशन, पारिवारिक लाभ और एससी-एसटी वर्ग के पीड़ितों को आर्थिक मदद देता है।

वृद्धा पेंशन योजना के तहत प्रति माह एक हजार रुपये और पारिवारिक लाभ योजना में 30 हजार रुपये और उत्पीड़न के मामले में केस के आधार पर पीड़ित को पैसा दिया जाता है। सभी योजनाओं में केंद्र और राज्य सरकार से बजट जारी किया जाता है। अक्तूबर में पारिवारिक लाभ योजना के 166 लाभार्थियों को 49 लाख 80 हजार रुपये और एससी-एसटी वर्ग उत्पीड़न के 99 पीड़ितों को 72 लाख 50 हजार रुपये जारी किया गया था।

इस वित्तीय वर्ष में विभाग की ओर से वृद्धावस्था पेंशन के लिए लगभग 70 हजार लोगों की सूची भेजी गई थी। निदेशालय स्तर से पहली किश्त के रूप में 64037 लाभार्थियों को पेंशन मिल सकी। वहीं दूसरी किस्त के रूप में 62990 लाभार्थियों को लाभ मिला। इस बीच सात से आठ हजार लोगों को किस्त किस वजह से रोकी गई, इसकी जानकारी किसी के पास नहीं है।

इस बार भी विभाग की ओर से तीसरी किस्त के लिए 73479 लोगों की सूची भेजी गई है। इनमें से कितने लोगों को लाभ मिल पाएगा यह तो भविष्य के गर्त में है, लेकिन लाभार्थी कार्यालयों के चक्कर काट-काटकर थक गए है। वहीं विभाग के अधिकारियों का कहना है कि धनराशि निदेशालय स्तर से भेजी जाती है। वह तो सत्यापन करके सूची विभाग को भेज देते है।

पारिवारिक लाभ योजना के 432 पीड़ित चार माह से पैसे के लिए विभाग के चक्कर काट रहे हैं। ये वो लाभार्थी हैं जिनका सत्यापन जुलाई माह के बाद कराया गया और पात्रता सूची में शामिल किया गया। विभाग के अधिकारी फरियादियों को बजट जारी होते ही पैसा खाते में पहुंचने का आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन ये कोई नहीं बता पा रहा है कि आखिर में इस बार पीड़ितों को मदद मिलने में इतना क्यों परेशान होना पड़ हो रहा है।

एससी-एसटी वर्ग के तहत सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पीड़ित को आठ लाख रुपये मिलते हैं। इसमें मेडिकल रिपोर्ट के बाद एफआईआर दर्ज होते ही चार लाख, आरोप पत्र दाखिल होने पर दो लाख और दो लाख रुपये कोर्ट का फैसला आने के बाद जारी किया जाता है। दुष्कर्म में पांच लाख मिलते हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | FOODVAN-PFM |
| कार्य का विवरण | Creation, operation and maintenance of Food Van (Serving Customers 24X7) at Phaphamau railway station over Lucknow Division for a period of 5 years, as per site plan attached. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 20.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.12.24 at 10:00 Hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.12.24 at 10:30 Hrs |
| वेबसाईट विवरण जहा पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |
| विशेष नोट | In the above work license is responsible for arrangement of van (or similar) that to be converted into food van. Entire cost of procurement, conversion creation, operation and maintenance lie with the licensee to whom work is allotted. |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3616/24

▸ पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय


# भारत में एकात्म मानववाद के सिद्धांत को अपनाकर हो आर्थिक विकास

**इस प्रकार भारतीय चिंतन परम्परा में विकास के उक्त चार प्रारूप माने गए हैं। इन चारों प्रारूपों का उपयोग चार युगों सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग एवं कलियुग में होता पाया गया है। इसमें सबसे उत्तम सतयुगी विकास प्रारूप को माना गया है तथा सबसे अधम कलियुगी विकास प्रारूप को माना गया है। भारत में, वर्तमान खंडकाल में त्रेतायुग के रामराज्य को भी बहुत अच्छा माना गया है एवं इसके स्थापना की कल्पना की जाती रही है। पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय ने महात्मा गांधी जी के ट्रस्टी शिप एवं हिंद स्वराज्य के विवेचन को भी अपने विमर्श में स्थान दिया है।**

*भारतीय संस्कृति के अनुसार ही भारतीय आर्थिक दर्शन में भी सृष्टि की समस्त इकाईयों, अर्थात व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र एवं समष्टि को एक माला की कड़ी के रूप में देखा गया है। एकता की इस कड़ी को ही पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय ने 'एकात्म मानववाद' बताया है। एकात्म मानववाद वैदिक काल से चले आ रहे सनातन प्रवाह का ही युगानुरूप प्रकटीकरण है। सनातन हिंदू दर्शन आत्मवादी है। आत्मा ही परम चेतन का अंश है। पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय ने समाज और राष्ट्र में भी चित्त, आत्मा, मन, बुद्धि एवं शरीर आदि का समुच्चय देखा है। अतः इस एकात्म मानववादी दर्शन के उतने ही आयाम एवं विस्तार है, जितनी मनुष्य की आवश्यकताएं हैं। इन विभिन्न आवश्यकताओं का केंद्र बिंदु अर्थ को ही माना गया है। कौटिल्य ने अर्थशास्त्र की परिभाषा में लिखा है कि अर्थशास्त्र का मुख्य अभिप्राय, अप्राप्ति की प्राप्ति; प्राप्ति का संरक्षण तथा संरक्षित का उपभोग है। एकात्म मानववाद में भी आर्थिक व्यवहार उक्त आधारों पर ही टिके होते हैं। इस प्रकार, अर्थशास्त्र की दिशा स्वतः ही विकासवादी हो जाती है। भारत के नागरिक पिछले लम्बे समय से पश्चिमी शिक्षा व्यवस्था में पले बढ़े हैं अतः वे भारत की पौराणिक एवं वैदिक ज्ञान परम्परा से विमुख हो गए हैं। इसी प्रकार, प्राचीन भारतीय अर्थशास्त्र एवं आर्थिक चिंतन से भी हम भारतीय इतने अधिक दूर हो गए हैं कि प्राचीन भारतीय अर्थशास्त्र को सिर्फ उक्ति एवं सिद्धांत मानने के साथ साथ अव्यवहारिक भी मानने लगे हैं। जबकि, वैदिक साहित्य में धन के 22 से अधिक प्रकारों की स्पष्ट व्याख्या की गई है, जिसमें शेयर से लेकर आय एवं मूलधन भी सम्मिलित है। प्राचीन भारत के आर्थिक चिंतन को आज यदि लागू किया जाता है तो केवल भारत ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानवता का कल्याण होगा, क्योंकि हिंदू अर्थशास्त्र एकात्म मानववाद पर आधारित है, जिसमें व्यक्ति अपने लिए नहीं, वरन समष्टि के लिए जीता है। इसे निम्नलिखित सूत्र के माध्यम से अधिक स्पष्ट किया जा सकता हैं एकात्म मानववादी अर्थशास्त्र में व्यक्ति अपने एवं अपनों के स्थान पर समष्टि तथा चराचर और परमार्थ के लिए जीता है। जिसमें स्वयं के लिए मुनाफा एवं लाभ के स्थान पर दूसरों की चिंता मुख्य होती है। परंतु, इसके ठीक विपरीत पश्चिम का अर्थशास्त्र आत्मकेंद्रित व्यवहार एवं स्वार्थ पर खड़ा है। पश्चिम के विकासवादी दर्शन का केंद्र मुनाफा, स्वार्थ एवं लाभ है। परंतु, हिंदू आर्थिक चिंतन के आधार पर खड़े एकात्म मानववाद का आधार अथवा केंद्र परमार्थ है। इसलिए एकात्म मानववादी आर्थिक विकास में विकास केवल अर्थ के लिए नहीं वरन परमार्थ के लिए है। हिंदू आर्थिक दर्शन परम्परा में विकास की अवधारणा को समग्रता में व्यक्त किया गया है। यह विकास त्रिगुण आधारित है। इस त्रिगुण में- सत, रज एवं तम सम्मिलित है। प्राचीन भारतीय चिंतन में सत्तवादी विकास श्रेष्ठ माना गया है। इस सत्तवादी विकास के तत्व हैं ज्ञान, तपस्या, सदकर्म, प्रेम एवं समत्वभाव तथा इसकी उपस्थिति सतयुग में मानी गई है। विकास का दूसरा स्वरूप रजस को माना गया। इस रजसवादी विकास के तत्व हैं अहंबुद्धि, प्रतिष्ठा, मानबढ़ाई, लौकिक, पारलौकिक सुखा मत्सर, दम्भ एवं लोभ तथा इसकी उपस्थिति त्रेतायुग में मानी गई है। इसे मानवीय और मध्यम माना गया है। इसी प्रकार, विकास का तीसरा स्वरूप तमस को माना गया है। इस तमसवादी विकास के तत्व हैं असत्य, हिंसा, विषाद, शोक, मोह, भय तथा इसकी उपस्थिति कलयुग में मानी गई है। इस प्रकार सत, रज एवं तम गुणों के आधार पर उक्त विकास के तीन रूपों के साथ एक मिश्रित विकास का भी मॉडल माना गया है।*

## एक्सप्रेस आलेख

भारत की गंगा, यमुना और ब्रह्मपुत्र जैसी महान नदियां हमारी प्राचीन सभ्यता का जन्म स्थल रही है। नरेंद्र मोदी ने डोमिनिका को एक बहुमूल्य उपहार देते हुए कोरोना वैक्सीन एस्ट्राजेनेका की सत्तर हजार डोज की आपूर्ति की थी। प्रधानमंत्री मोदी की इसी उदारता को चिह्नित करते हुए डोमिनिका की सरकार ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित करने का फैसला किया था। नरेंद्र मोदी को कई देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है। बीते जुलाई माह में ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल, से सम्मानित किया गया था।



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

**पीएम मोदी को भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो से भी सम्मानित किया गया। भूटान ने पहली बार किसी गैर भूटानी व्यक्ति को यह सम्मान दिया है। प्रधानमंत्री मोदी को संयुक्त अरब अमीरात, अफगानिस्तान, बहरीन और सऊदी अरब, फ्रांस, मिस्त्र, फिजी,पापुआ न्यू गिनी, पलाऊ, मालदीव, फलस्तीन के भी शीर्ष नागरिक पुरस्कार मिल चुके हैं।**

# राष्ट्रीय हितों का संवर्धन

भारत ने जी ट्वेंटी की अध्यक्षता ब्राजील को सौंपी थी। उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में स्वस्ति अस्तु विश्वस्य का संदेश दिया था। इस श्लोक के साथ ही नरेंद्र मोदी ने ब्राजील को यह दायित्व दिया था। नरेंद्र मोदी ने इस संगठन को वसुधैव कुटुंबकम् से परिचित कराया था। किसी वैश्विक संगठन ने पहली बार भारतीय सूक्ति को अपना ध्येय वाक्य बनाया था। वस्तुतः यह भारतीय चिंतन के बढ़ते प्रभाव और लोकधर्म की प्रतिध्वनि है। इसे विश्व सहजता से स्वीकार कर रहा है। लोगों को धीरे-धीरे यह समझ में आ रहा है कि वैश्विक समस्याओं का समाधान भारतीय चिंतन के माध्यम से किया जा सकता है। जी ट्वेंटी सम्मेलनों में भारतीय चिंतन को महत्व मिल रहा है। एक पृथ्वी एक परिवार एक भविष्य यह भारतीय विचार है। यही संस्कार, विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। भारत ने जी ट्वेंटी को नया आयाम दिया था। भारत ने इसे नया प्रतीक चिन्ह दिया था। जिसमें सात पंखुड़ियों वाले कमल के फूल पर गोलाकार विश्व स्थित था। इसके नीचे भारतीय संस्कृति का प्रसिद्ध ध्येय वाक्य 'वसुधैव कुटुम्बकम' अंकित था। ब्राजील में भी नरेन्द्र मोदी विश्व शांति का संदेश दिया। सामाजिक समावेशन तथा भूख और गरीबी के विरुद्ध लड़ाई विषय पर विचार व्यक्त किए। भारत अपनी तरफ से अफ्रीका और अन्य जगहों पर खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने में सहयोग करता है। एक पृथ्वी,एक परिवार,एक भविष्य का आह्वान रियो में होने वाली बातचीत में गूंज रहा है। भूख और गरीबी के खिलाफ वैश्विक गठबंधन स्थापित किया जाएगा। संघर्षों के कारण खाद्य, ईंधन और उर्वरक संकट बढ़ा है। सतत विकास लक्ष्यों पर अमल अपरिहार्य है। भारत ने पिछले दस वर्षों में पच्चीस करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। देश में अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न वितरित कर रहा है। खाद्य सुरक्षा से निपटने में भारत सफल रहा है। इस दौरान ब्राज़ील में भारतीय संस्कृति का जश्न दिखाई दे रहा था। इसके पहले नरेन्द्र मोदी को 'ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर' पुरस्कार से सम्मानित किया। यह सम्मान सिर्फ महारानी एलिजाबेथ को ही मिला है। अफ्रीका के साथ करीबी सहयोग भारत की उच्च प्राथमिकता रहा है। आपसी सहयोग को और अधिक सुदृढ़ और व्यापक बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। अर्थव्यवस्था, ऊर्जा,कृषि,सुरक्षा, फ़िनटेक,छोटे और मझोले उद्योग और सांस्कृतिक क्षेत्रों में नई संभावनाओं की पहचान की गई। रियो डी जेनेरियो में पारंपरिक पोशाक पहने वैदिक विद्वानों के समूह ने नरेंद्र मोदी का संस्कृत श्लोकों से स्वागत किया। ब्राज़ील में भारत की संस्कृति, धर्म, प्रदर्शन कला और दर्शन में काफी रुचि है। रामकृष्ण मिशन, इस्कॉन, सत्य साईं बाबा आंदोलन, महर्षि महेश योगी के अनुयायी और भक्ति वेदांत फाउंडेशन जैसे संगठनों की ब्राज़ील में सक्रिय शाखाएं हैं। भारतीय दर्शन और आध्यात्मिकता के तत्व ब्राज़ील में है।। नरेंद्र मोदी ने अपनी यात्रा के अंतिम चरण में गुयाना का दौरा किया। यह पचास वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की गुयाना की पहली यात्रा होगी। भारत और नाइजीरिया के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम, सीमा शुल्क सहयोग और सर्वेक्षण सहयोग पर तीन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, शिक्षा, ऊर्जा, स्वास्थ्य, संस्कृति और लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्र में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने नाइजीरिया को कृषि, परिवहन, सस्ती दवा, नवीकरणीय ऊर्जा और डिजिटल परिवर्तन में भारत के अनुभव की पेशकश की। राष्ट्रपति टीनूबू ने भारत द्वारा पेश विकास सहयोग साझेदारी और स्थानीय क्षमता, कौशल और पेशेवर विशेषज्ञता बनाने में इसके सार्थक प्रभाव की सराहना की। दोनों नेताओं ने रक्षा और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा की। उन्होंने आतंकवाद, समुद्री डकैती और कट्टरपंथ से संयुक्त रूप से लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई। राष्ट्रपति टीनूबू ने वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट्स के माध्यम से विकासशील देशों की चिंताओं को बढ़ाने के भारत के प्रयासों को स्वीकार किया। दोनों नेताओं ने ग्लोबल साउथ की विकास आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई। भारत कैरेबियाई देश में अपना फार्मा निर्यात बढ़ाएगा। इस दिशा में हम यहां जन औषधि केंद्र स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। ऊर्जा के क्षेत्र में नई संभावनाओं को देखते हुए हम नेचुरल पार्टनर के रूप में आगे बढ़ेंगे। हमें उम्मीद है कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा में गयाना अहम भूमिका निभाएगा। नरेन्द्र मोदी ने गुयाना की संसद के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में सबसे पावरफुल मंत्र लोकतंत्र प्रथम, मानवता प्रथम है। लोकतंत्र प्रथम, मानवता प्रथम की भावना पर चलते हुए आज भारत विश्व बंधु के रूप में विश्व के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहा है। विश्व स्तर पर कोई समस्या उत्पन्न होने पर भारत सबसे पहले मदद का हाथ बढ़ाता है। कोविड के दौरान भारत ने डेढ़ सौ से अधिक देशों के साथ दवाइयां और वैक्सीन साझा कीं। यह समय संघर्ष का नहीं, बल्कि संघर्ष पैदा करने वाली परिस्थितियों को पहचानने और उनको दूर करने का है। आज भारत हर तरह से वैश्विक विकास, शांति के पक्ष में खड़ा है। इसी भावना के साथ आज भारत ग्लोबल साउथ की भी आवाज बना है। मोदी को अपने सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया था। गुयाना में आयोजित भारत-कैरीकोम सम्मेलन के दौरान डोमिनिका की राष्ट्रपति सिलवेनी बर्टन ने प्रधानमंत्री मोदी को इस सम्मान से सम्मानित किया। गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. इरफान अली ने जॉर्जटाउन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया।



**कोविड के दौरान भारत ने डेढ़ सौ से अधिक देशों के साथ दवाइयां और वैक्सीन साझा कीं। यह समय संघर्ष का नहीं, बल्कि संघर्ष पैदा करने वाली परिस्थितियों को पहचानने और उनको दूर करने का है। आज भारत हर तरह से वैश्विक विकास, शांति के पक्ष में खड़ा है।**

## एक्सप्रेस कविता

*मुफलिसी अब रिश्तेदार हो गई है*
*फकीरी अब बेशुमार हो गई है।।*
*किसी की कोई कहाँ कद्र करता।*
*तंगहाली मेरा संसार हो गई है।।*
*देखे हमने न जाने कितने कद्रदान।*
*गर्दीशी मेरे गले का हार हो गई है।।*
*नंगे पैर चलोगे तो कांटे चुभेंगे ही।*
*राहें यहां की बड़ी रंगदार हो गई है।।*
*जिनके भी हाथ लगी दौलत-हुकूमत।*
*वो सब हस्तियां जागीरदार हो गई है।।*
*आप हमसे करें प्यार या बेशक नफरत।*
*जिन्दगी तुम पर जानिसार हो गई है।।*
*हमें मालूम है आपकी हक़ीक़ी फितरत।*
*आप रंगमंच की कलाकार हो गयी हैं।।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

***शक्ति ही जीवन है, कमजोरी मृत्यु है विस्तार जीवन है, संकुचन मृत्यु है प्यार ही जीवन है, घृणा मृत्यु है***

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | नवमी 22:21 तक |
| नक्षत्र: | पूर्व फाल्गुनी 22:13 |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | रविवार |
| योग: | वैधृति, 12:08 |
| सूर्योदय: | 06:54 |
| सूर्यास्त: | 17:19 |
| चंद्रमा: | सिंह राशि में |
| राहुकाल: | 16:01-17:19 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1946 |
| मास: | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्त: | 11:46-12:28 |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को ।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी ।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही ।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे ।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा ।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी ।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफ़ूज़ ।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित ।*
*जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# धूम्रपान से पुरुषों की प्रजनन क्षमता पर पड़ता है गहरा असर



**वर्तमान** समय में धूम्रपान करना स्टाइल का एक प्रतीक बन चुका है, इसके साथ ही युवा पीढ़ी में इसे तनाव को कम करने और सामाजिक रूप से जुड़ाव बनाने का एक आसान तरीका समझा जाता है। ऑफिस का ब्रेक हो या दोस्तों के साथ पार्टी, सिगरेट पीना एक सामान्य आदत बनता जा रहा है। धूम्रपान सिर्फ फेफड़ों के लिए हानिकारक नहीं है, बल्कि यह शरीर के कई अन्य जरूरी अंगों को भी नुकसान पहुंचाता है। खासतौर पर पुरुषों में यह प्रजनन क्षमता यानी फर्टिलिटी को प्रभावित करता है, जिससे न सिर्फ उनके स्वास्थ्य पर असर पड़ता है, बल्कि फैमली प्लानिंग में भी मुश्किलें आती हैं।

**शुक्राणु की क्वालिटी पर असर:** धूम्रपान का पुरुषों की प्रजनन क्षमता पर पहला असर शुक्राणु की गुणवत्ता यानी क्वालिटी पर पड़ता है। सिगरेट के धुएं में मौजूद हानिकारक केमिकल शुक्राणुओं की क्वालिटी को प्रभावित करते हैं। इनमें डीएनए नुकसान, कम गतिशीलता और मोटिलिटी की समस्या शामिल है। इसकी वजह से शुक्राणु निषेचन क्षमता में कमी आ सकती है, जो गर्भधारण की संभावना को कम कर देता है।

**शुक्राणु उत्पादन की समस्या:** धूम्रपान से पुरुषों में शुक्राणु उत्पादन में कमी आ सकती है। सिगरेट में मौजूद केमिकल जैसे निकोटिन शरीर में प्रवेश करके टेस्टोस्टेरोन जैसे प्रमुख हार्मोन के उत्पादन को प्रभावित करते हैं। यह टेस्टिकल्स की कार्यक्षमता को कम कर सकता है और शुक्राणुओं की संख्या में कमी कर सकता है। यही कारण है कि धूम्रपान करने वाले पुरुषों में शुक्राणु की संख्या सामान्य से कम पाई जाती है।

**हार्मोन असंतुलन:** धूम्रपान से पुरुषों के शरीर में हार्मोनल असंतुलन भी हो सकता है, जो उनके प्रजनन स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। सिगरेट पीने से टेस्टोस्टेरोन के स्तर में गिरावट आ सकती है, जिससे पुरुषों की यौन इच्छाओं और प्रजनन क्षमता में कमी आ सकती है। इसके अलावा, धूम्रपान से शरीर में कोर्टिसोल जैसे तनाव हार्मोन का स्तर भी बढ़ सकता है, जो पुरुषों के प्रजनन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है।

**यौन स्वास्थ्य पर असर:** धूम्रपान के कारण पुरुषों में यौन स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी शुरू हो सकती हैं। कई पुरुषों को धूम्रपान करने से यौन उत्तेजना और इरेक्टाइल डिसफंक्शन की समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि धूम्रपान से रक्त संचार में कमी हो सकती है। यह यौन जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करता है और पुरुषों के आत्मविश्वास को भी कम करता है।

**धूम्रपान छोड़ने के फायदे:** धूम्रपान छोड़ने के बाद शुक्राणुओं की गुणवत्ता में सुधार देखा गया है। इससे रक्त संचार बेहतर होता है, टेस्टोस्टेरोन का स्तर बढ़ता है और हार्मोनल संतुलन फिर से स्थिर हो सकता है। इसके अलावा, धूम्रपान छोड़ने से पुरुषों के यौन स्वास्थ्य में भी सुधार होता है।

**निष्कर्ष:** धूम्रपान पुरुषों की फर्टिलिटी पर गंभीर प्रभाव डालता है। यह शुक्राणु की गुणवत्ता, संख्या, गतिशीलता और डीएनए को प्रभावित करता है, जो गर्भधारण में रुकावट डाल सकता है। इसके अलावा, धूम्रपान से पुरुषों के हार्मोनल असंतुलन आता है, जो उनके यौन स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। इसलिए, यदि आप प्रजनन स्वास्थ्य को सुधारना चाहते हैं, तो धूम्रपान छोड़ना सबसे अच्छा कदम होगा।

## एक्सप्रेस विशेष

# दिल्ली में लगातार गंभीर होता वायु प्रदूषण संकट



-डॉ सत्यवान सौरभ

**पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं पर जनता को शिक्षित करना, जैसे कि वाहनों को निष्क्रिय रखना, प्रदूषण के स्तर को काफ़ी हद तक प्रभावित कर सकता है। रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ जैसे अभियान उत्सर्जन को कम करने के लिए व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित करते हैं।**

**कॉनॉट प्लेस के स्मॉग टावर ने प्रदूषण के चरम समय के दौरान वायु गुणवत्ता में स्थानीय सुधार दिखाया है। वास्तविक समय प्रदूषण निगरानी सेंसर जैसे उन्नत निगरानी उपकरण लक्षित हस्तक्षेपों के लिए सटीक डेटा प्रदान कर सकते हैं वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग दिल्ली की वायु गुणवत्ता संकट को दूर करने के लिए अंतर-राज्यीय सहयोग को बढ़ावा देता है।**

**भारत** अपने विषैले धुएँ को साफ करने में क्यों विफल रहा है? तकनीकी प्रगति और नीतिगत हस्तक्षेपों के बावजूद दिल्ली को अक्सर दुनिया भर में सबसे प्रदूषित शहरों में से एक माना जाता है, जहाँ वायु गुणवत्ता में गंभीर गिरावट का सामना करना पड़ रहा है। नवंबर 2024 में, वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर स्तर को पार कर गया, जो कुछ क्षेत्रों में 500 तक पहुँच गया, जो 400 की गंभीर सीमा से कहीं अधिक है। यह भयावह स्थिति शहर के बढ़ते प्रदूषण संकट से निपटने के लिए प्रभावी, दीर्घकालिक समाधानों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है। सामान्य वायु प्रदूषण भारत में अपनी आधी से अधिक बिजली बनाने के लिए कोयले को जलाने से जुड़ा है। दिल्ली में, यह लाखों कारों से होने वाले उत्सर्जन और निर्माण उद्योग से निकलने वाले धुएँ के साथ मिलकर काम करता है, जहाँ कोई प्रदूषण नियंत्रण नहीं है। कुछ लोग दिवाली के दौरान पटाखों के व्यापक उपयोग को भी इसके लिए दोषी ठहराते हैं। अधिकारियों ने 2017 में पारंपरिक पटाखों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया था और लोगों को केवल पर्यावरण के अनुकूल रोशनी का उपयोग करने की अनुमति दी थी, लेकिन नियम को ठीक से लागू नहीं किया गया। पीएम2.5, प्रदूषित हवा में मौजूद सूक्ष्म कण पदार्थ, फेफड़ों में गहराई तक जाकर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, खासकर बच्चों, बुजुर्गों और श्वसन या हृदय की स्थिति वाले लोगों के लिए। हर साल, भारत में श्वसन सम्बंधी बीमारियों से सैकड़ों हजार लोग मरते हैं। 2021 में विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट में पाया गया कि भारत का कोई भी शहर प्रति घन मीटर हवा में 5 माइक्रोग्राम पीएम2.5 के अद्यतन विश्व स्वास्थ्य संगठन सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं करता है। भारत के लगभग आधे राज्य इस सीमा को 10 गुना से भी ज़्यादा पार कर गए हैं। तेज़ी से बढ़ते शहरीकरण और निजी वाहनों की बढ़ती संख्या कण पदार्थ उत्सर्जन में महत्त्वपूर्ण योगदान देती है। सफ़र इंडेक्स से पता चलता है कि वाहन प्राथमिक प्रदूषक हैं, जो पीएम2.5 उत्सर्जन में लगभग 40 प्रतिशत और नाइट्रोजन ऑक्साइड में 81 प्रतिशत का योगदान करते हैं। पुरानी तकनीक और उचित उत्सर्जन नियंत्रण की कमी के कारण दिल्ली और उसके आसपास के उद्योग ज़हरीली गैसें छोड़ते हैं। एनजीटी ने सीपीसीबी द्वारा प्रस्तुत क्षमता रिपोर्ट के आधार पर जिगजैग तकनीक वाले ईंट भट्ठों सहित सभी ईंट भट्ठों को बंद करने का निर्देश दिया है। पंजाब और हरियाणा में फ़सल अवशेषों को जलाने से दिल्ली की हवा में भारी मात्रा में धुआं और कण निकलते हैं। एनसीआर में चल रही निर्माण परियोजनाओं से अपर्याप्त नियंत्रण उपायों के कारण बड़ी मात्रा में धूल उत्पन्न होती है। राजमार्गों और मेट्रो लाइनों के निर्माण से परियोजना निष्पादन के दौरान पीएम 10 के स्तर में वृद्धि हुई है। भारत-गंगा के मैदान में दिल्ली का स्थान और सर्दियों के दौरान कम हवा की गति प्रदूषकों को फंसाती है, जिससे घने धुएँ की परत बनती है। दिल्ली के वायु प्रदूषण को दूर करने के लिए निवारक उपाय स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देना है जैसे सीएनजी, इलेक्ट्रिक वाहन और हाइड्रोजन जैसे स्वच्छ ईंधन पर स्विच करना वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को काफ़ी हद तक कम कर सकता है। दिल्ली की इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत, सभी डिलीवरी सेवा प्रदाताओं को 2023 तक अपने बेड़े का 50त्न और 2025 तक 100त्न इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलना होगा। किसानों को बायो-डीकंपोजर और नो-बर्न तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने से पराली जलाने में कमी आ सकती है। महाराष्ट्र में सगुना चावल तकनीक पराली जलाने को कम करती है। सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को बढ़ाने से निजी वाहनों पर निर्भरता कम हो सकती है, जिससे उत्सर्जन पर अंकुश लग सकता है। दिल्ली मेट्रो चरण द्धङ्क का विस्तार कनेक्टिविटी में सुधार और यातायात से सम्बंधित प्रदूषण को कम करने का लक्ष्य रखता है। पूसा द्वारा विकसित बायोडीकंपोजर का उपयोग पराली प्रबंधन के महत्त्वपूर्ण विकल्पों में से एक है। निर्माण स्थलों पर पानी का छिड़काव और एंटी-स्मॉग गन जैसे धूल दबाने वाले पदार्थों के इस्तेमाल को अनिवार्य करना। 2021 की सर्दियों के दौरान, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने आपातकालीन उपायों की एक श्रृंखला शुरू की, निर्माण पर प्रतिबंध लगाया, तीव्र धूल नियंत्रण उपायों को लागू किया। हरित स्थानों का विस्तार करना और सड़कों के किनारे पेड़ लगाना प्राकृतिक वायु शोधक के रूप में कार्य कर सकता है। नगर वन योजना एनसीआर उप-क्षेत्रों में हरियाली के लिए एक अवसर है।

# लखीमपुर महोत्सव, दुधवा हवाई सेवा से होगी शुरुआत

## तराई संस्कृति और विरासत की दिखाई देगी झलक

- लखीमपुर महोत्सव की शुरुआत पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह दुधवा हवाई सेवा से करेंगे

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अनूठी पहल पर पहली बार लखीमपुर महोत्सव-2024 की शुरुआत होगी, जो पांच अलग-अलग स्थान पर 25 से 28 नवंबर के बीच आयोजित होगा। इसके लिए सभी तैयारिया युद्धस्तर पर चल रही। शनिवार को कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने आयोजन से जुड़े अफसरो की बैठक ली और तैयारियों की रूपरेखा तय की। गौरतलब है। कि लखीमपुर महोत्सव की शुरुआत करने पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह लखनऊ से आएंगे। इस दौरान वह दुधवा में हेलीकॉप्टर सेवा की औपचारिक शुरुआत करेंगे। इससे पर्यटन में चार चांद लगेंगे।लखीमपुर महोत्सव में तराई की संस्कृति और विरासत की झलक देखने को मिलेगी।राष्ट्रीय कलाकार जहां अपनी आवाज का जलवा बिखेरेंगे, वहीं थारू नृत्य और लोकल कलाकार भी अपना हुनर दिखाएंगे। दुधवा टाइगर रिजर्व से लेकर छोटी काशी और मेंढक मंदिर तक अलग अलग जगहों पर चार दिन तक चलने वाले महोत्सव में पांच प्रोग्राम किए जाएंगे। खीरी की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा, कि लोकल फॉर वोकल को ध्यान में रखते हुए, जहां एक तरफ थारू नृत्य है। तो वहीं पंजाबी सिंगर बी प्राक भी अपनी आवाज का जलवा बिखेरेंगे। यह महोत्सव चार दिवसीय होगा. लेकिन, अलग अलग जगहों पर इसके कार्यक्रम होंगे. हमने पूरे जिले की विरासत को आगे बढ़ाने और लोगों को इससे रूबरू कराने के लिए हेरिटेज साइट्स पर यह कार्यक्रम रखे हैं। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि दुधवा टाइगर रिजर्व से मेंढक मंदिर तक अलग - अलग जगहों पर रंगारंग कार्यक्रम होंगे। 25 को दुधवा टाइगर रिजर्व से पर्यटन मंत्री जयवीर हेलीकॉप्टर से दुधवा हवाई पट्टी पर उतरकर हवाई सेवा का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद पर्यटन मंत्री 11 बजे पलिया एयरस्ट्रिप पर आएंगे। इसके बाद फॉरेस्ट ऑडिटोरियम दुधवा में 11.50 से कार्यक्रम होंगे। इसके लिए इको टूरिज्म नेचर कंजर्वेशन का थीम के तहत दुधवा को चुना गया है। डीएम ने बताया कि दुधवा कार्यक्रम में आदिवासी थारू संस्कृति की झलक यहां देखने को मिलेगी। 25 की शाम लखीमपुर में अलग अलग कलाकार प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान थारू नृत्य भी होगा। बी प्राक भी अपनी आवाज का जलवा बिखेरेंगे. रिलिजियस थीम छोटी काशी में 26, कोटवारा में 27 को गोला में कार्यक्रम होंगे।

28 को मेंढक मंदिर में लखीमपुर महोत्सव का समापन होगा।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने बताया, कि इस दौरान कुल 54 कार्यक्रम होंगे।इसमें 30 लोकल कलाकार होंगे। नए कलाकारों को हॉर्स शो और लाइट एंड सॉन्ग शो मेंढक मंदिर में समापन कार्यक्रम के दौरान अवसर मिलेगा, जो विशेष आकर्षण का केंद्र होगा।

# युवराज दत्त महाविद्यालय में जागरूक मतदाता लोकतंत्र का विधाता विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



जिला निर्वाचन अधिकारी, लखीमपुर खीरी के पत्र संख्या 2872/ निर्वाचन पुनरीक्षण 2025 के निर्देशों के अनुपालन में अर्हता तिथि 1/01/2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निवचिक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 से संबंधित जागरुकता अभियान के अंतर्गत 18-19 आयु वर्ग के युवा एवं महिला मतदाताओं को निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराए जाने एवं जागरूक करने हेतु युवराज दत्त महाविद्यालय में तीन दिवसीय विशेष अभियान का आयोजन किया गया। इस क्रम में महाविद्यालय में मतदाता पंजीयन हेल्प डेस्क का शुभारंभ दिनांक 21/11/24 को किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो हेमंत कुमार पाल ने छात्र छात्राओं को लोकतंत्र में मतदाताओं की भूमिका के महत्व से परिचित कराया तथा शत प्रतिशत मतदाता पंजीयन हेतु प्रेरित किया। राजनीति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर श्री सौरभ वर्मा ने विद्यार्थियों को फॉर्म 6 की जानकारी प्रदान की। इसके उपरांत विद्यार्थियों को फॉर्म-6 वितरित किए गए। कार्यक्रम के दूसरे दिन निबंध, वाद विवाद एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में गौसिया फ़ातिमा प्रथम शिवांगी पाण्डेय द्वितीय तथा अनुष्का मिश्रा तृतीय स्थान पर रहीं। वाद विवाद प्रतियोगिता में काशिफा ने पहले शिवांगी पाण्डेय ने दूसरे तथा यशवर्धन अग्रवाल ने तीसरे स्थान पर क़ब्ज़ा जमाया। पोस्टर प्रतियोगिता में कशिश जायसवाल प्रथम, सीमा द्वितीय तथा ईशा श्रीवास्तव तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर श्री सौरभ वर्मा ने किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो हेमंत कुमार पाल ने छात्र छात्राओं को लोकतंत्र में मतदाताओं की भूमिका के महत्व से परिचित कराया तथा शत प्रतिशत मतदाता पंजीयन हेतु प्रेरित किया। प्रो.सुभाष चंद्रा ने सभी को मतदाता जागरूकता शपथ दिलवायी। कार्यक्रम के तीसरे दिन जागरूक मतदाता लोकतंत्र का विधाता विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय प्रवर्तन श्री सौरभ वर्मा ने किया। इसके उपरांत प्रो.सुभाष चंद्रा ने विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024-25 व फ़ॉर्म 6,7 एवं 8 के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम प्रभारी प्रोफ़ेसर संजय कुमार ने लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका एवं निष्पक्ष मतदान के महत्व को रेखांकित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.हेमंत कुमार पाल ने अध्यक्षीय उद्बोधन में छात्रों को संबोधित करते हुए अधिक से अधिक मात्रा में मतदाता पंजीयन हेतु प्रेरित किया तथा कहा कि लोकतंत्र के निर्माण में आपके द्वारा किया गया वोट एक स्वर्णिम भविष्य का आधार बनेगा। ऐसे में मतदान न केवल अधिकार वरन कर्तव्य भी है।

इस अभियान में डॉ.जे.एन. सिंह, प्रो.एस. के पाण्डेय, प्रो.ज्योति पंत, श्री रचित कुमार, डॉ.अमित सिंह, श्री श्वेतांक भारद्वाज एवं श्री धर्म नारायण का सक्रिय योगदान रहा।

# विद्यालय बना नर्तकियों के ठहरने का अड्डा

जन एक्सप्रेस । सिगाही खीरी



संविलियन विद्यालय मेला मैदान सिगाही बना नृतकियो के ठहरने का अड्डा बन गया है। रामलीला मेला समिति के द्वारा रामलीला मंच पर नोटकी करने वाली बारबालों के नाचने वाली नृतकियो के स्कूल मे ठहरने से नौनिहाल छात्र छात्राओं की पढ़ाई 3 दिन से ठप है निघासन एसडीएम भी सब कुछ जानकर अनजान बने हुए हैं। कस्बे में चल रही श्री रामलीला में पिछले तीन दिनों से बाल बालों के द्वारा नौटंकी का प्रोग्राम कर रामलीला के मंच पर जमकर असलीलता का परोसी जा रही है। रामलीला के मंच पर अपना नृत्य दिखाकर लोगों को लुभाने वाली नर्तकियों के ठहरने की जगह सिविलियन विद्यालय मेला मैदान बनाया गया है वहां वह पिछले तीन दिनों से रहकर रामलीला के मंच पर अपनी नित्य कला का प्रदर्शन कर रही है शिक्षा विभाग की उदासीनता के चलते स्कूल में बाल बालों के डेरा जम जाने के कारण स्कूल का शिक्षण कार्य पिछले तीन दिनों से ठप है शिक्षा विभाग सबको जानकर अनजान बना हुआ है मेले में निघासन एसडीएम राजीव निगम ने मेला मैं रामलीला करवाने की परमिशन दी है लेकिन रामलीला मेला समिति प्रशासनिक कायदे कानून को तक पर रखकर समाज को शर्मसार करने वाले बाल बालों का डांस खुले मंच पर निरंतर 3 दिन से कर रही है अपनी नृतय कला का प्रदर्शन कर समाज में फुहारता परोसने वाली बारबालाओ स्कूल मे ठहरा दिया गया खीरी की जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल वह उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों में बच्चों के शिक्षण कार्य के लिए लाखों रुपए खर्च कर सब बड़े सब पढ़े का नारा दिया जा रहा है जिलाधिकारी स्कूलों में जाकर बच्चों के शिक्षण कार्य का भी अवलोकन कर रहे हैं लेकिन सिंगाही में शिक्षकों की उदासीनता के चलते स्कूल नृरतकियो के ठहरने का अड्डा बन गया है। खण्ड शिक्षा अधिकारी फूलचंद ने बताया की नौटंकी मे नाचने वाली नृरतकियो की की ठहरने की व्यवस्था स्कूल मैं जबर्दस्ती शिक्षक को दबाव में लेकर किया गया होगा यह कृत्य सामाजिक तौर पर बिल्कुल गलत है इस पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

निघासन एसडीएम राजीव निगम ने बताया की विद्यालय बच्चों के शिक्षण कार्य के लिए होता है विद्यालय में नर्तकियों का रुकना निंदनीय है एबीएससी से बोलकर कार्रवाई की जाएगी।

# नाबालिग से दुष्कर्म के अभियुक्त को 10 वर्ष का कारावास

- कोर्ट ने 70 हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया, अर्थदंड अदा न करने पर पांच माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा

जन एक्सप्रेस । बहराइच



पुलिस विभाग तथा न्याय विभाग के संयुक्त प्रयास से चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अभियोगों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध अधिकतम/ त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट दीपकान्त मणि ने किशोरी के साथ दुराचार करने के आरोपी को 10 वर्ष का कारावास व 70,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

वादी मुकदमा द्वारा दी गयी लिखित सूचना के आधार पर 24 सितम्बर 2015 को वादी की 16 वर्षीय पुत्री को गांव के ही पृथ्वीराज पुत्र जगदीश गोड़िया भगा ले गये, जिसे गांव के कई लोगों ने देखा परन्तु पृथ्वीराज से पूछने पर उसने कुछ नहीं बताया। पीड़िता की तलाश के बाद भी वह नहीं मिली जिसके सम्बन्ध में थाना जरवल रोड में 1 अक्टूबर 2015 को मु.अ.सं. 1618/2015 धारा 363, 366 भा.द.वि. बनाम पृथ्वीराज (29) पुत्र जगदीश निवासी तप्पेसिपाह, थाना जरवल रोड, जनपद बहराइच पंजीकृत किया गया। विवेचक उप निरीक्षक लाल बिहारी द्वारा साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त पृथ्वीराज के विरुद्ध आरोप पत्र 8 नवंबर 2015 को धारा 363, 366, 376 भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट दाखिल किया गया जिसका 21 नवंबर 2015 को कोर्ट द्वारा संज्ञान लेकर 4 जनवरी 2016 को विरचित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रभारी थाना जरवल रोड, थाना पैरोकार आरक्षी शिवपूजन वर्मा की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप 22 नवंबर 2024 को दोषी अभियुक्त पृथ्वीराज पुत्र जगदीश निवासी तप्पेसिपाह, थाना जरवल रोड को 10 वर्ष का कारावास व 70,000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया, अर्थदण्ड न अदा करने की स्थिति में पांच माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। अभियुक्त को सज़ा दिलाने में विशेष शासकीय अधिवक्ता सन्त प्रताप सिंह, सन्तोष सिंह व सुरेन्द्र कुमार मौर्या तथा कोर्ट मोहर्रिर का0 बृजेश कुमार सहानी का विशेष सहयोग रहा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### आमना सामना कार्यशाला के तहत पेस व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की हुई बैठक




जन एक्सप्रेस । सीतापुर। विकास खंड पहला के सभागार में पेस संस्था एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के तत्वावधान में गुरूवार को आमना-सामना कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें एनआरएलएम विभाग एवं महिला समूह सदस्यों के बीच आमना-सामना करवाया गया। कार्यशाला में पेस द्वारा 50 ग्राम पंचायतों में चलाए जा रहे पंचायतीराज सशक्तिकरण परियोजना में से ग्राम पंचायत मलेथू, सिकंदराबाद, कबरा, सरैयाशंकरबक्श, ठठेरिया, कबरा, कोरार, खालगांव, देवकलिया, दिल्ली आगरा के 57 सदस्य उपस्थित रहे। पेस संस्था की जिला समन्वयक बीना पांडेय ने आये हुए सभी सदस्यों का स्वागत करते हुये संस्था का परिचय बताते हुए परियोजना के उद्देश्य को बताया। कार्यक्रम में आये एनआरएलएम विभाग के ब्लॉक मिशन मैनेजर पुष्पेंद्र सिंह द्वारा सभी समूह के सदस्यों का पंचायत वार प्रस्तुतीकरण कराकर आ रही समस्याओं के समाधान को लेकर ज्ञापन देने की बात कही। उपस्थित समूह के सदस्यों ने अपने समूहों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन भी दिये। बैठक के दौरान हरिओम वाजपेयी, शैलजा कान्त, रितिक, शैलेन्द्री, वन्दना, तनुजा राजाराम, हरीश, अंकित, अकांक्षा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### खीरी में पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर शीशे से भरा ट्रक पलटा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। में पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर शुक्रवार रात शीशे से भरा ट्रक सड़क किनारे खड़ी ट्रॉली से टकराने के बाद पलट गया। गनीमत रही कि ट्रक के चालक व क्लीनर बाल-बाल बच गए और कोई अन्य व्यक्ति भी घायल नहीं हुआ। घटना नकहा क्षेत्र में अशोगापुर गांव के पास हुई। यहां पर सड़क किनारे ट्रॉली खड़ी थी। रात में लखीमपुर की ओर से बहराइच की तरफ जा रहा शीशे से भरा ट्रक, ट्रॉली से टकराकर पलट गया। इससे ट्रक में भरे शीशे सड़क किनारे बिखर गए। गनीमत रही कि पलटे ट्रक और उसके बाद बिखरे शीशों की चपेट में आकर कोई घायल नहीं हुआ।

### 24 नवंबर को गोला में होगा तेलिक महासम्मेलन

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर के लार्ड रेस्टोरेंट मै तैलिक महासंघ के जिला अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया जिसमें उन्होंने आज होने वाले तैलिक महासम्मेलन के संबंध में जानकारी दी।जिला अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने बताया तैलिक महासम्मेलन चौबीस नवंबर को गोला गोकरननाथ में उत्कर्ष मैरिज लॉन में संपन्न होगा।जिला अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने बताया तैलिक महासम्मेलन का आयोजन समाज में जागरूकता लाने के लिए किया जा रहा है तैलिक समाज में जो पिछड़ा पन व्याप्त है उसको विकास की मुख्य धारा से जोड़कर एक अच्छे समाज की स्थापना करना इस सम्मेलन का उद्देश्य है। तैलिक महा सम्मेलन के मुख्य अतिथि सीतापुर सांसद राकेश राठौर होंगे, राकेश राठौर तैलिक महासंघ के संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष भी है।इस मौके पर संजय राठौर प्रधान, बिजेन्द्र राठौर एडवोकेट प्रदेश महासचिव पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी उत्तर प्रदेश, रामसनेही राठौर प्रधान, अनूप राठौर प्रधान प्रतिनिधि खमरिया मौजूद रहे।

### नवोदय विद्यालय में कक्षा 8 के छात्र को सीनियर छात्रों ने लोहे की रोड से पीटा

जन एक्सप्रेस । बहराइच। नवोदय विद्यालय बहराइच में कक्षा 8 के विद्यार्थी को सीनियर छात्रों ने लोहे की राड से बुरी तरह पीटा। पिटाई से छात्र मरणासन्न हो गया। विद्यालय के गार्ड ने परिवार के लोगों को सूचना दी तो परिवार के लोगों ने कालेज प्रशासन से आरोपी छात्रों के विरुद्ध कार्रवाई की अपेक्षा की लेकिन विद्यालय प्रशासन ने सुलह का दबाव बनाने लगा। पुलिस से भी मामले की शिकायत की तो पुलिस ने भी जांच का बहाना बताते हुए कार्रवाई नहीं की। आहत परिजनों ने बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव को पत्र लिखकर घटना से अवगत कराया। समिति के अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला को पत्र लिखकर थाना कोतवाली देहात के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति की है। थाना हरदी के ग्राम खमरिया शुक्ला निवासी रवि शंकर मिश्रा पुत्र केदारनाथ मिश्र ने बताया कि उनका 15 वर्षीय बेटा पुलकित मिश्रा नवोदय विद्यालय में कक्षा आठ का विद्यार्थी है। 19 नवंबर 2024 को शाम 7:30 उसी विद्यालय के कक्षा 9 के विद्यार्थी राज यादव मयंकर यादव और ऋषि मिश्रा ने पुलकित से कहा कि उनके लिए मेस से खाना ले आए। पुलकित ने कहा कि वह यहां पढ़ने आया है किसी के लिए खाना लाने नहीं आया है। इस पर तीनों सीनियर छात्रों ने पुलकित को बद्दी गालियां दी और देख लेने की धमकी दी। उसी रात इन तीन सीनियर छात्रों इन तीन सीनियर छात्रों ने अकुल उपाध्याय,अजय, आदित्य तथा सुधांशु के अतिरिक्त 17 अन्य छात्रों ने मिलकर लोहे की राड से कमरे का दरवाजा तोड़ दिया और पुलकित को जमीन पर पटक कर बुरी तरह पीटा और कहा कि उसको ऐसा सबक सिखाना है जिससे कोई भी जूनियर छात्र आदेश ठुकराने की हिम्मत न करें। पीड़ित ने बताया कि रात्रि प्रहरी ने घटना की सूचना प्राचार्य को दी तो वह पुलकित को घायल अवस्था में अपने ऑफिस ले गए सुबह 6:00 बजे परिवार के लोगों को घटना की सूचना दी गई। पुलकित के पिता ने बताया कि जब वह वहां पहुंचे और आरोपी छात्रों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए कहा तो उन्होंने सुलह समझौते की बात कही आखिर देर शाम लगभग 3:00 बजे उन्होंने बेटे को सौंप दिया। पीड़ित छात्रा के पिता ने बताया कि उन्होंने इस आशय की शिकायत थाना कोतवाली देहात की पुलिस से की तो उन्होंने कहा कि इसकी जांच टिकोरा मोड़ चौकी प्रभारी से कराई जाएगी बाद में उन्होंने फिर मिलने के लिए बुलाया तो कहा कि घटना सही है वह दूसरे पक्ष से बात कर कोई निर्णय लेंगे और कोई कार्रवाई नहीं की बाद में पीड़ित ने घटना की शिकायत बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष से की। अध्यक्ष सतीश श्रीवास्तव ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर थाना कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक को कार्रवाई न करने का दोषी मानते हुए उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की है।

# पुलिस झण्डा दिवस पर एसपी ने ध्वज को सम्मानपूर्वक फहराकर ली सलामी

- पुलिस कर्मियों को स्टिकर लगाकर बताया पुलिस फ़्लैग का महत्व, कर्तव्य का पढ़ाया पाठ

जन एक्सप्रेस । बहराइच



कर्मियों को फ्लैग लगाती एसपी वृंदा शुक्ला।

रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस झंडा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली और पुलिस ध्वज को सम्मानपूर्वक फहराया। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने पुलिस झंडा दिवस का महत्व बताया। एसपी श्रीमती शुक्ला ने पुलिस बल को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण का महत्व बताते हुए पुलिस झंडा दिवस के प्रतीक चिह्न (पुलिस फ्लैग स्टीकर) पुलिस कर्मियों को लगाए गए। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि पुलिस ध्वज हमारी कर्तव्य परायणता, अनुशासन और सेवा की भावना का प्रतीक है, जिसे हमें सदैव गर्व के साथ धारण करना चाहिए, समस्त पुलिस बल को नागरिकों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाने और पुलिस विभाग की गरिमा को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस

अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी पयागपुर राहुल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी लाइन हर्षिता तिवारी, प्रशिक्षु उपाधीक्षक राज सिंह यादव, प्रशिक्षु उपाधीक्षक प्रियंका यादव तथा अन्य समस्त पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# शिवाजय क्रिकेट एकेडमी ने दो रनों से दर्ज की जीत

- एकेडमी की तरफ से अनुज ने सर्वाधिक 3 और विजेंद्र और राज मोदनवाल ने 2 विकेट हासिल किए।

जन एक्सप्रेस । बहराइच





मैन ऑफ द मैच को सम्मानित करते डीसीए सचिव।

**रूपईडीहा।** शिवाजय क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित रूपईडीहा क्रिकेट लीग टूर्नामेट के नवें दिन शिवाजय क्रिकेट एकेडमी और करीम चिश्ती के बीच मैच खेला गया। जिसमें टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुए शिवाजय् क्रिकेट एकेडमी ने निर्धारित 25 ओवर में 207 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें शिवेंदु ने 57, राज मोदनवाल ने 49 और अजय मिश्रा ने शानदार 25 रनों योगदान दिया।

करीम चिश्ती टीम की तरफ से बालिंग करते हुए अमन अली ने 3, जबकि जीशान गाजी ने 2 विकेट हासिल किए। जवाब में उतरी करीमचिस्ती की टीम ने नारायण मानी की 66 और गाजी ने सर्वाधिक 52 रनों की तूफानी पारी भी जीत नहीं दिला सकी और सिर्फ 2 रन से मैच हार गई। करीम चिस्ती की पूरी टीम 205 रनों पर आल आउट हो गई। एकेडमी की तरफ से अनुज ने सर्वाधिक 3 और विजेंद्र और राज मोदनवाल ने 2 विकेट हासिल किए। मैन ऑफ द मैच रहे राज मोदनवाल जिन्होंने 49 रन और 2 विकेट लिए मैन ऑफ द मैच पुरस्कार डीसीए सचिव इशरत महमूद खान द्वारा दिया गया। शिवाजय एकेडमी के फाउंडर अजय मिश्रा ने बताया कि कल का मैच रूपईडीहा 11 और करीम चिश्ती बहराइच के बीच खेला जाएगा। एकेडमी के सह संस्थापक शिवेंद्र मिश्रा, टूर्नामेंट पैट्रन जुबेर फारूकी, रूपईडीहा व्यापार मंडल अध्यक्ष शैलेश जायसवाल, रिंकू सोनी रोशन सिंह आदि मौजूद रहे।

### भीषण गंदगी मे ग्राम वासी रहने को मजबूर

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। ब्लॉक फूलबेहड़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत ओदरहना में भीषण गंदगी



का नजारा दिखाई पड़ता हर समय बजबजाती नालिया जल भराव की स्थिति पैदा कर रही है सफाई कर्मी उक्त नालियों से सफाई करके सारा कीचड़ ऊपर डाल देता है नतीजा यह होता है धीरे-धीरे वही कीचड़ फिर उसी नाली में गिर जाता है जिससे सफाई करना न करना बेकार और मेहनत भी बेकार जाती है लेकिन सफाई कर्मी अपनी मनमानी के आगे किसी की नहीं सुनता कभी कभार ईद के चांद की तरह सूरत दिखा देता ज्यादातर नदारद रहता है प्रधान भी अपनी भ्रष्ट कार्यशैली के आगे किसी की नहीं सुनते जिसका परिणाम गांव वासियों को भुगतना पड़ रहा है बजबजाती नालियां में भीषण गंदगी की वजह से दुर्गंध और मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है।

# जिले की 1476 निर्धन बेटियों को लगेगी मेंहदी, उठेगी डोली, बजेगी शहनाई

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 35-35 हजार रुपए लाभार्थियों के खाते में भेजने की है व्यवस्था

जन एक्सप्रेस । बहराइच




मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से गरीब परिवार की बेटियों की शुभ मुहूर्त पर डोली उठेगी। शहनाई के साथ सामूहिक शादी में शामिल होने वाली बेटियों को कार्यक्रम स्थल से विदा किया जायेगा। समाज कल्याण विभाग शादी करने वाले बेटियों के खाते में 35-35 हजार रुपये भेजेगा। विकास खण्डों व नगर निकायों से पात्र बेटियों के आवेदन लिये जायेंगे।

जिला समाज कल्याण अधिकारी, रमाशंकर ने बताया कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 हेतु 1476 कन्याओं का विवाह कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गय है। श्री शंकर ने बताया कि माह नवम्बर के शुभ मुहूर्त तिथियों 27, 28, 29 व 30 को विवाह सम्पन्न कराया जाना प्रस्तावित है। विकास खण्डवार/नगर निकायों को लक्ष्य का आवंटन किया जा चुका है। पोर्टल पर प्राप्त ऑनलाइन आवेदन-पत्रों का सत्यापन सहायक विकास अधिकारी/ पर्यवेक्षकों (स.क.) द्वारा कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र इच्छुक व्यक्ति सम्बन्धित पोर्टल सीएमएसवीवाई डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर आवेदन कर सकते हैं। योजना अन्तर्गत पात्रता की जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि विवाह के समय लड़की की आयु 18 वर्ष व लड़के की आयु 21 वर्ष पूरी होनी चाहिए। निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री व दिव्यांग और विधवा को अनुदान में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक आय वार्षिक रू. 02 लाख तक है योजना हेतु पात्र होंगे। वर्ष 2024-25 अन्तर्गत प्रथम चरण में 250 कन्याओं का की शादी कराये जाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 35 हजार रुपये लड़की के बैंक खाते में, रुपये 10 हजार की वैवाहिक सामग्री एवं रुपये 06 हजार विवाह व्यवस्था में व्यय किये जाते हैं। आवेदन करते समय आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, आवेदक का पहचान-पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता, पासपोर्ट साइज फोटो, दोनों पक्षों के परिवार रजिस्टर की नकल एवं मोबाइल नम्बर की आवश्यकता होगी।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना सं. 2024-ए.एम.वी.-सी एंड डब्लू ईनिविदा-32 दिनाँक 21.11.2024**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | एल.एच.बी. कोच बोगी कनेक्शन ओपनिंग, स्ट्रीपिंग एन्ड फिटमेंट ऑफ एयर प्रेशर पाइप्स इन एल.एच.बी. एन्ड हाइब्रिड कोचेस, स्ट्रीपिंग एन्ड फिटमेंट ऑफ फूटस्टेप ऑफ एल.एच.बी. एन्ड आई.सी.एफ. कोचेस, स्ट्रीपिंग एन्ड फिटमेंट ऑफ स्क्रू कपलिंग अलोंग विथ इट्स कंपोनेंट्स एन्ड सप्लाई एन्ड इंस्टालेशन ऑफ एल.एच.बी. टूल्स। |
| 2 | कार्यस्थल | सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 3 | अनुमानित लागत | रू. 1,00,38,929.00 मात्र |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 5 | बिड सिक्युरिटी | रू. 2,00,200/- मात्र |
| 6 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 वर्ष। |
| 7 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 02.12.2024 से 16.12.2024 समय 15.00 बजे तक। |
| 8 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A (a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 9 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता हैं। | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3611/24

# सीएम सीटी को मकर संक्रांति पर जगमगाने दावा पैंतालीस हजार से आठ हजार स्ट्रीट लाइटें है खराब

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



गोरखपुर नगर निगम ने शहर को रोशन करने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए अब तक 45,000 इलेक्ट्रिक स्ट्रीट लाइट्स लगाई हैं। हाल ही में हुए सर्वेक्षण में 8,000 स्ट्रीट लाइट्स बंद पाई गईं। इन सभी लाइटों की मरम्मत मकर संक्रांति (खिचड़ी मेला) से पहले सुनिश्चित की जाएगी। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने पथ प्रकाश विभाग की समीक्षा बैठक में इस दिशा में जरूरी निर्देश दिए।

### सोलर लाइट्स पर खास फोकस

सोलर सिटी परियोजना के तहत महानगर में लगी सोलर स्ट्रीट लाइट्स का भी व्यापक सर्वे शुरू किया गया है। खराब पड़ी लाइट्स को ठीक कराने के लिए नेडा (नॉन-कन्वेंशनल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी) के वेन्डर्स को अलर्ट किया गया है। नगर निगम ने वार्ड पार्षदों को वेन्डर्स की सूची भी उपलब्ध कराई है, ताकि वे अपने वार्डों में खराब लाइट्स की शिकायत कर मरम्मत का काम तुरंत शुरू करवा सकें।

### बैठक में लिए गए अहम निर्णय

पथ प्रकाश विभाग की इस महत्वपूर्ण बैठक में नगर आयुक्त ने सभी बंद स्ट्रीट लाइट्स को तय समय-सीमा में दुरुस्त करने का निर्देश दिया। बैठक में मौजूद अधिकारियों को मकर संक्रांति के मद्देनजर तैयारियों में तेजी लाने का आदेश दिया गया। बैठक में अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह, पथ प्रकाश प्रभारी संतोष मिश्रा, सहायक अभियंता मोहित गुप्ता और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। स्मार्ट सिटी योजना के तहत नेडा द्वारा दी गई 1,000 सोलर लाइट्स पहले ही 10 नए वार्डों में लगाई जा चुकी हैं। इसके अतिरिक्त, 80 वार्डों में 1,250 सोलर लाइट्स लगाने का लक्ष्य है, जिनमें से 39 वार्डों में यह काम पूरा हो गया है। बाकी वार्डों में जल्द ही लाइट्स लगाने का काम शुरू होगा।

#### अंधेरे इलाकों में लगेंगे सोलर हाईमास्ट

महानगर में 300 सोलर हाईमास्ट लगाए जाने हैं। इनमें से 200 हाईमास्ट 45 वार्डों में पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं। साथ ही, 100 हाईमास्ट शहर के डार्क स्पॉट्स पर लगाए गए हैं, जहां पहले प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं थी।

#### सीसीएमएस से मिलेगी बेहतर निगरानी

स्मार्ट सिटी की तर्ज पर गोरखपुर में सीसीएमएस (सेंट्रल कंट्रोल एंड मॉनिटरिंग सिस्टम) के जरिए स्ट्रीट लाइट्स और सोलर लाइट्स की निगरानी की जाएगी। नगर आयुक्त ने सीसीएमएस कंपनी को निर्देश दिया कि महानगर में लगे सभी स्विचों का सर्वेक्षण कर उन्हें तुरंत सुव्यवस्थित करें। बंद पड़ी लाइट्स की जानकारी सुपरवाइजर को देकर उन्हें तुरंत ठीक कराया जाए।

#### मकर संक्रांति पर चमकेगा गोरखपुर

इन प्रयासों से गोरखपुर की सड़कों, चौराहों और गलियों में नई रोशनी बिखरेगी। मकर संक्रांति के दौरान शहर के प्रमुख स्थलों पर जगमग रोशनी का नजारा दिखेगा, जो न सिर्फ शहरवासियों की सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि पर्व की रौनक को भी चार चांद लगाएगा।

# इश्क अंधा होता है, सच करने की जिद 55 की उम्र में दूल्हा बनने की ख्वाहिश

## मोहब्बत के लिए बाप ने बेटों को जेल भेजने की रच दिया साजिश,जांच में खुली पोल

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जिसने यह दिखा दिया कि ÷इश्क अंधा होता है जहां बढ़ती उम्र के साथ रिश्तों की जिम्मेदारियां निभाने की बजाय, कभी-कभी इंसान अपनी मोहब्बत को प्राथमिकता दे बैठता है। 55 वर्षीय शख्स की मोहब्बत ने परिवार की जड़ों को हिलाकर रख दिया। पत्नी और बेटों के खिलाफ साजिश रचते हुए झूठे केस दर्ज कराने की कोशिश की गई, लेकिन समय रहते पुलिस ने साजिश को बेनकाब कर दिया।

### मोहब्बत और साजिश का खेल

चिलुआताल इलाके में रहने वाले इस शख्स के दो बेटे हैं। एक बेटा बीफार्मा अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहा है, जबकि दूसरा कॉलेज में है। घर की आर्थिक स्थिति खराब होने के बावजूद, मां मेहनत-मजदूरी करके बेटों की पढ़ाई का खर्च उठा रही थी। इसी बीच, पिता को 38 साल की महिला से प्यार हो गया। उन्होंने उसके साथ किराए के मकान में रहना शुरू कर दिया।

### बीबी बच्चों ने उठाया सवाल तो रच दी साजिश

जब बेटों और पत्नी ने इस रिश्ते पर सवाल उठाए, तो पिता ने चौंकाने वाली साजिश रच दी। उन्होंने एक कार में आग लगाई और अपनी प्रेमिका से बेटों पर झूठा केस दर्ज करवा दिया। चिलुआताल पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की, लेकिन मां हार मानने वालों में से नहीं थी। वह अपने बेटे संग सबूतों के साथ एसपी नार्थ जितेंद्र श्रीवास्तव के पास पहुंच गई। ऐसा मामला गोरखपुर में पहली बार नहीं हुआ। छह महीने पहले गोरखनाथ इलाके में एक 56 वर्षीय बुजुर्ग ने पुलिस से शिकायत की थी कि उसका बेटा उसे घर में रहने नहीं दे रहा। जब जांच हुई, तो पता चला कि बुजुर्ग अपनी प्रेमिका को घर में पत्नी के साथ रखने की जिद कर रहा था। बेटे की आपत्ति के बाद उसने उसे फंसाने की कोशिश की। पुलिस ने साजिश का पर्दाफाश कर मामले को रफा-दफा कर दिया।



#### पुलिस जांच में हुआ खुलासा

मां द्वारा पेश किए गए फोटो और सबूतों ने सच्चाई सामने ला दी। जांच में पता चला कि पिता का अपनी प्रेमिका के साथ अवैध संबंध है, और बेटों को फंसाने की यह साजिश उसी मोहब्बत को बचाने के लिए रची गई थी। एसपी नार्थ ने मामले की गंभीरता को समझते हुए जांच सीओ कैंपियरगंज को सौंप दी। उन्होंने परिवार को निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

#### बेटों को फंसाने के लिए दर्ज कराया झूठा केस

एसपी नार्थ जितेंद्र श्रीवास्तव ने बताया पीड़िता अपने बेटे के साथ शिकायत लेकर आई थी। जांच में साफ हुआ कि आरोपी पति का किसी महिला के साथ संबंध है और उसने अपने बेटों को फंसाने के लिए झूठा केस दर्ज कराया। मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाएगा।

#### सामाजिक बुराई और पारिवारिक गरिमा

ऐसी घटनाएं न केवल परिवार की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं, बल्कि बेटों के भविष्य को भी खतरे में डाल देती हैं। पुलिस जांच के बाद साजिश का पर्दाफाश तो हो गया, लेकिन यदि मामलों में चार्जशीट दाखिल होती है, तो यह बेटों के करियर को बर्बाद कर सकती है।

# पुलिस झंडा दिवस पर एसपी सिटी ने किया ध्वजारोहण



**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

पुलिस झंडा दिवस पर पुलिस अधीक्षक नगर/ एसएसपी ने पुलिस लाइन में ध्वजारोहण किया । पुलिस अधीक्षक नगर अभिनव त्यागी ने पुलिस लाइन क्वार्टर गार्ड पर ध्वजारोहणकर पुलिस झंडा दिवस पर पुलिस महानिदेशक उप्र के संदेश को सभी अधिकारियों, कर्मचारीगण को पढ़कर सुनाया। पुलिस अधीक्षक नगर / एसएसपी अभिनव त्यागी ने बताया कि 23 नवम्बर 1952 को तत्कालीन प्रधानमंत्री पंड़ित जवाहर लाल नेहरु ने पुलिस कार्य के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रर्दशन के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस झंडा प्रदान किया गया था। उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य है, जिसे सबसे पहले पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था। उन्होने बताया की यूपी पुलिस के इतिहास में 23 नवम्बर का दिन विशेष महत्व रखता है। इस दिन को पुलिस झंडा दिवस के रूप में मनाती है। पुलिस झंडा दिवस प्रति वर्ष 23 नवंबर को पुलिस मुख्यालय व कार्यालयों पर पुलिस ध्वज फहराया जाता है। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारी पुलिस ध्वज का प्रतीक (स्टीकर) वर्दी की बांई जेब के ऊपर लगाया जाता है। इस दौरान सी ओ कैंट योगेन्द्र सिंह सी ओ कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी आर आई हरिशंकर सिंह सहित लाइन में मौजूद अधिकारी कर्मचारी रहे मौजूद।

# राज्यसभा सांसद ने छात्रों को वितरित किए जैकेट, शिक्षा के महत्व पर दिया जोर

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



**चौरी चौरा।** राज्यसभा सांसद व भाजपा की वरिष्ठ नेत्री संगीता यादव ने शनिवार को चौरी चौरा विधानसभा के डीहघाट स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय माध्यमिक विद्यालय और गौनर विशुनपुरा के जयप्रकाश नारायण सर्वोदय आश्रम पद्धति विद्यालय में 390 बच्चों को जैकेट वितरित किए। डीहघाट में आयोजित कार्यक्रम में 130 छात्राओं को जैकेट वितरित करने के बाद सांसद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन की सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा, ÷बिना शिक्षा के जीवन में कोई भी मुकाम हासिल करना मुश्किल है। सरकार बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। यह छात्रों की जिम्मेदारी है कि वे अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान केंद्रित करें और अपने माता-पिता की उम्मीदों पर खरा उतरें। सांसद ने गौनर विशुनपुरा में जयप्रकाश नारायण सर्वोदय आश्रम पद्धति विद्यालय में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में सांसद ने 260 बच्चों के बीच जैकेट वितरित किए। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता के लिए मेहनत ही एकमात्र रास्ता है। उन्होंने छात्रों को अपने भविष्य की जिम्मेदारी समझते हुए बेहतर शिक्षा के लिए समर्पण भाव से पढ़ाई करने का आह्वान किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. ईश्वर चंद जायसवाल समेत कई शिक्षक और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राम सिंह, प्रेमनाथ यादव, विष्णु मौर्या, गरिमा चतुर्वेदी और शिप्रा सिंह सहित अन्य लोगों का विशेष योगदान रहा।

# जनता जिंदाबाद, पीडीए का सफाया लहराया एनडीए का विजय पताका : शाका

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव एवं उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनावों में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर बरहज विधायक दीपक मिश्र शाका ने कहा कि यह जीत लोकतंत्र की जीत है और ये जीत विपक्षियों को हजम नहीं हो रही और वो फिर से ईवीएम का रोना रो रहे हैं । विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और चौमुखी विकास से प्रभावित होकर जनता ने अपना निर्णय भाजपा के पक्ष में दिया है मैं महाराष्ट्र की जनता को धन्यवाद देता हूं । उन्होंने कहा कि झारखंड में भी पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहा कार्यकर्ताओं ने अत्यधिक परिश्रम किया, लेकिन हम वहां बहुमत नहीं बना पाए । विधायक श्री मिश्र ने कहा कि महाराष्ट्र में पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बहुमत हासिल किया है तथा उत्तर प्रदेश के उप चुनाव में 9 में से 7 सीटों पर पार्टी ने जीत दर्ज की है । महाराष्ट्र की जनता ने जहां भारतीय जनता पार्टी पर और नरेंद्र मोदी पर पूरा विश्वास जताया है वहीं परिवार डेवलपमेंट एजेंसी का हुआ सफाया करने का काम किया है।

#### भाजपा के विकासपरक कार्यों और राष्ट्रवादी नितियों पर जनता के विश्वास की मुहर

बरहज विधायक ने कहा कि उत्तर प्रदेश उपचुनाव में प्रदेश की जनता ने कर्मयोगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुशासन,भयमुक्त शासन और विकास कार्यों पर भरोसा जताते हुए एनडीए को अपना आशीर्वाद दिया है और फर्जी पीडीए यानी परिवार डेवलपमेंट एजेंसी चलाने वालों का सफाया हो गया। विधायक ने कहा कि महाराष्ट्र की जनता द्वारा देशहित में लिया गया यह फैसला आने वाले भविष्य को मजबूत करेगा और प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में विकसित महाराष्ट्र-सुरक्षित महाराष्ट्र की संकल्पना को साकार करेगा।

#### बोले विधायक जनता जिंदाबाद

उन्होंने कहा कि भाजपा गठबंधन के विकासपरक कार्यो की नीतियों पर जनता के विश्वास की मुहर है।जनता के इस विश्वास पर भाजपा और गठबंधन पूरा खरा उतरेगा और विकास की इस गति को और तेज करेगा, जनता जिंदाबाद।

# रविवार को भी खुला रहेगा बिजली बिल काउंटर

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

**पनियरा।** विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पनियरा विद्युत उपकेंद्र पर रविवार को विद्युत बिल काउंटर खुला रहेगा। बिजली और जुर्माने से संबंधित लेन-देन के लिए काउंटर आम दिनों की तरह खुला रहेगा। यह जानकारी विद्युत उपखंड अधिकारी शाहिद अंसारी ने दी। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने लंबित बिजली बिलों का निपटारा करें। जिससे बिल विच्छेदन की कार्यवाही से बचें रहे।

# कैंम्पियरगंज ब्लॉक के बरगदही में हो रहा मानक विहीन सीसी रोड़ सड़क निर्माण कार्य

- गोरखपुर जिले में ग्राम विकास विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



उत्तर प्रदेश की वर्तमान योगी सरकार जब अपनी दूसरी पारी में जहां भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश का दावा जोर शोर से कर रही है, वहीं मुख्यमंत्री योगी के गृह जनपद गोरखपुर के विकासखंड कैंपियरगंज के बरगदही ग्राम सभा में शासन की योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। सड़क निर्माण मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है । सड़क निर्माण में पीली ईंट, सफेद बालू और पुरानी ईंटों का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है । ग्राम पंचायत निधि से आर सी सी रोड का काम कराया जा रहा है, और पुराने ईट से दोनों बगल की दीवारों को जोड़ने का काम किया जा रहा है। जबकि नियमानुसार सीसी रोड़ के दीवारों की जोड़ाई में मोरंग बालू का प्रयोग किया जाना चाहिए जहां सफेद बालू 6 बोरी और सीमेंट एक बोरी के अनुपात में प्रयोग किया जा रहा है ।मोरंग का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। जन एक्सप्रेस टीम ने पड़ताल में मजदूर से बात किया गया तो उन्होंने कहा ग्राम प्रधान द्वारा यह कार्य कराया जा रहा है और ग्राम प्रधान ने ही जो सामग्री हमें दिया हैं इसका प्रयोग किया जा रहा है। वही मुख्यमंत्री द्वारा हमेशा अधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि कहीं भी निर्माण कार्य में शिकायत नहीं आना चाहिए और कार्य अच्छे हो इसको लेकर के हमेशा अधिकारी को निर्देश दिया जाता है ,लेकिन यहां ग्राम प्रधान द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है जब इस संदर्भ में फोन पर सीडीओ गोरखपुर से बात किया गया तो उन्होंने कहा मामला संज्ञान में आया है, जांच कर संलिप्त पाए जाने वालो के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी अब देखना होगा ऐसे भ्रष्ट कार्य करने वाले के ऊपर क्या कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है।

# डीएम की अध्यक्षता में सीआरएम टीम की बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जलाधिकारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी के उपस्थिति में शुक्रवार की देर सायंकाल केंद्रीय कॉमन रिव्यू मिशन की 9 सदस्यीय टीम द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के अस्पतालों के निरीक्षण के क्रम में डी ब्रीफिंग बैठक की गई। इस दौरान जनपद स्थित जिला अस्पताल, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में किए गए निरीक्षण दौरान मिली खामियों / चैलेंजर्स से अवगत कराया गया। बैठक में एक एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर किए गए निरीक्षण दौरान एक-एक योजनाओं के क्रियान्वयन सहित सभी व्यवस्थाओं से टीम के नेतृत्वकर्ता डाक्टर के मदन गोपाल द्वारा अवगत कराया गया। सीआरएम टीम द्वारा साफ सफाई, दवाओं की उपलब्धता, अस्पतालों के भवनों की स्थिति,आयुष्मान कार्ड, टीकाकरण की स्थिति, विभिन्न अस्पतालों में भूमि की कमी, आदि के संबंध में अवगत कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि जो भी कमियां मिली हैं उसे हम सभी अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र दूर कर लिया जाएगा।

# छत की कुंडी से लटकता मिला महिला का शव

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

**पनियरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बेलटिकरा के सोइया टोला में शनिवार को करीब तीन बजे दिन में विवाहिता का शव कमरे में छत की कुंडी से लटकता मिला। प्राप्त समाचार के अनुसार पार्वती देवी उम्र करीब 37 वर्ष की अज्ञात कारणों से छत की कुंडी में रस्सी के सहारे झूलता हुआ शव मिला ।महिला का पति मुंबई में मजदूरी करने के लिए गया हुआ है। उसके पास तीन बच्चे हैं दो बेटा व एक बेटी सबसे बड़े लड़के का उम्र लगभग 16 वर्ष इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक पनियरा निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चलेगा।

# कैंट पुलिस के खिलाफ अधिवक्ताओं ने की नारेबाजी



**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

शनिवार को दीवानी कचहरी के अधिवक्ताओं ने इंसपेक्टर कैंट संजय सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने थाना कैंट पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कचहरी में कामकाज ठप कर दिया, जिसके कारण वादकारी बैरंग लौटने को मजबूर हुए। अधिवक्ताओं और कैंट इंसपेक्टर के बीच जारी इस विवाद में पुलिस प्रशासन का मौन बने रहना, इसे कैंट इंसपेक्टर के कुकृत्य का अप्रत्यक्ष समर्थन माना जा रहा है, जो न्याय संगत नहीं है। उच्चाधिकारियों से मामले के त्वरित निस्तारण की मांग की जा रही है ताकि जनहित में शीघ्र कार्रवाई की जा सके। पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता और वादकारियों के सामने उत्पन्न हो रही समस्याओं के लिए जिम्मेदार कौन होगा? सरकार से अपेक्षित है कि वह जनहित में तुरंत कदम उठाए।

# सीएचसी पहुंची सीआरएम की टीम

**जन एक्सप्रेस । फाजिलनगर**

डॉ. के मदन गोपाल के नेतृत्व में सीआरएम की नौ सदस्यीय टीम ने स्थानीय सीएचसी सहित प्राथमिक स्वास्थ केंद्रों की जांच कर स्वास्थ्य सेवाओं का हाल जाना और सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। शुक्रवार को दिन के दस बजे फाजिलनगर सीएचसी पहुंची टीम ने स्वास्थ्य केन्द्र का बारीकी से निरीक्षण किया था सभी बिंदुओं की समीक्षा करने के साथ सफाई व्यवस्था बेहतर मिलने पर अधीक्षक का सराहना किया। बेहतर ओटी देखने के बाद टीम ने यहां आपरेशन की संख्या बढ़ाने पर जोर देते हुए नेत्र की ऑपरेशन सुविधा मुहैय्या कराने का निर्देश दिया। इसके बाद टीम एएनएम सेंटर पटखौली तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लवकुश का भी निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं पर संतुष्टी जाहिर किया।

# समाज की बुनियादी सुविधाओं का विभाग है विद्युत व जल निगम : सांसद

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

समाज की बुनियादी जरूरतों में विद्युत विभाग एवं जल निगम विभाग है, केंद्र सरकार द्वारा सबसे अधिक बजट इसी विभाग को मिलता है, परंतु अभी भी समस्याएं अनेक हैं। जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी गणों के प्रयास से ही सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जा सकती है,आज हर घर में मोबाइल, टीवी मौजूद है जिसके लिए विद्युत की आवश्यकता है, यदि जनता फोन कर रही है तो विद्युत विभाग के अधिकारी गणों को रिस्पॉन्स हर हाल में देना चाहिए। सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे ने उक्त बाते कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्रीकृत योजनाओं के अनुश्रवण हेतु डिस्ट्रिक्ट इलेक्ट्रिसिटी कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

सांसद ने कहा कि जनता के लिए सबसे जरूरी आवश्यकताओं में बिजली और पानी मुहैया कराना है, जन प्रतिनिधि और अधिकारी एक गाड़ी के दो पहिये हैं दोनों के सहयोग से ही जनपद का विकास संभव है। उन्होंने विकास की धारा से जुड़ने के लिए सभी अधिकारियों से अपेक्षा करते हुए कहा कि यदि किसी कार्यों में कोई कोई अड़चन हो तो संज्ञान में लाएं जिस पर पूर्ण रूप से सहयोग किये जाने का आश्वासन दिया गया। बैठक दौरान अधीक्षण अभियंता विद्युत प्रदीप वर्मा द्वारा जनपद में चल रहे एक - एक कार्यों के विवरण की जानकारी दी गई। उन्होंने आर डी एस एस अंतर्गत विधानसभावार कार्यों के संबंध में बताया कि हाटा व रामकोला में एल टी ए बी 281 किमी के सापेक्ष 264किमी, 11 केबी के अंतर्गत 95 किमी के सापेक्ष 74किमी,तथा 33 केवी अंतर्गत 13 किमी के सापेक्ष 5 किमी,का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। बैठक में अलग योजनाओं अंतर्गत विधानसभावार इलेक्ट्रिसिटी के कार्यों अंतर्गत कितने ग्राम,कितने पोल, कितने तार, ट्रांसफार्मर, नए कनेक्शन की जानकारी संबंधित एक्सियन/एसडीओ द्वारा दी गई। विधायक खड्डा विवेकानंद ने कहा कि सर्वे के अनुरूप ही कार्य किए जा रहे हैं परंतु उससे अधिक आवश्यकता वाले स्थानों को भी प्राथमिकता में रखी जाए। सरकार द्वार जो भी धन मिल रहा है उसका लाभ जनता को मिलनी चाहिए, जहां पर एक ही फीडर है और जरूरत दो फीडर की हो उसे भी प्राथमिकता में ली जाय। उन्होंने कहा कि अधीक्षण अभियंता एक बार सभी कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर लें, धन की कमी नहीं होगी, आवश्यकता पड़ने पर विधायक निधि से भी धन दिया जाएगा। बैठक दौरान विधायक मोहन वर्मा द्वारा भी विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर, तार बदलने आदि की समस्याओं से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा भी सभी कार्य स्थलों का निरीक्षण करने का निर्देश देते हुए कहा गया कि बजट एक साल पहले ही आ गया परंतु अभी तक टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण क्यों नहीं हुई, टेंडर की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर कार्य शुरू करने की हिदायत दी गई। उन्होंने कहा कि ठेकेदार की क्षमता अनुरूप ही कार्य दिए जाएं एवं इस पूरे कार्य पर एक बार मंथन/विचार विमर्श अवश्य कर लें। उन्होंने निर्देशित किया कि जब भी कोई कार्य शुरू करें तो जनप्रतिनिधि गण को सूचित करते हुए सुझाव भी लें। ग्रामीण क्षेत्रों में झूल रहे तारो को भी प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त कर लिए जाने का निर्देश दिए गए। बैठक में विधायक रामकोला विनय प्रकाश गौंड, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल, कसया विधायक प्रतिनिधि सहित मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अधीक्षण अभियंता प्रदीप वर्मा सहित समस्त अधि0 अभि0 विद्युत, एसडीओ, जेई/एई आदि उपस्थित रहे।



# देवरिया को हराकर सिवान की टीम सेमीफाइनल में

**जन एक्सप्रेस । बनकटा बाजार**

ब्लॉक के नकटहा मिश्र में उद्धव त्रिपाठी के जन्मोत्सव पर सात दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुक्रवार को चौथे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में देवरिया को 4-0 से पराजित कर सिवान की टीम सेमीफाइनल में प्रवेश कर गई। सिवान की नाइजीरिया खिलाड़ी मोहमद फैसल को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। अशोक विद्या पीठ इंटर कॉलेज नकटहा मिश्र के खेल परिसर में शुक्रवार दोपहर 2 बजे से प्रतियोगिता शुरू हुई। शुरू से ही देवरिया के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया लेकिन, पहले हॉफ तक कोई टीम गोल नहीं कर सकी। मध्यांतर के बाद सिवान के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच के अंतिम 30 मिनट शेष रहते लगातार 4 गोल कर अजेय बढ़त बना ली। देवरिया की टीम एक भी गोल नहीं कर सकी। इस तरह से सिवान की विजयी घोषित हुई। प्रतियोगिता शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रेम सागर मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

# भाजपा प्रत्याशी धर्मराज निषाद की प्रचंड जीत से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

जन एक्सप्रेस । संवाददाता



**अम्बेडकर नगर ।** भाजपा प्रत्याशी धर्म राज निषाद ने कटेहरी विधान सभा उप चुनाव में सपा प्रत्याशी शोभावती को भारी अंतर के मतों से हराने पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। भाजपा प्रत्याशी धर्म राज निषाद जैसे ही विजय प्रमाण पत्र पा कर मतगणना स्थल से बाहर निकले तभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने धर्म राज निषाद और भाजपा जिंदाबाद की नारे लगाते हुए धर्म राज निषाद को फूल मालाओं से लाद दिया। भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे जलाकर,मिठाई बांटते हुए होली खेल कर खुशियां मनाया।

अपनी जीत से आह्लादित भाजपा प्रत्याशी धर्म राज निषाद ने कहा कि मेरे जैसे छोटे आदमी को कटेहरी विधान सभा क्षेत्र की सम्मानित जनता ने जिस प्रकार से प्यार दुलार और आशिर्वाद दिया है उसके लिए आजीवन ऋणी रहेंगे। कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज का आशिर्वाद और कार्यकर्ताओं की मेहनत से बड़ी जीत मतदाताओं ने दिलाया है। भाजपा प्रत्याशी की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं और सम्मानित मतदाताओं को बधाई देते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कटेहरी विधान सभा उप चुनाव प्रभारी डॉ धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी धर्म राज निषाद की जीत कटेहरी विधान सभा क्षेत्र की जनता और चुनाव में लगे सभी नेताओं कार्यकर्ताओं की जीत है।कहा कि भाजपा प्रत्याशी की जीत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की जन कल्याणकारी योजनाओं और लोकप्रियता पर मुहर लगा दिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी की जीत ने भाजपा कार्यकर्ताओं की उत्साह को बढ़ाया है। कहा कि भाजपा ने कटेहरी विधान सभा की सीट को जीतकर 33 वर्ष की सूखे को समाप्त कर दिया है। कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज के नेतृत्व में चल रही भाजपा सरकार की विकास के नीति की जीत है। 31 राउंड की मतगणना समाप्ति पर भाजपा को जहां 103137 मत मिला वहीं सपा को 69309 मत प्राप्त हुआ जबकि बसपा को 41451 मत भीम आर्मी को 51 52 मत प्राप्त हुआ जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष भाजपा प्रत्याशी धर्मराज निषाद को जीत का सर्टिफिकेट दिया गया भाजपा समर्थकों में खुशी की लहर देखी जा रही ।

## आगरा में युवक की संदिग्ध हालत में मौत, परिजनों ने पड़ोसी पर लगाया हत्या का आरोप, घर पर किया पथराव

जन एक्सप्रेस । आगरा



आगरा में युवक का शव खाली प्लॉट में पड़ा मिला। परिजनों का आरोप है कि पड़ोसी ने दो दिन पहले हुए विवाद को लेकर युवक की हत्या कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आगरा के ताजगंज थाना क्षेत्र की कैलाश कुंज कॉलोनी में शनिवार को सुबह टेंट गोदाम पर काम करने वाले कर्मचारी का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। परिजन ने गोदाम के पास रहने वाले एक परिवार के लोगों पर रंजिशन पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया। लोगों ने शक में उनके घर पर पथराव कर दिया। कार क्षतिग्रस्त कर दी। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। गांव बुढ़ाना ताजगंज निवासी अवधेश ने बताया कि हरीपर्वत थाना क्षेत्र के नेहरू नगर निवासी अमित बंसल टेंट कारोबारी हैं। उनका तोरा चौकी क्षेत्र के कैलाश कुंज में गोदाम है। उनका चचेरा भाई बालवेंद्र (21) गोदाम पर नौकरी करता था। शुक्रवार सुबह बालवेंद्र गोदाम पर जाने की बोलकर घर से निकला था। ना तो वह गोदाम पहुंचा ना घर वापस आया। परिजन ने शाम से देर रात तक उसकी तलाश की। रात 12 बजे ताजगंज थाने में गुमशुदगी की शिकायत दी। शनिवार को स्थानीय महिलाओं ने परिजन को सड़क किनारे पड़े शव के बारे में बताया। मौके पर पहुंचकर परिजन ने शिनाख्त की। पूरे शरीर पर चोटों के निशान थे। बालवेंद्र की मौत की जानकारी के बाद घटनास्थल पर गांव के लोगों की भीड़ जमा हो गई। गोदाम के पड़ोस में बने घर पर पथराव कर दिया। घर के बाहर खड़ी कार क्षतिग्रस्त कर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। ताजगंज थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि अभी परिजन के तहरीर नहीं दी है। पुलिस टीम मौके पर गई थी। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी। परिजन का आरोप है कि 20 नवंबर की रात बालवेंद्र गोदाम से ट्रक में सामान लेकर जा रहा था। ट्रक बैक करते समय पड़ोसी की गाय से लग गया। पड़ोसी ने साथियों के साथ बालवेंद्र, उनके भाई शैलेश और ट्रक चालक से मारपीट की थी। देर रात गोदाम मालिक अमित ने समझौता करा दिया था। पड़ोसी उस दिन से रंजिश मानने लगा था।

## बलरामपुर चीनी मिल के डिस्टलरी डिविजन में उत्पादन कार्यक्रम प्रारंभ

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के औद्योगिक घराना बलरामपुर चीनी मिल की इकाई केमिकल डिविजन में शनिवार को श्री रामचरित मानस का अखंडपाठ संपन्न होने के उपरांत पूर्णाहुति तथा भंडारे के साथ उत्पादन कार्य प्रारंभ हो गया । मिल के अपर महा प्रबंधक संजय कुमार मिश्रा तथा उप महा प्रबंधक उत्पादन ओमेंद्र पाल सिंह यादव ने डीजीएम एचआर डीके सिंह व प्रबंधक एचआर मुकेश शुक्ला तथा अपर महाप्रबंधक वित्त बीएन ठाकुर की मौजूदगी में पूजन अर्चन करके अखंड श्रीराम चरित मानस पाठ संपन्न कराया गया । हवन पूजन एवं पूर्णाहुति के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । जानकारी के अनुसार 23 नवंबर को बीसीएम के केमिकल डिविजन में श्रीराम चरित मानस का अखंड पाठ पूर्ण होने के बद पूर्णाहुति तथा भंडारा संपन्न कराया गया। विद्वान पंडित बलराम मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सम्पूर्ण पूजन कार्य संपन्न कराया । कार्यक्रम आयोजक मुख्य समय पालक राम मोहन सिंह ने बताया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष में श्री राम चरित मानस का अखंड पाठ तथा समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया । शनिवार को पूर्णाहुति के उपरांत विशाल भंडारा आयोजित किया गया । भंडारे में बलरामपुर चीनी, मिल पावर डिविजन व केमिकल डिवीजन के अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण किया । डीजीएम प्रोडक्शन ओमेंद्र पाल सिंह यादव ने बताया कि 170 केएल उत्पादन क्षमता का नया प्लांट लगाया गया है, जिसमें उत्पादन कार्य आज से प्रारंभ हो जाएगा । इससे पहले 160 केएल का प्लांट था । उन्होंने बताया कि डिस्टलरी की वर्तमान उत्पादन क्षमता 330 केल प्रतिदिन हो गई है । प्लांट में एथेनॉल का निर्माण प्रायोरिटी के आधार पर किया जाएगा । इस अवसर पर अमरजीत प्रसाद, शैलेन्द्र सिंह, अंकुर अग्रवाल, संदीप कुमार, शेखर श्रीवास्तव, एसएस नेगी, प्रद्युम्न वर्मा, अंकुर मिश्रा, चंद्र शेखर सिंह, धनंजय शर्मा, विशाल मिश्रा, नरेंद्र मिश्रा, मनीष शर्मा, राजेश यादव, सुरेंद्र यादव, अभिजीत दुबे, समीर कुमार सिंह, डीपी पांडेय, दिनेश सैनी चीनी मल की ओर जितेंद्र दीक्षित व पवन तिवारी तथा राज इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ओर से ओमेंद्र सिंह राठौड़ अविनाश कुमार एवं अभिषेक गौड़ सहित तमाम अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## दो बाइकों में हुई इतनी भीषण टक्कर, मौत के मुंह में समा गया युवक, तीन की हालत गंभीर



जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर

मथुरा । मथुरा में रफ्तार के कहर ने युवक की जान ले ली, जबकि तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। मथुरा के थाना मांट क्षेत्र के अंतर्गत चौकी बारहमासी के समीप दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दोनों बाइकों पर सवार तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मांट-राया मार्ग पर शुक्रवार को चौकी बारहमासी के समीप मांट की तरफ़ से जा रही बाइक राया की तरफ़ से आ रही बाइक में भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार 40 वर्षीय रामहरी पुत्र नानक चंद की मौत हो गई, जबकि रोहताश पुत्र सतीश चंद निवासी मांट मूला, बॉबी पुत्र ओमप्रकाश और रचना पत्नी बॉबी निवासी टेड़ी बगिया थाना ट्रांसफर नगर आगरा घायल हो गए। हादसा होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मांट थाना प्रभारी निरीक्षक राजीत वर्मा ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस झंडा दिवस पर एसपी ने फहराया झंडा



जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

बलरामपुर । जनपद बलरामपुर में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने शनिवार को पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में झण्डा फहराकर पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के संदेश को पढ़कर सुनाया और शुभकामनाएं दी । जानकारी के अनुसार 23 नवंबर को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में झण्डारोहण कर पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के संदेश को पढ़कर सुनाया गया । अधिकारियों व कर्मचारियों को झण्डा का प्रतीक चिन्ह लगाकर शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी ललिया लाइन ज्योतिश्री, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी जितेन्द्र कुमार व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार ने पुलिस कार्यालय में एवं जनपद के समस्त थाना चौकी पर थाना प्रभारी चौकी प्रभारियों ने अधिकारियों कर्मचारियों को पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के संदेश को पढ़कर सुनाया और पुलिस झण्डा दिवस का प्रतीक लगाया ।

### सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा विशाल भंडारे के साथ सम्पन्न

बलरामपुर । जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर मुख्यालय स्थित शक्तिपीठ देवी पाटन मंदिर महंत महेंद्र नाथ योगी की 24 वीं पुण्यतिथि अवसर पर आयोजित होने वाले सात दिवसीय श्रीराम कथा का समापन शुक्रवार को पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारे के साथ किया गया । जानकारी के अनुसार 22 नवंबर के देर शाम पूर्णाहुति के बाद संत सम्मेलन एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया । संत सम्मेलन में पूरे भारत एवं नेपाल तथा रूस से आये हुए साधु सन्तो ने भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की । शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के महंत मिथलेश नाथ योगी ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आए हुए संतो एवं श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि महंत महेंद्र नाथ योगी को उनके कार्यों चाहे वह मंदिर के विकास के बारे में हो या समाज एवं थारू जनजाति के उत्थान की बात हो हर दिशा में उनकी दूर दृष्टि ही के कारण उन्हें आज भी मंदिर के पुरोधा के रूप में याद किया जाता है। श्रद्धांजलि सभा में बोलते हुए पीठाधीश्वर ने श्रद्धांजलि सभा मे आए हुए सभी संतों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। श्रद्धांजलि सभा एवं संत सम्मेलन के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या मे आए हुए श्रद्धालुओं एवं जनप्रतिनिधियों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। मंच का संचालन सुनील मणि त्रिपाठी द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर कार्यक्रम में हिसार हरियाणा से पधारे विनोद नाथ योगी, दीनानाथ योगी, राजघाट ककरा से पधारे ज्ञानी नाथ योगी,नया घाट अयोध्या से पधारे संत सर्वेश दास, योगी महेश्वर नाथ योगी दिल्ली से डॉ नारायण शास्त्री दांग नेपाल,शिवेंद्र नाथ योगी,ज्ञानी नाथ योगी,सदर विधायक पलटूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ।

## एनसीसी 51 वीं बटालियन ट्रैकिंग कैंप का दूसरा चरण प्रारंभ

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज परिसर में स्थापित 51 वीं यूपी बटालियन एनसीसी ट्रैकिंग कैंप के दूसरे चरण का शुभारंभ शनिवार को कैंप के कमांडिंग ऑफिसर अरविंद प्रताप सिंह पटवाल ने किया । जानकारी के अनुसार 23 नवंबर को 51 वीं बटालियन एनसीसी कैंप के दूसरे चरण का शुभारंभ करने के उपरांत कैंप कमांडिंग ऑफिसर अरविंद प्रताप सिंह पटवाल ने सिरसिया श्रावस्ती के बनवारी देवी अशोक कुमार स्मारक महाविद्यालय में 22 नवंबर से 29 नवंबर तक चलने वाले आल इंडिया यू पी ट्रैकिंग कैम्प द्वितीय के ओपनिंग एड्रेस में कहा कि जब हम एकजुट होते हैं, तो हम बदलाव ला सकते हैं। इसलिए एकता न केवल आशा, साहस और उम्मीद देती है, बल्कि बदलाव भी लाती है। एकता प्रेरणा देती है- जब हम एक टीम के रूप में काम करते हैं, तो हम एक-दूसरे से प्रेरित होते हैं और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित होते हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश, बिहार एंड झारखंड, जम्मू कश्मीर व दिल्ली प्रदेशों से आये कैडेटों का स्वागत करते हुए कहा कि ट्रैकिंग कैंप का मकसद, छात्रों में आउटडोर कौशल, शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क, और प्रकृति के प्रति प्रशंसा बढ़ाना होता है. ट्रेकिंग का मतलब है, ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी और घाटी के मार्गों से पैदल यात्रा करना। साथ ही इस ट्रैकिंग कैंप के माध्यम से एनसीसी के कैडेट्स को विशेष प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बटालियन के कमांडिंग आफिसर कर्नल एपीएस पटवाल ने बताया कि इस कैंप के दौरान एनसीसी कैडेट्स को महात्मा बुद्ध की कर्मभूमि और उनसे संबंधित पुरातात्विक स्थलों को देखने और समझने का अवसर मिलेगा।

इसके पूर्व कैडेटों ने ट्रैकिंग का भी आनंद लिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रदेशों से आये एन सी सी ऑफिसर, पीआई स्टाफ व कैडेट्स मौजूद रहे।

## भाजपाइयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर महाराष्ट्र व यूपी की जीत पर जताई खुशी

जन एक्सप्रेस । संवाददाता



बलरामपुर । जनपद बलरामपुर में यूपी के उप चुनाव एवं महाराष्ट्र के विधान सभा चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर भाजपाइयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की । शनिवार को तुलसीपार्क स्थित अटल भवन कार्यालय पर भाजपाइयों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर जीत की बधाई दी। जानकारी के अनुसार 23 नवंबर को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत मिली है। वहीं यूपी के उप चुनाव में भी भाजपा ने नौ में से सात सीटों पर भाजपा का परचम लहराया है। यह एक ऐतिहासिक जीत है। मोदी की नीतियों एवं निर्णयों पर जनता ने मुहर लगाया है। यूपी के उप चुनाव में समाजवादी पार्टी के गुब्बारे को जनता ने हवा में उड़ा दिया। जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी एवं विधान सभा प्रभारी गैसड़ी अजय सिंह पिंकू ने कहा कि यूपी में योगी के नेतृत्व में भाजपा ने प्रचंड जीत दर्ज की। केन्द्र व प्रदेश की जन कल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रही है। यही कारण है कि भाजपा को प्रचंड जीत मिल रही है। इस अवसर पर जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू, बिन्दू विश्वकर्मा, आद्या सिंह, जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरुण, सुनीता मिश्रा, ललिता तिवारी, जिला मीडिया संयोजक अवधेश पाण्डेय, माधुरी सिंह त्रिपाठी, सरिता शुक्ला।

## मंडल आयुक्त ने मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का किया निरीक्षण, बूथों पर जाकर दिए विभिन्न निर्देश



जन एक्सप्रेस । संवाददाता

बलरामपुर । मंडलायुक्त ने तहसील सदर में विधानसभा क्षेत्र बलरामपुर में मतदेय स्थल बूथ संख्या 01 व 02 का औचक निरीक्षण कर , मतदाता सूची दुरुस्त किए जाने कार्य का लिया जाएगा , दिए आवश्यक दिशा निर्देश बलरामपुर- भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशन में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में मतदाता सूची में नाम सम्मिलित किए जाने, मृतक, शिफ्टेड, डुप्लीकेट नाम को हटाने व मतदाता सूची में दर्ज अशुद्ध नाम की प्रविष्टियों को शुद्ध किया जाने का कार्य किया जा रहा हैं। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की विशेष तिथि पर मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल शशिभूषण लाल सुशील द्वारा मतदेय स्थल प्राथमिक विद्यालय श्रावस्ती बूथ संख्या 01 व 02 तहसील बलरामपुर सदर , विधानसभा क्षेत्र बलरामपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित पाए गए।

इस दौरान मंडल युक्त द्वारा मतदाता सूची एवं अभिलेखों का अवलोकन किया गया। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों से पुनरीक्षण अभियान के कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे पात्र व्यक्ति जिनकी आयु 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो गई है और अब तक वह मतदाता नहीं बने हैं , उनको चिन्हित करते हुए मतदाता सूची में शामिल करने के लिए फॉर्म 6 भराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम की डुप्लीकेसी ना हो यह सुनिश्चित करें।

इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एसडीएम बलरामपुर सदर संजीव कुमार यादव, तहसीलदार व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मथुरा की हवा में भी घुला जहर एक्यूआई 300 पर पहुंचा

मथुरा। मथुरा जिले में बृहस्पतिवार की सुबह जहरीली हवा के बीच हुई। मथुरा-वृंदावन में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 के करीब दर्ज किया गया, जो अति गंभीर है। मंगलवार रात शहर का न्यूनतम तापमान 12.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस सीजन का सबसे कम तापमान है। मौसम विभाग के अनुसार, जिले में आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट देखने को मिलेगी। दिन के समय धूप निकलने के साथ सुबह और शाम को मौसम पूरी तरह से करवट बदल रहा है। ऐसे में न्यूनतम तापमान के साथ-साथ अधिकतम तापमान में भी गिरावट देखने को मिली है। बीते 24 घंटे में तापमान और 2 डिग्री लुढ़क गया। बृहस्पतिवार को अधिकतम 26.7 और न्यूनतम तापमान 12.3 ग्रिडी सेल्सियस दर्ज किया गया। शुक्रवार को घने कोहरे के साथ हल्की सर्दी पड़ने की आशंका जताई जा रही

## दुल्हन से पहले आई दूल्हे के भाई की मौत की खबर

जन एक्सप्रेस । आगरा

जिस घर में दुल्हन आनी थी, वहां दूल्हे के भाई की मौत की खबर मिली तो चीत्कार मच गया। सूचना मिलने के बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आगरा के इनर रिंग रोड टोल प्लाजा पर अमेठी से दिल्ली शादी में जा रहे दूल्हे के भाई और उनके साथियों की कार चालक की झपकी लगने पर डिवाइडर से टकराकर नाले में जा गिरी। हादसे में दूल्हे के भाई सहित दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। तीन घायल हैं। परिजनों ने बताया कि अमेठी के शुकुल बाजार निवासी शुभ्रांत उर्फ पप्पी के बड़े भाई कर्मवीर का शनिवार को दिल्ली में शादी समारोह था। शुभ्रांत अपने साथियों के साथ कार से दिल्ली जा रहे थे। शनिवार सुबह करीब 5 बजे इनर रिंग रोड प्लाजा रहनकलां के पास हादसा हुआ। शुभ्रांत उर्फ पप्पी (45) पुत्र अमरजीत और महेंद्र शुक्ला (45) की मौके पर ही मौत हो गई। महेंद्र पत्रकार थे। हादसे में रजनीकांत शुक्ला, करन सिंह व जितेंद्र कुमार घायल हो गए। परिजन ने बताया कि शुकुल बाजार, अमेठी निवासी कर्मवीर की शादी दिल्ली की कोमल से शनिवार को होनी थी। कर्मवीर की ज्वेलरी शॉप है। तीन भाइयों में सबसे छोटे शुभ्रांत थे। तीसरे भाई रणवीर ने हाल में पुलिस की परीक्षा पास की है। हादसे की खबर जब शादी वाले घर में पहुंची तो मां बेहोश हो गईं।

## बोरी वाली नहीं बोतल वाली खाद करें इस्तेमाल

जन एक्सप्रेस । संवाददाता




अम्बेडकरनगर । डीएपी व यूरिया खाद के संकट से किसानों ने निपटना शुरू कर दिया है। किसान नैनो डीएपी- यूरिया का इस्तेमाल करने लगे हैं। नैनो डीएपी व यूरिया लाने व ले जाने में भी बहुत आसान है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी बनी रहती है। किसानों का मानना है कि यह नई तकनीक है। इसको अपनाने के लिए कुछ खेतों में प्रयोग कर देखना चाहिए। इफको केंद्र में भी नैनो यूरिया व डीएपी की बिक्री बढ़ी है। केंद्र सरकार नैनो यूरिया व डीएपी खाद का प्रयोग बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास कर रही है। अब किसानों का झुकाव इसकी तरफ हो रहा है। बोरी वाली खाद के साथ ही बोतल वाली नैनो खाद भी उपयोग करने लगे हैं। जिससे किसानों की लागत कम हो रही है। और फायदा ज्यादा हो रहा है। इफको ई- बाजार के जिला क्षेत्रीय प्रबंधक देवी प्रसाद ने बताया कि एक बोरी डीएपी व एक बोतल नैनो डीएपी का उपयोग एक एकड़ में किया जाता है। जिससे किसानों को करीब 750 रुपए की बचत होती है। इसी तरह दानेदार यूरिया बोरी से नैनो यूरिया का उपयोग करने पर 45 रुपए की बचत होती है। वहीं पर्यावरण पर भी इसका कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। बसखारी ब्लॉक के हरैया में स्थित इफको ई- बाजार केंद्र में नैनो यूरिया व डीएपी की मांग बढ़ी है। केंद्र के विक्रय अधिकारी आदित्य तिवारी व सहायक विक्रय अधिकारी अभिषेक नायक ने बताया कि इस वर्ष अप्रैल माह से नवंबर तक नैनो तरल यूरिया व डीएपी की बिक्री गत वर्ष की अपेक्षा दोगुनी हो चुकी है। दोनों खादों के बेहतर परिणाम आए हैं। किसानों की शंकाए अब दूर हो रही हैं। नैनो डीएपी व यूरिया का उपयोग करने से लागत में कमी आएगी। उत्पादन में बढ़ोतरी होने से फायदा अधिक होगा। किसान भाई निःसंकोच इसका अधिक से अधिक उपयोग करें।

# राष्ट्रीय समेलन में पीलीभीत की पालिकाध्यक्ष डॉ.आस्था करेंगी उ.प्र के चेयरमैनों का प्रतिनिधित्व

■ नई दिल्ली के भारत मंडपम में 26 को होगा अध्यक्ष व महापौरों का राष्ट्रीय सम्मेलन

जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार



पीलीभीत। 16वें वित्त आयोग द्वारा नई दिल्ली में भारत में शहरी स्थानीय सरकारों को मजबूत बनाने संबंधी विषय पर देशभर के पालिकाध्यक्षों और महापौरों के सम्मेलन में पीलीभीत की पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। राष्ट्रीय सम्मेलन में राजकोषीय स्थिरता और दक्षता तथा शासन पारदर्शिता और जवाबदेही बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। पालिकाध्यक्ष डॉ.आस्था इस राष्ट्रीय सम्मेलन में उत्तर प्रदेश की ओर से संबोधन भी करेंगी।

नगर विकास विभाग की विशेष सचिव अरुण प्रकाश द्वारा भेजे गए पत्र के अनुसार 26 नवंबर को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सेमिनार में प्रदेश की एक अकेली पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल सहारनपुर के मेयर डॉ अजय कुमार और एकमात्र नगर पंचायत कुलपहाड़ महोबा के अध्यक्ष वैभव अरजरिया को इस राष्ट्रीय सेमिनार में आमंत्रित किया गया है।

नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल ने बताया कि सोलहवें वित्त आयोग भारत सरकार के संयुक्त सचिव राहुल जैन द्वारा उक्त सम्मेलन के संबंध में भेजे गए पत्र के अनुसार राजकोषीय स्थिरता और दक्षता विषय पर सभी नागरिकों के लिए जीवन की अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सेवाएं और बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए नगर के पास उपलब्ध धन के विभिन्न स्रोत क्या है। शहर के विकास की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वित्त आयोग और अन्य अनुदानों पर निर्भरता की सीमा क्या है। शहर में एफसी अनुदान किस तरह के खर्च परियोजनाएं शुरू की है। स्वयं के स्रोत से राजस्व संग्रह, ग्रामीण से शहरी क्षेत्र में परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए क्या पहल की गई है और शहरों की वित्तीय स्थिरता पर इसका क्या प्रभाव पड़ा है। आदि बिंदु पर राष्ट्रीय सम्मेलन में चर्चा होगी।

इसके अलावा पलायन और गांव की सीमाओं को शहर की सीमा में शामिल करने का क्या प्रस्ताव है। इसके कारण वित्तीय प्रबंधन और सेवा वितरण से जुड़ी चुनौतियां क्या है। परियोजनाओं के निर्णय और उनके क्रियान्वयन में नगर पालिका के निर्वाचित प्रतिनिधि क्या भूमिका निभाते हैं। परियोजना के चयन मंजूरी, स्वीकृति, क्रियान्वयन और निगरानी में किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। आदि बिंदुओं पर चर्चा होगी।

इसके अतिरिक्त नगर पालिका और नगर निगम की वित्तीय मजबूती के क्षेत्र में सुधार के सुझाव भी मांगे जाएंगे, जिन्हें आवश्यकतानुसार वित्त आयोग लागू कर सके। शासन पारदर्शिता और जवाबदेही विषय में राज्य सरकारों को निधियां कार्यों और पदाधिकारी के हस्तांतरण की स्थिति क्या है। तेजी से हो रहे शहरी विकास को देखते हुए शहरों की योजना को अधिक कुशल कैसे बनाया जा सकता है। इस संबंध में भी इस राष्ट्रीय सम्मेलन में चर्चा की जाएगी। पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था द्वारा राष्ट्रीय सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के चैयरमैनों का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित होने पर सभासदों व पालिका कर्मियों ने उन्हें बधाई दी है।

# पीलीभीत से बरेली जाने वाली डेमो ट्रेन साजिश का शिकार होने से बाल बाल बची

■ ट्रेन पलटाने की साजिश! ट्रैक पर रखा मिला सरिया.. पायलट की सूझबूझ से टला हादसा, FIR दर्ज

> बरेली रेल खंड पर ललौरीखेड़ा रेलवे क्रासिंग के पास रेलवे ट्रैक पर किसी ने साजिश करते हुए सरिया रख दी थी। जिसकी जानकारी मिलने पर घटनास्थल का मौका मुआयना किया गया। हालांकि कोई हादसा नहीं हुआ। इस मामले में जहानाबाद थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। मामले की जांच चल रही है, जल्द ही खुलासा किया जाएगा।
>
> राजेंद्र सिंह, पीआरओ डीआरएम रेलवे

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पीलीभीत से बरेली जाने वाली डेमो ट्रेन शुक्रवार रात साजिश का शिकार होने से बच गई। बरेली रेलखंड पर ललौरीखेड़ा के नजदीक रेल ट्रैक पर कुछ खुराफातियों ने करीब पांच फुट की लोहे की सरिया रख दी। इस दौरान वहां से गुजरी डेमो ट्रेन के पायलट की नजर सरिया पर पड़ी तो उसने ट्रेन की स्पीड कम कर ली। हालांकि ट्रेन सरिया को पार कर गई। ट्रेन की रफ्तार धीमी होने के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। पायलट ने सूचना रेलवे के अधिकारियों के अलावा आरपीएफ को दी। इसके बाद अफसर मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरु कर दी है। इस मामले में जहानाबाद थाने में अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। मामला शुक्रवार रात करीब 9-45 बजे पीलीभीत-बरेली रेल ट्रैक का है। पीलीभीत जंक्शन से बरेली को जाने वाली ट्रेन संख्या 05312 (डेमो ट्रेन) अपने निर्धारित समय से प्लेटफार्म से रवाना हुई। जिसमें करीब दो हजार से अधिक यात्री सफर कर रहे थे। जैसे ही ट्रेन जहानाबाद रेलवे क्रासिंग क्रास कर ललौरीखेड़ा क्रासिंग के समीप पहुंची तो रेलवे ट्रैक पर दोनों ओर एक बड़ी सरिया रखी पायलट को दिखी। पायलट ने सूझबूझ से ट्रेन की स्पीड को कम कर लिया। हालांकि तब तक ट्रेन सरिया को पार कर चुकी थी। गनीमत रही कि कोई हादसा नहीं हुआ। इस पर पायलट ने रास्ते में ट्रेन रोककर चेक करने के बाद सूचना रेलवे के उच्चधिकारियों को दी। आरपीएफ को भी सूचित कर दिया गया। जिसके बाद खलबली मच गई। आरपीएफ इंस्पेक्टर नरेश कुमार मीना, हेड कांस्टेबल राकेश कुमार, इंस्पेक्टर जहानाबाद मनोज कुमार मिश्र फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर सरिया ट्रैक में फंसी मिली। जिसका सुराग लगाने के लिए मौके पर डॉग स्क्वाइड को भी बुलाया गया। हालांकि डॉग स्क्वायड कुछ भी पता नहीं लगा सका।

रेलवे अफसरों को भी ये साजिश लगी। जिसकी पड़ताल की जा रही है। डेमो ट्रेन के पायलट से भी इसके बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की गई।

रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर नेत्रपाल सिंह की ओर से जहानाबाद थाने में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

# सभी तौल लिपिक दैनिक खरीद रजिस्टर पर प्रतिदिन की गन्ना खरीद का लेखा रखेंगे- खुशीराम भार्गव





जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

■ जिला गन्ना अधिकारी ने क्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण

शनिवार को जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भर्गव ने एल. एच.चीनी मिल पीलीभीत के क्रय केंद्र कनपारा एवं घुंघचिहाई का निरिक्षण किया।

क्रय केंद्र कनपारा के प्रभारी अरविन्द कुमार द्वारा बताया गया कि क्रय केंद्र पर अब तक 11431.74 कुं गन्ने की खरीद की जा चुकी हैं। कृषक राम सरन की गन्ने से भरी ट्राली का वजन गन्ना किसानो के सामने कराया गया तो वजन 52.25 कुं प्रदर्शित हुआ। इस पर 5.00 कुं के मानक बाँट रखने पर वजन 57.25 कुं प्रदर्शित हुआ। इस प्रकार इलेक्ट्रॉनिक वेब्रिज द्वारा सही वजन प्रदर्शित किया गया। क्रय केंद्र पर उपस्थित किसानो को गन्ना तौल, यस यम यस पर्ची एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। सभी क्रय केंद्र पर तैनात तौल लिपिकों का 15 दिन के अंतराल पर ऑनलाइन लॉटरी द्वारा स्थानांतरण किया जा रहा हैं। जिला गन्ना अधिकारी ने निर्देश दिया गया कि सभी तौल लिपिक दैनिक खरीद रजिस्टर पर प्रतिदिन की गन्ना खरीद का लेखा रखेंगे। तौल लिपिक निरिक्षण कर्ता अधिकारी का पूर्ण सहयोग करेंगे निरिक्षण कर्ता अधिकारी या निरिक्षण टीम को देखकर यदि कोई तौल लिपिक भाग जाता हैं। तो उसके बिरुद्ध कठोर कार्यवाही जी जाएगी। क्रय केंद्र पर उपस्थित किसानो द्वारा बताया गया कि गन्ना पर्ची से सम्बंधित मैसेज उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आ रहे हैं। किसान भाइयो से अनुरोध किया गया कि गन्ना विकास विभाग से जुडी किसी भी समस्या के लिये टोलफ्री नंबर 1 8001213203 पर शिकायत दर्ज कराएं। किसान पर्ची का मैसेज प्राप्त होने के बाद ही गन्ने की कटाई करे साफ व ताज़ा गन्ना चीनी मिल मे आपूर्ति करे चीनी मिलो को गन्ना आपूर्ति करने वाले किसान गन्ना समितियों के विधिक सदस्य होते हैं। इसलियें कोई समस्या होने पर गन्ना समिति कार्यालय पर संपर्क करें। निरिक्षण के दौरान कृषक सुरेन्द्र कुमार, रमेश सिंह, जसकरण, सुखविंदर महरबान, अशोक, प्रांशु व अन्य लोग उपस्थित रहें।

# हार-जीत अपनी जगह, बातचीत अपनी जगह

जन एक्सप्रेस । मुजफ्फरनगर

मीरापुर के उपचुनाव की आज मतगणना जारी है। कुल 11 उम्मीदवार मैदान में हैं। 57.10 प्रतिशत मतदान हुआ है। आज हार-जीत का फैसला हो जाएगा। सपा और रालोद प्रत्याशी सुबह सात बजे ही मतगणना स्थल पर पहुंच गई थीं। यहां मिथलेश पाल ने जहां अमर उजाला से अपने अनुभव बांटे, वहीं सुम्बुल राना ने भी पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान दोनों दलों की महिला प्रत्याशी एकसाथ पोज देती नजर आईं। मुस्लिम बहुत मतों की गिनती शुरू होते ही खिले सपा समर्थकों के चेहरे अभी तक रालोद ने सपा को पछाड़ा हुआ है। नन्हेड़ा से जैसे ही वोटों की गिनती शुरू हुई तो रालोद प्रत्याशी मिथलेश पाल ने बढ़त बनानी शुरू कर दी। सपा दूसरे नंबर पर रही तो वहीं आसपा को प्रदर्शन संतोषजनक दिखाई दिया जबकि बसपा चौथे नंबर पर खिसकी दिखाई दी। सातवें चरण के बाद मुस्लिम बहुल गांवों की मतगणना शुरू होते ही सपा समर्थकों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई।

# एसपी के आदेश पर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न की प्राथमिकी की दर्ज

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने अतिरिक्त दहेज में 10 लाख रुपए न देने पर विवाहिता को तलाक देकर छोटी बच्ची के साथ धक्के देकर घर से निकाल देने की प्राथमिकी दर्ज कर पति सहित ससुराल पक्ष के पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी लिखकर कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे के निर्देश पर कोतवाली में नगर के मोहल्ला हबीबुल्लाह खां शुमाली निवासी फरहाना नाज ने पंजीकृत कराई गई तहरीर में आरोप लगाते हुए कहा है कि उसके पिता ने 18 मार्च 2023 को मुस्लिम शरियत के साथ शाहजहांपुर जनपद के मदनापुर निवासी इदरीश खान के पुत्र जावेद के साथ उसका विवाह किया था। मंगनी में उसके पिता ने एक ब्रेजा गाड़ी तथा 51 हजार रूपए नकद दिए थे। विवाहिता का कहना है कि उसके पिता ने 10 तोला सोना के साथ सभी दान दहेज भी दिया था। इस दहेज से उसका पति मोहम्मद जावेद ससुर इदरीस सास भूरी बेगम देवर इमरान तथा ननद आयशा संतुष्ट नहीं थे। वह विवाहित पर बार-बार घर से 10 लाख रुपए लाने को दबाव बनाए हुए। फरहाना नाज का आरोप है कि उसके पति तथा देवर इमरान ने एक राय होकर धारदार हथियार तथा भले से उसके ऊपर प्रहार कर घायल कर दिया। इसके बाद उन्होंने उसका गला दबाना भी चाहा। उन्होंने तीन तलाक देकर घर से धक्का मार कर बाहर निकाल दिया और दरवाजा बंद कर लिया। पीड़ित विवाहित अपनी छोटी बच्ची को लेकर अपने पिता के घर आ गई और उसने अपने पति सहित सभी लोगों के विरुद्ध शाहजहांपुर जनपद की मदनापुर थाने में प्राथमिकी पंजीकृत करना चाहिए किंतु पुलिस ने उसे टरका दिया। इसके बाद उसने पीलीभीत के पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे के समक्ष पेश होकर न्याय की गुहार लगाई। इसके बाद उन्होंने बीसलपुर पुलिस को निर्देशित कर विवाहिता के पति मोहम्मद जावेद, ससुर इदरीस, सास भूरी बेगम, देवर इमरान, ननद आयशा के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत करने के पश्चात कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

# अशलील फोटो वायरल करने की धमकी देकर युवती से किया दुराचार

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। जनपद के थाना बिलसण्डा क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के अशलील फोटो वायरल किये जाने व धरर्म परिवर्तन कराने का युवक लगातार प्रयास कर रहा है। सात-आठ माह से उसके साथ दुराचार कर रहा है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर कार्यवाही किये जाने की मांग है।

बिलसण्डा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती को गन्ने में खीचकर सात-आठ माह पूर्व दुराचार किया तथा उसके उसी समय अशलील फोटो खीच लिये। जिन्हें वायरल करने की धमकी देकर दुराचार करता रहा और धर्म परिवर्तन कराकर शादी करने का दबाव बना रहा है। पीड़िता ने बिलसण्डा थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी लेकिन पुलिस ने शांति भंग में चालाकर कर रश्म अदायगी पूरी कर दी। युवक लगातार पीड़िता को जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को अविनाश पाण्डेय को शिकायती पत्र देकर दुराचार करने वाले तथा धर्म परिवर्तन कराने का दबाव बनाने वाले के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# जिलाधिकारी ने तीन दिवसीय 42वीं जनपदीय स्काउट गाइड/सर्वोत्तम कैडेट रैली का किया समापन



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने तीन दिवसीय 42वीं जनपदीय स्काउट गाइड/सर्वोत्तम कैडेट रैली का समापन ड्रमण्ड राजकीय इण्टर कालेज में किया। उक्त कार्यक्रम में जिलाधिकारी को बैच लगाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। स्काउट गाइड की टीमों ने सलामी ली। रैली में छात्रपति शिवाजी इण्टर कालेज, नेहरू इण्टर कालेज गुलडिया भिण्डारा, पूर्व विद्यालय बरहा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बालिका विद्यालय मरौरी, जनता टेक्नीकल इण्टर कालेज बीसलपुर, पब्लिक इण्टर कालेज पूरनपुर सहित अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली में प्रतिभाग किया। बच्चों द्वारा तैयार किये गए प्रोजेक्टों को देखी व उनकी प्रशांसा की। साथ ही उन्होंने स्काउड गाइड के टीम लीडरों को शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान नगर मजिस्टेऊट, प्रधानाचार्य ड्रमण्ड राजकीय इण्टर कालेज, नोडल अधिकारी कैडेट रैली, रैली संचालिका/संचालक सहित अन्य उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब ऑफ पीलीभीत मातृशक्ति क्लब की ओर से नवनिर्मित की गयी पानी की टंकी







जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

शुक्रवार को रोटरी मातृशक्ति क्लब ऑफ पीलीभीत की ओर से जन सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक शीतल जल की टंकी का निर्माण ठेका चौकी निकट महिला थाना समीप सुप्रसिद्ध माता यशवन्त्री देवी मंदिर मार्ग, पीलीभीत पर किया गया। कार्यक्रम में रोटरी मातृशक्ति क्लब ऑफ पीलीभीत की अध्यक्षा रोटेरियन चारू धवन एवं सेक्रेटरी रोटेरियन मुनीता अग्रवाल ने सर्वप्रथम पीलीभीत नगर की चेयरमैन डॉ0 आस्था अग्रवाल का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि डॉ0 आस्था अग्रवाल (नगर पालिका परिषद, चेयरमैन पीलीभीत) के द्वारा शिलान्यास का शुक्रवार 23 नवंबर को लोकार्पण कर उ?द्घाटन किया गया।

कार्यक्रम में रोटरी मातृशक्ति क्लब ऑफ पीलीभीत की अध्यक्षा रोटेरियन चारू धवन एवं सेक्रेटरी रोटेरियन मुनीता अग्रवाल की अहम भूमिका रहीं। नवनिर्मित शीतल जल की टंकी का निर्माण ठेका चौकी निकट महिला थाना, यशवन्त्री मंदिर मार्ग, पीलीभीत के उद्घाटन समारोह में क्लब के सभी मेम्बर उपस्थित रहे। रोटेरियन आदिती जयसवाल, रोटेरियन प्रिया जगोता, रोटेरियन कन्चन अग्रवाल, रोटेरियन नेहा गोयल, रोटेरियन कोमल अग्रवाल, रोटेरियन भावना अग्रवाल क्लब के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपने-अपने समय का सम्पूर्ण योगदान दिया। रोटरी मातृशक्ति क्लब ऑफ पीलीभीत के द्वारा किए गए कार्यक्रम के समापन में क्लब की अध्यक्षा रोटेरियन चारू धवन ने जल के महत्व को बताते हुए मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी रीना सिंह भी उपस्थित रहीं।

# उपचुनाव में हुई प्रचण्ड जीत पर राज्यमंत्री ने मिठाई बाटकर किया खुशी का इजहार

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



देश प्रदेश में हुए उपचुनाव में भाजपा एंव सहयोगी दलों को मिली प्रचण्ड जीत पर गन्ना विकास एंव चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने इसे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एंव प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी के नेतृत्व में उनके जनहित कार्यों के प्रति जनता की आस्था की जीत बताई है।

आज शानिवार को अपने आवास पर सेक्टर प्रभारियों की बैठक के दौरान उन्होनें महाराष्ट में भाजपा एंव उनके सहयोगी दलों (महायुति) एंव प्रदेश में 9 सीटों मे हुए उपचुनाव में सबसे ज्यादा सीटे जीतने पर खुशी जाहिर करते हुए राज्यमंत्री ने मिठाई खिलाकर इस प्रचण्ड जीत पर एक दूसरे को बधाई दी। उन्होनें कहा कि देश-प्रदेश की जनता ने एक बार फिर यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी एंव प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों के प्रति जनता ने अपनी मौहर लगाते हुए प्रचण्ड जीत दिलाई। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कार्यकर्ताओं से कहा है कि सरकार के जनहित में किए जा रहें कार्यो को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करें और वूथ स्तर पर संगठन को मजवूत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभायें।

राज्यमंत्री श्री गंगवान ने सेक्टर प्रभारियों से कहा कि जनता से जुडाव ही अगले चुनावों का आधार होगें। इस मौके पर ललौरीखेडा ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, भाजपा नगर अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव सहित बडी संख्या में ग्राम प्रधान और पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहें।

# मुठभेड़ में गो-तस्कर के पैर में लगी गोली

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



खुटहन खेतासराय थानों की संयुक्त पुलिस ने टीम ने शुक्रवार की रात मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से घायल गो-तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा, कारतूस व हीरो एचएफ डीलक्स बाइक बरामद हुई। थानाध्यक्ष खुटहन दिव्य प्रकाश सिंह हमराहियों के साथ रात करीब नौ बजे बनुआडीह नहर पुलिया पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी वायरलेस सेट पर सूचना मिली कि थानाध्यक्ष खेतासराय रामाश्रय राय पुलिस टीम के साथ बाइक सवार बदमाश का लेदरहीं से पीछा किए हैं। वह सेठुआपारा नहर पटरी होते हुए बनुआडीह की ओर भाग रहा है। दोनों थानों की संयुक्त टीम ने उसर बस्ती नहर पुल के पास घेराबंदी कर ली। वहां पहुंचने पर बदमाश बाइक मोड़कर शेरपुर की तरफ भागने के प्रयास में असंतुलित होकर गिर गया। इसके बाद पैदल भागने लगा। पुलिस टीम ने आत्म समर्पण करने को ललकारा तो उसने तमंचे से फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम ने जवाबी फायरिंग की। पैर में गोली लगने से घायल होकर गिरने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपित निसार खेतासराय के मारुफपुर का निवासी है। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसआइ वीरेंद्र कुमार गौतम, महेंद्र यादव, हेड कांस्टेबल राकेश कुमार यादव, कांस्टेबल अजय कुमार, शशांक त्रिवेदी, संदीप कुमार, दिनेश यादव व शुभम त्यागी रहे। सीओ शाहगंज अजीत कुमार चौहान ने बताया मुठभेड़ में गिरफ्तार निसार कुख्यात गो-तस्कर है। उसके खिलाफ खुटहन व खेतासराय थानों में हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, गो-हत्या निवारण, पशु क्रूरता, गैंगस्टर, एनडीपीएस एक्ट व चोरी के नौ मुकदमे दर्ज हैं।

# दबंगों ने जलाई दुकान नगदी समेत खाने-पीने के सामान जले

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सामने दबंगों ने एक गुमटी दुकान को जलाकर राख कर दिया। जिसमें रखा नगदी समेत हजारों रुपए के सामान जलकर राख हो गए। सूचना पहुची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी।

बता दें कि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सामने जासोपुर मोड पर राम सिंगर यादव के गुमटी में दुकान कर जनरल स्टोर से लेकर खाने-पीने के समान की दुकान संचालित कर रहे थे। शुक्रवार की रात करीब 11 बजे दुकान धु धु कर जलने लगी ।आसपास के लोगों की सूचना पर रामसिंगार वहा पहुंचे और पुलिस को सूचना दिए। पूर्वांचल विश्वविद्यालय चौकी प्रभारी संतोष कुमार मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। इसी दौरान पुलिस की सूचना पर फायर ब्रिगेड दमकल की गाड़ियां पहुंच गई। लोगों ने जब तक उसे पर पानी की बौछार करते तब तक घूमटी की दुकान जलकर राख हो गया। दुकान में राम सिंगर यादव के मुताबिक दुकान में 50 हजार नगदी और खाने पीने वाला जनरल के करीब 50 हजार के सामान जलकर राख हो गये। उनका कहना है कि आसपास के अराजक तत्वो ने हीं दुकान में आग लगाई है और आग लगाकर फरार हो गया हालांकि उन्होंने अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई।

चर्चा है कि आसपास की जो नशेड़ी लोग घूमते रहते हैं वहीं रंजिश बस दुकान में आग लगाए हैं। जिससे सभी सामान जलकर राख हुआ। पीड़ित ने राम श्रृंगार ने कहा कि उधारी सामान न देने पर दबंगों ने किया इस घटना को अंजाम दिया।

# धर्मांतरण का विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के बलुआ गांव में रुपए का प्रलोभन देकर धर्मांतरण का विरोध करने पर युवक के साथ कुछ दबंगो द्वारा मार पीट का मामला सामने आया है।वही सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक बलुआ गांव निवासी राजेश चौहान पुत्र राजपति चौहान ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बुधवार की शाम लगभग आठ बजे अखिलेश चौहान पुत्र अज्ञात निवासी रामदायलगंज,अर्जुन पुत्र करन सिंह चौहान निवासी लाइन बाजार,रीता पत्नी स्व.महेश्वर चौहान,सुनीता पत्नी अजय चौहान व कुछ अज्ञात लोग मेरे घर आए और धर्म परिवर्तन करने के लिए एक लाख रुपए का प्रलोभन दिया। जिसका विरोध करने पर उक्त दबंगो ने मिलकर हमारे साथ मारपीट किया। पीड़ित राजेश चौहान ने घटना की जानकारी डायल 112 नंबर पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। वहीं प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराए जाने की भनक लगते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए,और कार्रवाई की मांग करने लगे। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक बदलापुर विनोद मिश्र ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल करके विधिक करवाई की जा रही है।

# अबेडकर स्मारक के रुप में बाराबंकी वासियों को मिली सौगात

■ प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने संसद भवन के साथ डॉ अम्बेडकर की नवीनतम भव्य प्रतिमा का किया लोकार्पण



जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

प्रदेश सरकार के कारागार राज्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने शनिवार को अयोध्या रोड स्थित नाका सतरिख चौराहा पर बना अम्बेडकर प्रेरणा स्थल जिले को समर्पित किया। उन्होंने उक्त चौराहा को डॉ. अम्बेडकर चौराहा नाम से बनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया। विदित हो कि संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर को समर्पित इस स्मारक की आधारशिला पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने 09 सितम्बर 2023 को रखी थी। स्मारक एवं संसद भवन के साथ डॉ अम्बेडकर की नवीनतम भव्य प्रतिमा का उद्घाटन संविधान दिवस की हीरक वर्ष से दो दिन पूर्व किया गया है। इस स्मारक का निर्माण करीब 42 लाख में हुआ है, जिसमें 34 लाख रूपए पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने सांसद निधि से और शेष 8 लाख रूपए डॉ भीमराव अम्बेडकर मेमोरियल सेवा समिति व पार्क-स्मारक अनुरक्षण समिति ने जन सहयोग से इकट्ठा करके डॉ अम्बेडकर के स्मारक को बनाने का काम किया। इस स्मारक में भगवान बुद्ध, संत गाडगे, माता दीन वाल्मीकि, वीरांगना उद्धा देवी, संत रविदास, छत्रपति साहू जी महाराज की प्रतिभा के अलावा संसद भवन के साथ डॉ. आंबेडकर की 7.5 फुट ऊंची नवीन प्रतिमा है। लोकार्पण एवं प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के बाद देवा रोड स्थित गांधी भवन में आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने कहा कि बाबा साहेब की याद में बना यह स्मारक संविधान दिवस की हीरक वर्ष पर जनपद वासियों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि आज दलित समाज को डॉ अंबेडकर का यह स्मारक एक अनमोल उपहार के रूप में मिला है, इसके लिए पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत और डॉ भीमराव अम्बेडकर मेमोरियल सेवा समिति के सभी सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई।

प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद बहुत सरकारें आईं लेकिन जो कार्य बहुत पहले हो जाना चाहिए था वह काम दशकों के बाद आज हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ अम्बेडकर के योगदान और उनके संघर्ष को आगे बढ़ाया। इस मौके पर सभा की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार मौर्य ने किया।

सभा में मुख्य रूप से हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत, भाजपा नेत्री डॉ रामकुमारी मौर्य, जिला महामंत्री संदीप गुप्ता, जिला को आपरेटिब बैंक के चेयरमैन गुरू शरण सिंह लोधी, अजय श्रीवास्तव, नवीन सिंह राठौर, देव गुप्ता, दिनेश रावत, डॉ इम्बरीश अंबर आदि मौजूद रहे।

# नहर पर रैंप न बनने से हो रहे हैं हादसे, जेई और ठेकेदार की लापरवाही उजागर



जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

सूरतगंज। आम जनमानस को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो इस बात को लेकर जहां एक ओर केंद्र और उत्तर प्रदेश की सरकार संजीदा है तो वहीं दूसरी ओर विभाग के अधिकारी और कर्मचारी शायद सरकारी कार्यालयों में बैठ ठेकेदारों से साठ गांठ कर सरकारी खजाने को चूना लगा रहे हैं। परंतु मानक के अनुरूप काम नहीं कर रहे हैं। नहर विभाग से इसी तरह का एक मामला प्रकाश में आया है। बताते चलें कि जिले के ब्लॉक सूरतगंज इलाके के सुन्धियामऊ गांव के दक्षिण से गुजरी रजबहा और मीरामऊ, मीरपुर सेमराय होते हुए रमवापुर को जाने वाली छंदवल रजबहा नहर पर कई महीनो पहले लोगों के आने-जाने के लिए कई पुलिया का निर्माण करवाया गया था जिसमें सरकारी मानक के मुताबिक ना तो ईट लगाई गई और ना ही मटेरियल जहां प्रथम श्रेणी ईंट का इस्तेमाल होना था वहां दोयम दर्जे की ईंट और मटेरियल लगाकर खाना पूर्ति की गई। बात यहीं खत्म नहीं होती है जिसके बाद कुछ चन्द पुलिया के अगल बगल रैंप बनाई गई जबकि अधिकतर पुलिया रैंप नहीं बनाया गया जिससे इन रास्तों से गुजरने वाले राहगीर आए दिन चोटिल होते हैं। सुंधियामऊ के ग्रामीण मोहम्मद इकबाल, नदीम शाहिद, फरहान अंसारी आदि लोगों ने आरोप लगाया है कि जैसे तैसे पुलिया तो बन गई परंतु रैंप आज तक नहीं बनी जिसकी वजह से सुंधियामऊ रेलवे स्टेशन के रास्ते से गुजरते वक्त स्कूली बच्चों सहित लगातार अनेकों लोग चोटिल हो रहे हैं जिस ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बाद भी इस ओर विभाग का कोई अधिकारी व कर्मचारी ध्यान नहीं देता जो ग्राम वासियों सहित क्षेत्र वासियों के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है। दूरभाष पर जब हमारे संवाददाता ने नहर विभाग के जेई से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने फोन तक उठाना मुनासिब नहीं समझा। यदि समय रहते विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

# खाली पड़ी 13 हजार वर्ग फीट जमीन पर बनाया जाए रजिस्ट्री कार्यालय- प्रदीप निगम

■ तीसरे दिन भी अधिवक्ताओं का हड़ताल जारी, नही निकला कोई समाधान



जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

फतेहपुर। अधिवक्ताओं की हडताल के तीसरे दिन भी प्रस्तावित उपनिबन्धक कार्यालय का कोई समाधान नही निकल सका। बार संघ अध्यक्ष ने कहा कि तहसील परिसर में ही तहसीलदार आवास के पीछे करीब 13 हजार वर्गफिट भूमि पडी है उसमें यदि उपनिबन्धक कार्यालय का निर्माण यहां किया जाता है तो सभी अधिवक्ता अपनी सहमति दे सकते है। मालूम हो कि तहसील परिसर में स्थित उपनिबन्धक कार्यालय तथा नवीन कचेहरी परिसर में वकीलों का धरना शनिवार को तीसरे दिन भी अनवरत जारी रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता नारेबाजी करते नजर आये, और उपनिबन्धक कार्यालय के स्थानान्तरण के सरकारी प्रस्ताव को रद् किये जाने और तहसील परिसर में ही उपनिबन्धक कार्यालय बनाये जाने की व्यवस्था की मांग की। धरना सभा को सम्बोधित अध्यक्ष प्रदीप कुमार निगम ने बताया कि पुरानी तहसील के पीछे सरकारी कॉलोनी का स्थान सुरक्षित पडा है और उस पर लगातार पास पडोस के अतिक्रमणकारी इस सरकारी जमीन पर धीरे-धीरे अतिक्रमण करते चले आ रहे है किन्तु तहसील प्रशासन द्वारा इसका प्रस्ताव नही भेजा गया है, और यहां से काफी दूर असुरक्षित जगह पर उपबिन्धन कार्यालय का स्थानान्तरण कर उसके निर्माण कार्य कराये जाने का गलत जनता विरोधी प्रयास किया जा रहा है। जबकि तहसील प्रशासन को पुरानी तहसील के पीछे खाली पडी जमीन का ही प्रस्ताव बनाकर भेजना चाहिये। किन्तु अभी भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस प्रस्ताव को नही भेजा जाना अधिवक्ताओं के साथ किया गया प्रशासन द्वारा उदंड नीति है। हडताल बदस्तूर जारी रहेगी, सोमवार को इस प्रस्ताव को बार पदाधिकारी व उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम चन्द्र पाल, राजीव नयन तिवारी, प्रिंस वर्मा, श्रवण कुमार वर्मा, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, इन्द्रेश शुक्ला, यादवेन्द्र प्रताप सिंह, वीरेश चन्द्र वर्मा, अलीउद्दीन शेख, मदन मोहन मिश्रा, गणेश शंकर मिश्रा, अवधेश श्रीवास्तव, रमेशचन्द्र रावत, आशुतोष मिश्रा संजय सिंह, विकास श्रीवास्तव, प्रवीण पटेल, नफीस अहमद, रामलाल वर्मा, नियाज वारिस, प्रेमचन्द्र राजपूत, मो. राहिल, ज्ञानू सिंह, शेख शहाबुद्दीन, मो. रिजवान खान सहित बड़ी संख्या अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# दहेज में पांच लाख रुपए न मिलने पर विवाहिता को भगाया



जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

फतेहपुर। क्षेत्र के एक गांव में दहेज में पांच लाख रुपयों की मांग कर रहे ससुराल वालों ने मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से भगा दिया। मामला कोतवाली क्षेत्र के उजरवारा गांव का है। जहां पर शुक्रवार शाम पीड़िता ने तहरीर कोतवाली फतेहपुर में पति समेत चार लोगों के विरुद्ध दहेज़ संबन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना बड्डूपुर क्षेत्र के ग्राम जियनपुर निवासी राजेश कुमार ने पुत्री जूली का विवाह 17 अप्रैल 2022 को फतेहपुर क्षेत्र के उजरवारा निवासी राधेलाल के पुत्र अमित कुमार से किया था। तहरीर में जूली ने बताया कि शादी के तीन चार माह बाद से ही उसे दहेज में पांच लाख रुपये लाने के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। पति अमित, सास ऊषा देवी व ननद सुमन, सुनीता उसे आए दिन प्रताड़ित करते हुए मारने पीटने लगे। जिसकी जानकारी उसने फोन द्वारा अपनी मां को देती थी। जिस पर उसके भाई ने 10हजार रुपये ससुराल वालों को ला कर दिए। इस छोटी रकम पर ससुरालवाले नही माने। मांग पूरी न होने पर जान से मारने की धमकी देते हुए उसे 21 जुलाई 2024 को उसे घर से भगा दिया था। तभी से पीड़िता अपने मायके में रह रही है। इस संबंध में कोतवाली डीके सिंह ने बताया, पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## डीएम-एसपी ने छिबरामऊ थाने में सुनी जनसमस्याएं

जन एक्सप्रेस । कन्नौज। थाना समाधान दिवस के दौरान थाना छिबरामऊ में जिलाधिकारी ने सुनी जन समस्याएं। प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के दिए निर्देश। शासन के निर्देश पर जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने थाना छिबरामऊ में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए।

# मेरे घर के आगे साई नाथ तेरा मन्दिर बन जाए...

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

सत्यप्रेमी नगर स्थित वारिस चिल्ड्रेन्स एकेडेमी इण्टर कॉलेज में गुरुवार को श्री सत्य साई का 99 वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गुरुवार की सुबह छः बजे ओमकारम् एवं वेद पाठ से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। हवन में श्रद्धालुओं ने साई नाम जप की आहुतियां दी। सत्य साई पर आधारित रंगोली, पेंटिंग एवं भजन प्रतियोगिताओं में कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़ कर हिस्सा लिया। विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। सत्य साईं समिति के तत्वाधान में आयोजित भजन कार्यक्रम में गायकों ने साईं भजनों की शानदार श्रृंखला प्रस्तुत की। अच्युतम केशवं साई दामोदरं, नारायणं जानकी बल्लभं, एक बार क्षमा करो साई, मेरे बाबा श्री सत्य साईं, प्रणाम स्वीकार करो साई महादेवा, जय गुरु जय गुरु साई नाथ, श्री कृष्ण गोविन्द हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा, मेरे घर के आगे साई नाथ तेरा मन्दिर बन जाए, शिरडी साई द्वारिका माई प्रशांतिवासा साई राम जैसे भजनों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। साई सेवक विजय आनंद बाजपेई ने साई सन्देश प्रस्तुत किया। नन्हे-मुन्नों ने केक काटकर एवं मोमबत्ती प्रज्ज्वलित करके खुशियां बांटी। महामंगल आरती सम्पन्न होने के उपरांत प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर सुरेश त्रिवेदी, कमलेश शुक्ला, रघुवर दयाल द्विवेदी, आरके सोनी, कुमुदेश, बालक राम, शिवम सिंह आदि मौजूद रहे।

# मगरमच्छ ने फिर फैलायी दहषत



जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

फतेहपुर। क्षेत्र के ग्राम रौजा के बाद अब टीकापुर स्थित नदी में एक विशालकाय मगरमच्छ ग्रामीणों ने देखा तो हडकम्प मच गया। जिसकी सूचना वन विभाग को दी गयी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने छानबीन की लेकिन नदी मे पानी अधिक होने के कारण मगरमच्छ को पकडने में असमर्थ रही। मौके पर वन विभाग की टीम निगरानी बनाए हुए है। जानकारी के अनुसार तहसील फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम टीकापुर सत्तीनपुरवा के निकट कल्याणी नदी निकली हुई है। शनिवार को खेत गए ग्रामीणों ने विशालकाय मगरमच्छ को नदी किनारे बैठा हुआ देखा तो वहां पर ग्रामीणों की भारी भीड जुटने लगी। ग्रामीणों ने जिसकी सूचना वन विभाग को दी। रेंजर पी के सिंह ने बताया कि नदी में मगरमच्छ दिखने कि सूचना मिली है मौके पर जब टीम पहुंची तो वह गहरे पानी में जा चुका था। मौके पर वन विभाग की एक टीम निगरानी के लिए लगाई गई है। और ग्रामीणों को हिदायत दी गयी है कि नदी के निकट न जाने का प्रयास न करें और अपने पशुओं को भी नदी किनारे न जाने की बात कही है।

## एसडीएम के निरीक्षण में कार्य करते मिले बीएलओ

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। फतेहपुर। विशेष मतदाता अभियान के तहत विकासखंड के अनेकों बूथों पर संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत शिविरो का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम ने सभी बूथों पर पहुंचकर निरीक्षण किया यहां पर मौजूद सभी बीएलओ बूथों पर कार्य करते हुए मिले। संक्षिप्त मतदाता सूची में नाम बढाने, काटने व जोडने का कार्य बीएलओ द्वारा किया जाना था। जिसको लेकर एसडीएम राजेश कुमार विष्वकर्मा व तहसीलदार वैशाली अहलावत ने प्राथमिक विद्यालय जरखा, प्राथमिक विद्यालय मिठवारा, खेरिया व खपुरवा खानपुर के बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान बूथ पर सभी बीएलओ व पदाविहीत कर्मचारी उपस्थित मिले। इस दौरान एसडीएम ने सभी बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा, कि अधिक से अधिक नाम बढाने वाले युवाओं के फार्म भराकर उनके नाम जोडे। खासतौर से महिला मतदाता सूची में किसी भी दशा में छूटने न पाये। और मृतकों के नाम काटने के लिए प्रारूप संख्या सात को भरा जाना अति आवश्यक है।

# कोचिंग से लौट रही दो छात्राओं से मनचलों ने की छेड़छाड़

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी




फतेहपुर। नगर क्षेत्र में शुक्रवार रात पिता के साथ कोचिंग से घर लौट रही छात्रा व उसकी सहेली को रास्ते मे रोक कर बाइक सवार तीन मनचलों ने ने अभद्रता करते हुए बीच सड़क पर छेड़छाड़ शुरू कर दी। जिसका पीछे से आ रहे हैं पिता ने विरोध किया तो उनकी पिटाई कर दी। पिता व दोनों छात्राएं चीख पुकार मचा कर युवकों से भिड़ गए। इस बीच अनेक राहगीरों के आ जाने से तीनों युवक बाइक छोड़ कर भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर पिता की तहरीर पर अज्ञात युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मालूम हो कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की दो बालिकाएं नगर के एक इंटर कालेज में हाईस्कूल व इंटर में पढ़ती है। शुक्रवार को बोर्ड परीक्षा के चलते कालेज में शाम को एक्स्ट्रा क्लासेज़ कर वह अपने पिता के साथ बाइक से अपने घर लौट रही थी। तभी रात करीब 8:30 बजे रास्ते मे रेलवे क्रासिंग के पार बाबा कुटी रोड स्थित भट्ठे के पास पहले से मौजूद तीन बाइकसवार युवकों ने इन्हें जबरन रोक लिया। भुक्त भोगी पिता ने तहरीर में आरोप लगाया है कि हाथ देकर बाइक को रोकने का इशारा किया। बाइक रुकते ही युवकों ने अकारण उनकी पिटाई कर छात्राओं से अभद्रता व छेड़छाड़ के प्रयास शुरू कर दिए। विरोध करने पर गन्दी गन्दी गालियां देकर मारने लगे। इस बीच लोगो की भारी भीड़ एकत्र होने लगी। कुछ राहगीरों व चोटिल पिता ने युवकों को पकड़ने की कोशिश की। खुद को फंसता देख युवकों ने अपनी बाइक संख्या यूपी41 बीजे 9044 छोड़ कर भाग निकले। पिता ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक को कोतवाली ले आयी। पीड़ित पिता द्वारा एक आरोपी की पहचान ग्राम रामनेवाज पुरवा निवासी युवक के रूप में हुई है। इस सम्बन्ध में चौकी प्रभारी हरिश्चंद्र ने बताया, कि अज्ञात युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# राष्ट्रीय लोकदल ने आज कार्यालय पर मीरपुर विधान सभा उपचुनाव में हुई ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया गया

जन एक्सप्रेस । सहारनपुर



पूर्व जिलाध्यक्ष राव केसर सलीम, प्रदेश महा सचिव चौ0धीर सिंह एवं महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकर्ता कोर्ट रोड स्थित जिला कार्यालय पर इकट्ठे हुए और एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा कराते हुए जीत का जश्न मनाया। राव केसर एवं चौधरी धीर सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक जीत सर्व समाज की जीत है। माननीय जयन्त चौधरी जी के भाईचारे का फार्मूला कामयाब हुआ है जब जब जयन्त चौधरी जी चुनाव में उतरे हैं उनके नेतृत्व में सर्व समाज सर्व धर्म ने उनको अपना सहयोग और अपना आशीर्वाद देकर जयंत चौधरी जी के नेतृत्व को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि यह सेमीफाइनल था 27 का और इस चुनाव से यह बात साबित हो गई है कि आज भी राष्ट्रीय लोकदल और माननीय जयन्त चौधरी जी की लोकप्रियता सर्व समाज के अंदर स्वीकार्य है उनका नेतृत्व स्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि 27 में इससे भी ज्यादालोगों का समर्थन हमें प्राप्त होगा।

ऐसा हमें विश्वास है

भूषण चौहान ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौ आसिफ, बिलाल, शौकीन मलिक, मौ इसरान, प्रसन्न चौधरी, अंकुर सिरोही, निधि धीमान, रीना बुशरा, पूनम चौधरी, कविता रानी के साथ-साथ अन्य महिलाएं भी उपस्थित रही।

# सिखों पर चुटकुलो पर सुप्रीम कोर्ट की गंभीरता पर सहारनपुर सिख समाज ने एडवोकेट हरविंदर कौर चौधरी की पहल की सरहाना की

जन एक्सप्रेस । सहारनपुर



भारत की आजादी की जंगो मे, जलियाँ वाले बाग मे, भारत की सीमा सुरक्षा मे, विभाजन के समय सबसे ज्यादा संख्या मे शहीद होने एवं सर्व धर्मों के लोगो के लिए निरंतर लंगर जैसी सुविधा देने वाले और प्राकृतिक एवं मेडिकल इमरजेंसी मे दुनिया जे हर देश मे पहुंच कर हर धर्म के लोगो की हर सम्भव मदद करने वाली मार्शल सिख कौम हास्यपद चुटुकुलो का मुख्य कैरेक्टर बना कर जो लोग सिखों/सरदारों को परिहास का विषय बनाने वाले नासमझ लोगो के चुटकुलो पर रोक लगाने के लिए भारत की प्रसिद्ध एडवोकेट हरविन्दर कौर चौधरी ने सुप्रीम कोर्ट मे एक याचिका दर्ज़ की थी जिसको सुप्रीम कोर्ट से संज्ञान मे लेते हुऐ जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस के वी विश्वनाथन की पीठ बनाई है जिसके द्वारा इस मामले को गंभीरता से लेते हुऐ इस समस्या के उचित हल के लिए मंथन होना शुरू हो गया है इसको रोकने के लिए व्यवहारिक उपाय तलाशने एवं स्कूलों मे शुरू से ही बच्चो को सिख समाज द्वारा सर्व समाजो के लिए सेवा के कार्यों को बता कर सिखों /सरदारों के लिए उनके मन मे आदर सम्मान की भावना जाग्रत करने के लिए उचित कदम उठाने पर किर्यानवन करने पर भी विचार शुरू कर दिया है तांकि इस समस्या का स्थाई हल निकल सके इसी उपलक्ष मे आज सिख युवा संगठन कि एक बैठक गुरुद्वारा रीड पर आयोजित की गयी जिसमे संघठब के संरक्षक सुरेन्द्र मोहन चावला एवं अध्यक्ष एम पी सिंह चावला ने एडवोकेट जसविंदर कौर चौधरी की उस पहल का स्वागत किया और सुप्रीम कोर्ट द्वारा उस याचिका को त्वज्जो देने पर आभार जताया एवं एडवोकेट जसविंदर कौर को इस मुहीम मे पूर्ण रुप से समर्थन देने का आह्वान किया इस मौके पर सिख युवा संघठन के संरक्षक सुरेंद्र मोहन चावला, अध्यक्ष एम पी सिंह चावला, महासचिव गोविंदर सिंह, इक़बाल चावला, देवेंद्र चढ़ा, साहब सिंह, जसविंदर सिंह, सुरेंदर वडेरा, सिकंदरबीर सिंह, हरजीत चावला, गुरजीत मल्होत्रा, हरप्रीत सिंह, सरबजीत सिंह, रूपेंद्र बजाज, जितेंद्र सिंह, पाल चावला आदि रहे

## सामुदायिक रेडियो पर हमारे बुजुर्ग हमारा अभिमान कार्यक्रम शुरू

जन एक्सप्रेस । कन्नौज। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित एवं सामुदायिक रेडियो संगठन द्वारा निर्मित वरिष्ठजनों की योजनाओं को लेकर समर्पित सामाजिक कार्यक्रम 卐हमारे बुजुर्ग हमारा अभिमान卐 का प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने एफएफडीसी सभागार में कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर कन्हैया लाल सरस्वती विद्या मंदिर की छात्राओं एवं आचार्या सुश्री अंजू द्वारा माँ सरस्वती की वन्दना की गई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि असीम अरुण जी का स्वागत वरिष्ठ नागरिक रमाकान्त बाजपेई द्वारा अंग वस्त्र व एक पौधा भेंटकर किया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### डीएम ने की ज़ीरो पावर्टी अभियान की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । कन्नौज। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला स्वच्छ भारत मिशन/जीरो पावर्टी अभियान के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम के विजन को सफल बनाने के लिए जीरो पावर्टी अभियान चलाया गया है। जिसमें गांव के ऐसे अति निर्धन परिवारों के पास कमाने खाने की व्यवस्था, मकान, शौचालय, आयुष्मान हेल्थ कार्ड, ईधन आदि की व्यवस्था नही है। ऐसे परिवारों का चयन कर शासन की सभी योजनाओं से जोड़कर आच्छादित किया जा सकें। उन्होने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि ब्लाकवार सभी इनुमेरटर को अच्छी से ट्रेनिंग दी जाये। ग्रुप इनुमेरटर को एक साथ रखें। पहले सिफ्टवाइज क्लास रुम सेसन करके ट्रेनिंग दे, फिर ग्राम पंचायतवार गांव सेलेक्ट करके घर-घर सर्वे करायें जिससे ट्रेनिंग के साथ-साथ सर्वे क्वालिटी भी अच्छी होगी। सभी इनुमेरटर की अटेन्डेंस और फोटोग्राफी भी करायी जाये। दर्पण पोर्टल के अन्तर्गत आने वाले सभी बिन्दुओ की प्रतिदिन समीक्षा करें और कार्य में तेजी लायें। अधिक से अधिक गावों को ओडीएफ प्लस बनाये जाने पर जोर दें। बैठक में जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, उपायुक्त मनरेगा दिनेश यादव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जेडी जनता इंटर कालेज में मंत्री ने किया सभागार का लोकार्पण

जन एक्सप्रेस । कन्नौज। प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) असीम अरुण ने छिबरामऊ क्षेत्र के अन्तर्गत जे0डी0 जनता इंटर कालेज में पंडित राज किशोर दुबे के 101वें जन्म दिवस के अवसर पर नवनिर्मित सत्यवती सभागार एवं विज्ञान प्रयोगशाला का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने पुरातन छात्र सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह-2024 का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालयों की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना का गान किया गया। इस मौके पर मंत्री असीम अरुण एवं विधायक अर्चना पाण्डेय ने संयुक्त रुप से पुरातन छात्र मोहित दुबे, शैलेन्द्र दुबे, सुमित दुबे, पवन दुबे, अजय सनातनी, अजय चतुर्वेदी, अंकित दुबे आदि तथा प्रतिभा सम्मान अरुण कुमार कक्षा 12 मे प्रथम व आस्था को कक्षा 10 में प्रथम स्थान व हितेन्द्र कुमार अग्निहोत्री, राजेन्द्र प्रसाद स्काउट मास्टर आदि को सम्मानित किया। प्रबंधक इंद्रा दुबे, प्रधानाचार्य ज्ञानेन्द्र चन्द्र दुबे, अध्यक्ष प्रबंधक समिति डा0 प्रकाश चन्द्र तिवारी द्वारा मंत्री व विधायक सहित आये हुये अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन की सरकार

## शिंदे बोले, सीएम तीनों पार्टियां मिलकर तय करेंगी, फडणवीस ने कहा, एक हैं तो सेफ हैं



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र चुनाव रिजल्ट में महायुति ने एक तरफा बढ़त बनाई है। 288 विधानसभा सीटों में भाजपा गठबंधन 230 पर आगे है, जिसमें से 107 सीटों पर जीत मिल चुकी है। 123 पर आगे हैं। वहीं कांग्रेस के नेतृत्व वाले महा विकास अघाड़ी 50 का आंकड़ा भी पार करता नहीं दिख रहा। अभी तक MVA ने 22 सीटें जीत ली है, 24 पर आगे हैं। राज्य में भाजपा गठबंधन की सरकार बनना तय है। मुख्यमंत्री शिंदे और देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि तीनों पार्टी मिलकर तय करेंगी कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। इससे पहले फडणवीस ने सोशल मीडिया पर लिखा था- एक हैं तो सेफ हैं। महायुति में बीजेपी, शिवसेना (एकनाथ शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) शामिल है, जबकि महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और एनसीपी (शरद पवार) है। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों पर 20 नवंबर को वोटिंग हुई थी। 2019 के मुकाबले इस बार 4 प्रतिशत ज्यादा वोटिंग हुई। 2019 में 61.4प्रतिशत वोट पड़े थे। इस बार 65.11प्रतिशत वोटिंग हुई। इस दौरान महायुति के नेताओं के बीच कुछ मजाकिया अंदाज भी देखने को मिला है।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान महायुति नेताओं के बीच कुछ ऐसा संवाद देखने को मिला...

- **एकनाथ शिंदे:** जनता को सब याद था। इस चुनाव में लोगों ने यह ध्यान रखा कि कौन आखिर किस पार्टी का है। (अजित पवार की तरफ इशारा करते हुए) वैसे आपकी कौन सी राष्ट्रवादी से हैं? (ठहाकों के बीच) ...और इनकी पार्टी आखिर किसकी है, लोगों ने यह तय कर लिया।
- **अजित पवार (ठहाकों के बीच):** इसी तरह जनता ने यह भी तो फैसला कर दिया कि शिवसेना आखिर किसकी है।
- **एकनाथ शिंदे:** हमारी 56 सीटें आईं। अमित शाह जी, भूपेंद्र जी, नड्डा जी, राजनाथ सिंह जी हमारे साथ रहे।
- अजित पवार (शिंदे को एक और नाम याद दिलाते हुए)- आठवले साहब भी तो हैं...।
- **एकनाथ शिंदे:** आठवले साहब तो हमारे साथ ही हैं। उनका तो सौ टका स्ट्राइक रेट रहता है।

### 'ये गठबंधन अगले 5 साल तक साथ मिलकर काम करेगा'

वहीं प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने कहा, लड़की बहन योजना हमारे लिए गेम चेंजर साबित हुई। इसने हमारे हर विरोधी को परास्त कर दिया। मैंने अपनी याददाश्त में ऐसी जीत नहीं देखी। हम जीत से विचलित नहीं होंगे, लेकिन इससे हमारी जिम्मेदारी जरूर बढ़ गई है। हमें अब जिम्मेदारी से काम करना होगा। खासकर वित्तीय अनुशासन की जरूरत है, ताकि हम अपने सभी वादे पूरे कर सकें। हम इसके लिए प्रतिबद्ध हैं। जो लोग ईवीएम को दोष दे रहे हैं, उन्हें याद रखना चाहिए कि हम ईवीएम के कारण ही लोकसभा हारे थे और अब हम झारखंड भी ईवीएम के कारण ही हारे हैं। हम बहुत कम अंतर से कुछ सीटें हारे हैं। यह गठबंधन महाराष्ट्र के समग्र विकास के लिए अगले 5 साल तक साथ मिलकर काम करेगा।

# मोदी बोले, महाराष्ट्र ने कुर्सी फर्स्ट को नकारा

## डंके की चोट पर कहा, एक हैं तो सेफ हैं, कोई ताकत 370 वापस नहीं ला सकती

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



महाराष्ट्र चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करने के बाद भाजपा मुख्यालय पहुंचे पीएम मोदी ने कहा- महाराष्ट्र देश का 6वां राज्य है जिसने भाजपा को लगातार तीन बार जनादेश दिया है। गोवा, गुजरात, छत्तीसगढ़, हरियाणा और एमपी में हम लगातार तीन बार जीत चुके हैं। बिहार में भी ह्रष्ठ को तीन बार लगातार जनादेश मिला है। मोदी बोले- महाराष्ट्र ने कुर्सी फर्स्ट वालों को नकारते हुए डंके की चोट पर कहा- एक हैं तो सेफ हैं। अपने 49 मिनट के भाषण की शुरुआत पीएम मोदी ने जय भवानी, जय शिवाजी के नारे के साथ की और समापन भारत माता की जय और वंदेमातरम से किया। मोदी ने अपने भाषण में महाराष्ट्र, कांग्रेस, अर्थव्यवस्था और विकास समेत कई मुद्दों पर बात की। इससे पहले भाजपा मुख्यालय पहुंचने पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्ढा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनका स्वागत किया। जेपी नड्ढा ने कहा- आज का दिन ऐतिहासिक है। इसका श्रेय मोदी को जाता है। जनता ने पीएम मोदी की राष्ट्र सेवा पर मुहर लगाई है। महाराष्ट्र की जनता ने 2019 में भी भाजपा को जनादेश दिया था, लेकिन तब उद्धव ठाकरे की सत्ता की लालच ने जनता के आदेश का अपमान किया था। महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन एकतरफा जीत मिली है। वहीं, कांग्रेस गठबंधन 60 से कम सीटों पर सिमट रहा है। हालांकि, झारखंड झामुमो गठबंधन बढ़त बनाए हुए है। भाजपा गठबंधन पीछे है।

### पीएम ने कहा, भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर रहेगा

मोदी बोले- केवल 10 सालों में हमने भारत को दुनिया की सबसे 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यस्था बना दिया है। वो दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर रहेगा। हम मिलकर आगे बढ़ेंगे। एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे। तो हर लक्ष्य पाकर रहेंगे। इसी भाव के साथ... एक हैं तो सेफ हैं.... भारत माता की जय... वंदे मारतम।

### मोदी बोले, हमें सेवक बनकर देश की सेवा करनी है

पीएम ने कहा, भाजपा का हर कार्यकर्ता देश के विकास में जुटा है। आप विश्वास इसको और मजबूत करता है। हमारे प्रतिनिधि विकास के संकल्प के प्रतिबद्ध हैं। हमें सेवक बनकर देश के हर नागरिक की सेवा करनी है। उन सपनों को पूरा करना है जो देश की आजादी के मतबालों ने भारत के लिए देखे थे। हमें मिलकर विकसित भारत के सपने को साकार करना है।

### मोदी बोले, कांग्रेस का अर्बन नक्सलवाद भारत के सामने चुनौती

पीएम ने कहा- कांग्रेस का परिवार सत्ता के बिना जी नहीं सकता, चुनाव जीतने के लिए लोग कुछ भी कर सकते हैं। दक्षिण में जाकर उत्तर को, उत्तर में जाकर दक्षिण को और विदेश में जाकर देश को गाली देना। हर दिन नया झूठ बोलते रहना, कांग्रेस और उसके परिवार की सच्चाई बन गई है। आज कांग्रेस का अर्बन नक्सलवाद भारत के सामने चुनौती बनकर खड़ा हो गया है। इसका रिमोट देश के बाहर है। इससे बचना जरूरी है। कांग्रेस की हकीकत जानना जरूरी है। मोदी बोले- मैं एक लाख ऐसे युवाओं को बीजेपी में लाना चाहता हूं जिनके परिवार का राजनीति से कोई संबंध नहीं है। ऐसे उम्मीदवारों को आज जनता ने समर्थन दिया है। लोकतंत्र में जय-पराजय चलती रहेगी। चुनाव आएंगे-जाएंगे। भाजपा का ध्येय देश बनाने का है। केवल सरकार का बनाने का नहीं है।

# आध्यात्मिक प्रवक्ता ने मां की तृतीय पुण्य तिथि कुष्ठाश्रम के वंचित मरीजों के साथ मनाई

- कुष्ठाश्रम में रह रहे सभी वंचितजनों का माल्यार्पण कर किए वस्त्र प्रदान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जयपुर**



खगुल कृष्ण अध्यात्म परिकर के तत्वावधान में गलता घाटी रोड स्थित सार्थक मानव कुष्ठाश्रम् में अध्यात्मिक प्रवक्ता खगुल कृष्ण भारद्वाज की पूज्य माताजी की तृतीय पुण्य तिथि के अवसर पर आश्रम में रह रहे वंचितों के मध्य उनको दैनिक उपभोग की वस्तुएं प्रदान करके अध्यात्मिक प्रवक्ता ने अपने परिजनों के संग अपनी पूज्य माताजी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। पूज्य माताजी की तृतीय पुण्य तिथि पर जयपुर के गलता घाटी रोड पर स्थित सार्थक मानव कुष्ठाश्रम् में रह रहे जरूरतमंदों के बीच सपरिवार जाकर यथोचित उपभोगी वस्तुएं ( साड़ियां ,कंबल, वस्त्र, आदि) प्रदान कर पूज्य माताजी की पुण्य तिथि पर उनको किया नमन। इस अवसर पर अध्यात्मिक प्रवक्ता खगुल कृष्ण भारद्वाज ने पूज्य माताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि आज पुण्य तिथि पर हमने सोचा जिन वंचितों के बीच हर कोई जाना नहीं पसंद करता इस पर हमको दैवीय प्रेरणा से हमने उनके बीच जाकर पूज्य माताजी की पुण्य तिथि के दिन माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करें। इस अवसर पर कुष्ठाश्रम के सभी महिला पुरुष वंचितों का माल्यार्पण किया। सभी को मालाएं पहनाकर वंचित जनों का सम्मान किया। इस मौके पर पूज्य माताजी के प्रिय पौत्र अर्णव भारद्वाज ने सभी को प्रसादी(चना चिरौंजी) देकर सभी का आशीर्वाद ग्रहण किया। पूज्य माताजी की पुण्य तिथि पर पुत्र खगुल कृष्ण भारद्वाज व पुत्रवधू रीता पाठक ने वहां उपस्थित सभी जनों के मध्य दो मिनट का मौन रख अपनी पूज्य माताजी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

# एमपी-राजस्थान के 18 शहरों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे

- हिमाचल में बर्फबारी का अलर्ट, 9 राज्यों में कोहरा, कश्मीर में बर्फबारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर**

देश के उत्तरी राज्यों के साथ अब मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी ठंड का असर बढ़ता जा रहा है। शनिवार को राजस्थान और मध्य प्रदेश के 18 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। इसमें राजस्थान के 9 और मध्य प्रदेश के 9 शहर हैं। उधर, जम्मू-कश्मीर के बाद अब हिमाचल प्रदेश में भी बर्फबारी का दौर शुरू होने वाला है। मौसम विभाग ने कहा है कि चंबा, कांगड़ा, लाहौल स्पीति और कुल्लू जिले में आज बर्फ गिर सकती है। बारिश-बर्फबारी से पहले ही प्रदेश के 4 शहरों का तापमान माइनस में चला गया है। लाहौल स्पीति के ताबो का न्यूनतम तापमान माइनस 8.7 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया है। समदो में माइन 1.3 डिग्री, कुकुमसैरी 4.1 डिग्री और केलांग का न्यूनतम तापमान 2.0 डिग्री तक गिर चुका है। सर्दी के अलावा देश के 9 राज्यों में घने कोहरे का भी अलर्ट जारी किया गया है। जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में बर्फबारी में देखने को मिली है।

# शिल्पकला छोटी उम्र में सीखी जाती है: निर्मला

- महारत हासिल करने के लिए जरूरी, हमें पश्चिमी देशों के कहे पर ध्यान नहीं देना चाहिए

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बेंगलुरू**



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हम हजारों सालों से प्रोडक्ट मैन्यूफैक्चरिंग कर रहे हैं। लेकिन शोषण की बात कभी नहीं आई। वित्त मंत्री का ये जवाब उस बयान पर आया जिसमें विदेशी खरीददारों ने कहा है कि भारत में बच्चों से कालीन बनवाए जाते हैं। इसलिए भारत से कालीन नहीं खरीदे जाएंगे। उन्होंने कहा कि कालीन बनाना ट्रेडिशनल इंडस्ट्री है। देश में कई परिवार बच्चों को शिल्पकार बनाने में लगे हैं। वो भी उनकी स्कूली शिक्षा प्रभावित किए बिना। क्योंकि जब तक शिल्पकला छोटी उम्र में नहीं सीखी जाती, तब तक कोई भी शिल्पकार इसमें महारत हासिल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि अगर हम %ब्रांड इंडिया% बनाना चाहते हैं तो हमें अपने सही फैसलों पर पश्चिमी देशों के कहे पर ध्यान नहीं देना चाहिए। उन्होंने ये बात शुक्रवार को बेंगलुरु में आयोजित इंडिया आइडिया कॉन्क्लेव 2024 में कही।

### सुश्रुत संहिता जैसे प्राचीन ग्रंथ भारत के ब्रांड

सीतारमण ने कहा- लोगों को ये बताने की जरूरत है कि विज्ञान के क्षेत्र में भारत की ताकत प्राचीन काल से ही अटूट है। भारत के पास ज्ञान का भंडार है। इसके श्रेय सुश्रुत संहिता जैसे प्राचीन ग्रंथों को जाता है। ये प्राचीन भारत के ब्रांड हैं, जिनका जिक्र हम आज भी करते हैं। उन्होंने कहा कि एक बेहतर भारत की कल्पना करते हुए हमारे मंदिरों और टूरिस्ट सेंटर्स की वेल्यू अभी की तुलना में बहुत ज्यादा होनी चाहिए। हमें बेहतर सेवा, बेहतर खानपान, बेहतर टूरिस्ट गाइड और बेहतर अनुभव की आवश्यकता है।

### ब्रांड इंडिया बनाने के लिए इन चीजों को बदलना होगा

सीतारमण के मुताबिक, पश्चिमी देशों के वोकल फॉर लोकल बनने से बहुत पहले ही भारत ऐसा कर रहा था। उन्होंने लियो टॉलस्टॉय का हवाला दिया और कहा- हमेशा से भारतीयों ने खुद को पश्चिम देशों के आदेश का गुलाम बनाया। ब्रांड इंडिया बनाने के लिए हमें अपनी जीवनशैली और सोच को बदलना होगा।

# 25 नवंबर से संसद का शीत सत्र

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू हो रहा है। यह पिछले 10 साल में सबसे आक्रामक हो सकता है। मगर, इसमें सत्ता पक्ष का दबदबा रहेगा या विपक्ष का, यह शनिवार को आ रहे महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के नतीजों से तय होगा। अगर नतीजों से भाजपा को झटका लगा तो केंद्र सरकार के लिए विपक्ष के साथ ही सहयोगी दलों को साधना भी बड़ी चुनौती हो सकती है। यही नहीं, 2025-26 का बजट भी दो महीने बाद फरवरी में आना है। इसके अलावा, ये नतीजे 2025 में बिहार-दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनावों पर भी असर डाल सकते हैं। बिहार में भाजपा का सियासी भविष्य नीतीश कुमार के हाथों में है। अडाणी मुद्दे पर कांग्रेस जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की मांग उठा चुकी है। मणिपुर में फिर हिंसा भड़कने और वहां पीएम के नहीं जाने से सरकार पहले से ही बचाव की मुद्रा में है।

# दिल्ली में प्रदूषण फिर गंभीर, एक्यूआई-467 पर पहुंचा

## पर्यावरण मंत्री चीफ सेक्रेटरी से बोले, प्रतिबंधों का सख्ती से पालन हो, पर्सनली मॉनिटर करें

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली 5 दिन बाद शुक्रवार शाम को फिर गैस चैंबर में तब्दील हो गई। शनिवार सुबह 6 बजे भी दिल्ली के 9 इलाकों में प्रदूषण गंभीर कैटेगिरी में रिकॉर्ड किया गया। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के मुताबिक, दिल्ली के वजीरपुर में हवा सबसे ज्यादा जहरीली है। यहां का एक्यूआई 467 दर्ज किया गया। वहीं, दिल्ली का औसत एक्यूआई 419 रिकॉर्ड किया गया। बढ़ते प्रदूषण को लेकर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी को ग्रेप-4 के प्रतिबंध सख्ती से लागू कराने के लिए पत्र लिखा। उन्होंने कहा कि चीफ सेकेटरी को पर्सनल लेवल पर मॉनिटरिंग करनी चाहिए। पत्र में उन्होंने लिखा- दिल्ली के सभी विभागों को ग्रेप-4 को लेकर रोज रिपोर्ट जारी करनी चाहिए। इससे उन इलाकों की पहचान करने में मदद मिलेगी, जहां ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

### गोपाल एंट्री पॉइंट पहुंचे, ग्रेप-4 प्रतिबंध का निरीक्षण किया

उधर, ट्रकों की एंट्री रोक न पाने पर दिल्ली सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को फटकार लगाई थी। इसके बाद दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय शुक्रवार देर रात सिंघु बॉर्डर पहुंचे और ट्रकों को रोका जा रहा है या नहीं, इसकी जांच की। गोपाल राय ने बताया कि हर दिन 135 से 165 ट्रक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, लेकिन उन्हें दिल्ली में एंट्री करने से रोका जा रहा है। गोपाल राय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज देर रात, नरेला/सिंघु बॉर्डर पर पहुंचकर ग्रेप-4 के क्रियान्वयन की जांच की। हमें शिकायतें मिली थीं कि बगैर अनुमति के कुछ वाहनों को दिल्ली में प्रवेश करने दिया जा रहा है।

### केंद्र सरकार पराली जलाने वाले इलाकों के आकलन के लिए प्रोटोकॉल बनाएगी

उधर, प्रदूषण को लेकर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इसमें केंद्र सरकार की ओर से पेश एडिशनल सॉलीसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि केंद्र सरकार पराली जलाने के बाद जले क्षेत्रों के आकलन के लिए प्रोटोकॉल बना रही है। इसमें एक्सपर्ट्स की मदद ली जा रही है। हरियाणा और पंजाब भी समिति में होंगे। उन्होंने भारत में पराली जलाने के मामले में विदेशी सैटेलाइट डेटा पर आपत्ति जताई। कहा- इसरो के मुताबिक विदेशी उपग्रह का डेटा भारत में मान्य नहीं है। इस पर कोर्ट ने कहा कि सरकार को सटीक डेटा देने वाली मशीनरी विकसित करनी होगी।

### 'क्लाउड सीडिंग दिल्ली में कारगर नहीं'

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कहा है कि उत्तर भारत के प्रदूषण पर काबू पाने के इमरजेंसी उपाय के तौर पर कृत्रिम बारिश यानी क्लाउड सीडिंग कारगर नहीं होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि क्लाउड सीडिंग के लिए हवा में पर्याप्त नमी नहीं है। इसके अलावा क्लाउड सीडिंग के लिए पहले से मौजूद बादलों पर निर्भरता होती है। आईआईटी कानपुर ने सीपीसीबी को दिल्ली के प्रदूषण पर काबू पाने के लिए क्लाउड सीडिंग कराने का प्रस्ताव दिया था। इसका खुलासा एक आईटीआई एक्टिविस्ट अमित गुप्ता की इंक्वायरी में हुआ है।

# मणिपुर हिंसा: 7 जिलों में लगा इंटरनेट बैन और बढ़ाया

## विधायकों के घर पर हमले मामले में अबतक 34 गिरफ्तार, सुरक्षाबलों की 288 कंपनियां तैनात

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंफाल**



मणिपुर सरकार ने 7 जिलों में मोबाइल इंटरनेट सर्विस पर लगी रोक को दो दिन के लिए और बढ़ाया गया। इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, बिष्णुपुर, थौबल, चुराचांदपुर और कांगपोकपी जिलों में 16 नवंबर को पहले दो दिन के लिए इंटरनेट सर्विस बैन की गई थी। मणिपुर में हिंसा लगातार जारी है। इसी को ध्यान में रखते हुए बैन को लगातार बढ़ाया जा रहा है। गृह विभाग ने नोटिस जारी किया है। इससे पहले 19 नवंबर को सरकार ने ब्रॉडबैंड सर्विस से बैन हटाया था। जिससे स्कूल-कॉलेजों, अस्पतालों, सरकारी ऑफिसों के काम नहीं रुकें। वहीं, 16 नवंबर को विधायकों के घरों में तोड़फोड़-आगजनी के मामले में 2 और लोग गिरफ्तार किए गए। पुलिस ने अबतक 34 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक और भी लोगों की तलाश की जा रही है। इसके लिए इंफाल घाटी में सर्चिंग जारी है। 11 नवंबर को जिरिबाम में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 10 कुकी-जो उग्रवादियों को मार गिराया था। इसके बाद मैतेई समुदाय की तीन महिला और तीन बच्चे किडनैप हुए थे। इसके बाद से ही 7 जिलों में हिंसा जारी है। किडनैप हुई महिलाओं और बच्चों के शव मणिपुर की जिरी नदी और असम के कछार में बराक नदी में मिले थे।

### सुरक्षा में सीएपीएफ की 288 कंपनियां तैनात

मणिपुर की सुरक्षा में सेंट्रल आर्म्ड फोर्स की 288 कंपनियां तैनात की गई हैं। शुक्रवार को 90 और कंपनियों को तैनात किया गया। मणिपुर के चीफ सिक्योरिटी एडवाइजर कुलदीप सिंह ने कहा था कि कंपनियों को अलग-अलग जगह भेजा जा रहा है। मणिपुर में सीआरपीएफ-एसएसबी असम राइफल, आईटीबीपी सहित दूसरी आर्म्ड फोर्स की कंपनियां तैनात हैं। चीफ सिक्योरिटी एडवाइजर कुलदीप सिंह ने कहा था कि हमने पुख्ता इंतजाम किए हैं। हर जिले में नए कोऑर्डिनेशन सेल और जॉइंट कंट्रोल रूम तैयार किए जाएंगे। हमने उन सेल और और जॉइंट कंट्रोल रूम का रिव्यू किया है जो पहले से मौजूद हैं।

### मणिपुर में दोबारा हालात क्यों बिगड़े

- **11 नवंबर:** सुरक्षाबलों ने जिरिबाम में 10 कुकी उग्रवादियों को मार गिराया था। मुठभेड़ के दौरान कुकी उग्रवादियों ने 6 मैतेई (3 महिलाओं, 3 बच्चों) को किडनैप किया था।
- **15-16 नवंबर:** किडनैप हुए छह लोगों में से पांच के शव बरामद हुए।
- **16 नवंबर:** सीएम एन बीरेन सिंह और भाजपा विधायकों के घरों पर हमले हुए थे। वहीं, कुछ मंत्रियों सहित भाजपा के 19 विधायकों ने सीएम बीरेन सिंह को हटाने की मांग करते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र लिखा
- **17 नवंबर:** रात में जिरिबाम जिले में पुलिस की गोली से मैतेई प्रदर्शनकारी की मौत हो गई थी, जिसके बाद से हालात और बिगड़ गए। सीआरपीएफ के डीजी अनीश दयाल सिंह 17 नवंबर को हिंसा का जायजा लेने के लिए मणिपुर पहुंचे।
- **18 नवंबर:** अगवा हुई आखिरी महिला का शव मिला।

### विधायक के घरों से लूटे डेढ़ करोड़ के जेवर

विधायकों के घरों पर हमले के दौरान 1.5 करोड़ रुपए के जेवर लूटे जाने की बात सामने आई। जेडीयू विधायक के. जॉयकिशन सिंह की मां ने पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज कराई। तोड़फोड़ करने वाली भीड़ ने थांगमेइबंद इलाके में विधायक के आवास से 18 लाख रुपए नकद भी लूटी थी। विस्थापितों के लिए रखा सामान भी नष्ट किया था। रिलीफ कैंप की वॉलंटियर सनयाई ने दावा किया कि हिंसा के दौरान लॉकर, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान और फर्नीचर में तोड़फोड़ की गई। भीड़ 7 गैस सिलेंडर ले गई। विस्थापितों के दस्तावेज नष्ट कर दिए। तीन एसी ले जाने की भी कोशिश की।

### एनपीपी बोली, मणिपुर सीएम को हटाएं तभी समर्थन देंगे

मणिपुर में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस लेने वाली नेशनल पीपुल्स पार्टी ने कहा है कि यदि भाजपा मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को हटाती है तो पार्टी अपने फैसले पर दोबारा विचार कर सकती है। एनपीपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युमनाम जॉयकुमार सिंह ने कहा- बीरेन सिंह राज्य में शांति लाने में पूरी तरह विफल रहे हैं। यही कारण है कि एनपीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया। हालांकि, समर्थन वापस लेने का मणिपुर सरकार पर कोई असर नहीं पड़ा, क्योंकि 60 सदस्यों वाले सदन में बीजेपी के पास 32 विधायकों के साथ पूर्ण बहुमत है। नगा पीपुल्स फ्रंट और जेडीयू भी सत्तारूढ़ गठबंधन में हैं।

### मंत्री एल सुसींद्रो ने घर को कंटीले तारों से कवर किया

16 नवंबर को मुख्यमंत्री बीरेन सिंह और 17 विधायकों के घर हमले हुए थे। राज्य के मंत्री एल सुसींद्रो के घर को भी निशाना बनाया गया था। सुसींद्रो ने इंफाल ईस्ट स्थित अपने घर को कंटीले तारों और लोहे के जाल से कवर किया है। उन्होंने कहा- संपत्ति की रक्षा करना हमारा संवैधानिक हक है। अगर भीड़ ने फिर हमला किया तो इसका जवाब दिया जाएगा। सुसींद्रो ने कहा था कि मई से यह तीसरी बार है, जब मेरी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। इस बार करीब 3 हजार लोग घर के बाहर जुट गए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फ़ोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)